नई दिल्ली
मंगलवार, 22 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 07
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 39
न्यून. 21

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

पृथ्वी दिवस आज

Learners to Leaders

Nurtured by ALLEN

Result: JEE Main 2025

ALLEN JEE Main 2025 results validated by
Official result validator
EY

11 Students in Top 25 AIR

20 State Toppers

33 Students in Top 100 AIR



Online Test Series & DLP Course Champions



ALLEN DELHI Champions

16 Classroom Students in Top 1000 AIR

As per result compiled till 19 April 2025 (07:00 PM)

ADMISSIONS OPEN DELHI NCR

NEET (UG) | JEE (Main+Adv.) | Olympiads
Class 8th to 12th & 12th Pass

NEW BATCHES FROM 22 APRIL ONWARDS

For test dates & course start dates visit allen.ac.in/delhi or nearest center.

SIGN-UP FOR **ASAT** (Scholarship Test)

TEST DATES: 27 April & 04 May

GET UP TO 90 % SCHOLARSHIP*

For Direct Admission — Visit Your Nearest ALLEN Center.

*Subject to the scholarship rules and the T&Cs.

ALLEN

ALLEN Delhi Centre
95136 85900 allen.ac.in/delhi

ALLEN Kota Center
0744-3556677 allen.ac.in

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses. DLP: Distance Learning Program.

इस बार भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने, आप ने नहीं किया नामांकन

महापौर और उपमहापौर पद के लिए पार्षदों ने किया नामांकन पत्र दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के महापौर और उप महापौर पदों के लिए सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किए। बता दें कि सोमवार को नामांकन भरने की अंतिम तिथि थी। भाजपा और कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों ने औपचारिक रूप से चुनावी दौड़ में प्रवेश किया, जबकि आम आदमी पार्टी (आप) ने किसी भी पद के लिए उम्मीदवार नहीं उतारे। बता दें कि यदि कांग्रेस पार्टी के पार्षद नामांकन नहीं भरते तो भाजपा की निर्विरोध जीत मानी जाती। चूंकि इस बार कांग्रेस पार्टी ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं तो भाजपा-कांग्रेस के पार्षद आमने-सामने हो गए हैं। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद योगेंद्र चंदोलिया, कमलजीत सहरावत, जोन चैयरमैन योगेश कुमार वर्मा, पवन सहरावत, संदीप कपूर और वरिष्ठ पार्षद डॉ अमित नागपाल आदि मौजूद रहें।

भाजपा की ओर से वरिष्ठ नेता राजा इकबाल सिंह ने महापौर पद के लिए और जय भगवान यादव ने उप महापौर पद के लिए नामांकन दाखिल किया। बता दें कि राजा इकबाल सिंह वर्तमान में दिल्ली नगर निगम में विपक्ष के नेता हैं और मुखर्जी नगर, वार्ड संख्या-13 से पार्षद हैं। जय भगवान यादव बेगमपुर, वार्ड संख्या-27 से पार्षद हैं। इन दोनों भाजपा नेताओं ने विपक्ष में रहते हुए सत्ता पक्ष को सच्चाई का आईना दिखाते हुए जनहित में सदन में मांग उठाई थी और भाजपा की मांगों के चलते निगम सदन में हंगामा भी होता रहता था।

कांग्रेस पार्टी की तरफ से मनदीप सिंह ने महापौर और अरीबा खान ने उप महापौर पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। मनदीप सिंह नांगलोई, वार्ड संख्या-47 से और अरीबा खान अबुल फज़ल एन्क्लेव, वार्ड संख्या-188 से पार्षद हैं। महापौर और उपमहापौर मेयर के पदों के लिए चुनाव 25 अप्रैल को दिल्ली नगर निगम की आम सभा की बैठक के दौरान संपन्न होंगे।

ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार से हताश है आप नेतृत्व : सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली में पहली बार सातों लोकसभा सांसदों के साथ केंद्र, विधानसभा एवं नगर निगम में भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार आने वाली है और आप नेतृत्व इसी से नाराज है, हताश है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सोमवार को आप नेतृत्व को लेकर यह बातें कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली को शीघ्र भाजपा का महापौर मिलेगा, ट्रिपल इंजन की सरकार मिलेगी और सुचारू निगम सेवाएं पुनः प्रारम्भ होंगी। सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली नगर निगम चुनाव ना लड़ने की आम आदमी पार्टी की घोषणा कोई राजनीतिक त्याग नहीं बल्कि निश्चित हार की पूर्व स्वीकृति है।

दिल्ली की हर समस्या का समाधान रहेगी प्राथमिकता : राजा इकबाल

महापौर पद के उम्मीदवार राजा इकबाल सिंह ने नामांकन पत्र भरने के बाद कहा कि दिल्ली की हर समस्या का समाधान करना हमारी प्राथमिकता रहेगी। हमारी प्राथमिकता दिल्ली की साफ सफाई को लेकर कार्य करने की है। मानसून के दौरान जलभराव की दिक्कतों को दूर करने नालियों से गाद निकालने की लगातार समीक्षा होगी। दिल्ली के लोगों को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए काम होगा। विभिन्न स्थानों पर मौजूद कूड़े को हटाने का कार्य सुनिश्चित करेंगे। कूड़े के पहाड़ को कम करने के लिए प्रयास तेज करेंगे। दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाएंगे। दिल्ली को हरा भरा बनाने के लिए पार्कों में हरियाली को बढ़ाएंगे। पार्कों के रखरखाव को लेकर लगातार काम होगा। पार्कों की बदहाली को दूर करेंगे। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली में व्यापारियों के लिए लाइसेंस को लेकर हो रही समस्याओं को खत्म करने के लिए योजना के तहत कार्य करेंगे। इसमें प्राथमिकता रहेगी कि इंस्पेक्टर राज को निगम में खत्म करेंगे। निगम के स्वास्थ्य व्यवस्था को बढ़ाया जाएगा। इसके लिए निगम के सभी अस्पतालों में सुविधाओं को और भी बेहतर किया जाएगा। साथ ही, निगम के प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था को बेहतर करने के लिए योजना बनाएंगे। विद्यालयों में छात्रों को विभिन्न सुविधाएं लगातार उपलब्ध होगी।

सभी कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करेंगे : जय भगवान

भाजपा के उप महापौर पद के उम्मीदवार जय भगवान यादव ने कहा कि सभी कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करेंगें। पार्कों और कूड़े की समस्याओं को दूर करने के लिए योजना बनाएंगे। साथ ही, बेलगाम अधिकारियों पर लगाम लगाने का काम भी करेंगे। जहां भी सफाई और अन्य कर्मचारियों की कमी है, उसे दूर करेंगे।

हम एक अच्छे विपक्ष की भूमिका निभाएंगे : नाजिया दानिश

निगम में कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश ने कहा कि हमने मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाते हुए नामांकन दाखिल किया। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता के हित के लिए कोई काम नहीं किया। यमुना की सफाई, दिल्ली में कूड़े की सफाई, स्थाई समिति के गठन जैसे मुद्दों पर वे विफल रहे। उन्होंने पहले ही हार मानी। हम एक अच्छे विपक्ष की भूमिका निभाएंगे।

दिल्ली में मेयर का चुनाव नहीं लड़ेगी 'आप': भारद्वाज

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी आगामी 25 अप्रैल को होने जा रहे मेयर का चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया है। पार्टी ने तय किया है कि वह इस बार मेयर चुनाव में अपना प्रत्याशी नहीं उतारेगी। इस बाबत 'आप' दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा अपना मेयर बना ले। अपनी स्टैंडिंग कमेटी बनाकर बिना कोई बहाने बनाए दिल्ली में ट्रिपल इंजन की सरकार चलाए और दिल्लीवालों से किए अपने सारे वादे पूरे करे। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली के अंदर जलभराव, कूड़े के पहाड़, सड़कों-गलियों की साफ-सफाई, ट्रैफिक जाम, कानून व्यवस्था, कत्ल, फिरौती व रेप की घटनाओं, टूटी सड़कों, बिजली, पानी का न आना या स्कूलों में फीस वृद्धि समेत सभी समस्याओं के लिए भाजपा जिम्मेदार है। दिल्ली के लोग अपनी समस्याएं लेकर भाजपा के पास जाएं। हमें पूरा यकीन है कि एक महीने में भाजपा दिल्ली व पूरे देश में एक्सपोज हो जाएगी। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को नेता विपक्ष आतिशी के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि हम पिछले कई सालों से दिल्ली में सत्ता को लेकर भाजपा की निराशा देख रहे हैं। 9 मार्च 2022 को राज्य चुनाव आयोग ने कहा कि शाम पांच बजे दिल्ली नगर निगम के चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा की जाएगी। केंद्र सरकार ने शाम पांच बजे से पहले राज्य चुनाव आयोग की एमसीडी चुनाव की घोषणा को लेकर की जाने वाली प्रेस कांफ्रेंस को रुकवा दी।

2020 दिल्ली दंगा मामला

अदालत ने कपिल मिश्रा के खिलाफ आगे की जांच पर रोक सात मई तक बढ़ाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगा मामले में कानून मंत्री कपिल मिश्रा की कथित भूमिका की आगे की जांच पर रोक सोमवार को सात मई तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने यह आदेश तब पारित किया जब उन्हें सूचित किया गया कि नौ अप्रैल को कुछ प्रतिवादियों को अदालत द्वारा जारी नोटिस की तामील नहीं हो सकी। मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश के खिलाफ मंत्री द्वारा दायर आवेदन पर न्यायाधीश ने नौ अप्रैल को मिश्रा के खिलाफ जांच पर 21 अप्रैल तक रोक लगा दी थी। न्यायाधीश बावेजा ने नौ अप्रैल को इलियास और अन्य को नोटिस जारी किया और उन्हें 21 अप्रैल तक जवाब देने का निर्देश दिया था। मिश्रा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पी. के. दुबे और दिल्ली पुलिस की ओर से विशेष लोक अभियोजक अमित प्रसाद पेश हुए। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) वैभव चौरसिया ने एक अप्रैल को कहा कि प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध का पता चलता है जिसकी जांच की जरूरत है। मजिस्ट्रेट ने कहा कि यह स्पष्ट है कि मिश्रा कथित अपराध के समय इलाके में मौजूद थे। आगे की जांच की जरूरत है। मजिस्ट्रेट यमुना विहार निवासी मोहम्मद इलियास की याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें मिश्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया गया था। दिल्ली पुलिस ने इस कदम का विरोध करते हुए कहा था कि दंगे में मिश्रा की कोई भूमिका नहीं थी।

हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

शुद्धिपत्र

उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने माध्यमिक शिक्षा विभाग, हरियाणा में विज्ञा. सं. 26/2023 के तहत शेष हरियाणा कैडर के लिए कम्प्यूटर साइंस विषय में पोस्ट ग्रेजुएट टीचर्स के 1633 पदों और विज्ञा. सं. 36/2023 के तहत मेवात कैडर के 78 पदों को विज्ञापित किया था। आयोग ने सभी पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र आमंत्रण के लिए पोर्टल को पुनः खोलने का निर्णय लिया है। उम्मीदवारों को एतद द्वारा ऑनलाइन लिंक अर्थात http://hpsc.gov.in के माध्यम से आवेदन करने का परामर्श दिया जाता है। लिंक 28.04.2025 से और 02.05.2025 को अप. 5.00 बजे तक उपलब्ध होगा।

विस्तृत योग्यता और शुद्धिपत्र के नियम एवं शर्तें आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध है।

हस्ता/- उप सचिव
दिनांक : 21.04.2025 हरियाणा लोक सेवा आयोग
संवाद-1156/13/317/2026/34077/88/7 दि. 21.04.25 पंचकूला

खबर संक्षेप

देव राणा ने अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में जीता सिल्वर पदक

हरिभूमि न्यूज,नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम दिल्ली के कुतुब गढ़ गांव निवासी पहलवान देव राणा ने राजस्थान के कोटा में आयोजित अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में सिल्वर पदक हासिल किया है। रेसलिंग फेडेरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में देव राणा के द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर दिल्ली देहात में खुशी का माहौल है। 86 किलोग्राम भार वर्ग में कुश्ती लड़े देव राणा इससे पहले भी कई नामचीन प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं।

तीन फैक्टरियों में लगी आग, कोई हताहत नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली। उत्तर पश्चिमी दिल्ली के लॉरेंस रोड औद्योगिक क्षेत्र में स्थित तीन फैक्टरियों में सोमवार सुबह आग लग गई जिसके बाद अधिकारियों ने दमकल की 20 गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, फैक्टरियों में आग लगने की इन घटनाओं में कोई हताहत नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि एक फैक्टरी में कार्डबोर्ड पैकेजिंग सामग्री बनती थी, दूसरी में जूते और तीसरी फैक्टरी में मोजे बनते थे। डीएफएस के एक अधिकारी ने बताया कि लॉरेंस रोड के केपीएम इलाके में स्थित एक फैक्टरी में आग लगने की सूचना सुबह करीब सात बजकर 20 मिनट पर मिली। उन्होंने कहा, ₹शुरू में दमकल की 14 गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गईं तथा बाद में छह और गाड़ियां भेजी गईं। आग बुझाने का काम पूर्वाह्न 11 बजकर 20 मिनट तक जारी रहा। अधिकारी ने बताया कि आग ने तीन फैक्टरियों को अपनी चपेट में ले लिया। आग पर काबू पा लिया गया है। अधिकारी ने बताया कि आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। मामले की विस्तृत जांच की जाएगी।

दोषसिद्धि के बाद न्यायाधीश को धमकी देने के मामले को अदालत ने संज्ञान में लिया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक सेवानिवृत्त सरकारी शिक्षक ने एक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद गुस्से में आकर, खुली अदालत में न्यायाधीश को अपशब्द कहे तथा परेशान किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवानी मंगल ने दो अप्रैल के आदेश में दर्ज किया कि उन्होंने 63 वर्षीय व्यक्ति को पराक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 (चेक अमान्य होने का मामला) के तहत दोषी ठहराया, जिसके बाद वह व्यक्ति खुली अदालत में न्यायाधीश पर भड़क उठा कि दोषसिद्धि का फैसला कैसे पारित किया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि व्यक्ति ने खुली अदालत में न्यायाधीश को असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया और उन्हें परेशान करना शुरू कर दिया तथा न्यायाधीश की मां के खिलाफ टिप्पणियां की। आदेश में कहा कि अभियुक्त के हाथ में कोई वस्तु थी, और उसने उसे न्यायाधीश पर फेंकने की कोशिश की, और उसने अपने वकील को आदेश दिया कि वह उसके पक्ष में निर्णय लेने के लिए कुछ भी करे। आदेश में कहा गया कि दोषी और उसके वकील दोनों ने न्यायाधीश को परेशान किया।

आदेश में बताया गया कि दोषी ने कहा कि तू है क्या चीज...कि तू बाहर मिल देखते हैं कैसे जिंदा घर जाती है? न्यायाधीश ने अपने आदेश में कहा कि इसके बाद, उन दोनों ने मुझे नौकरी से इस्तीफा देने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान किया और फिर से उन दोनों ने मुझे आरोपी को बरी करने के लिए परेशान किया, अन्यथा वे मेरे खिलाफ शिकायत दर्ज करेंगे और जबरन मेरा इस्तीफा दिलवाएंगे। आदेश में आगे कहा कि फिर भी, अधोहस्ताक्षरी (न्यायाधीश) सभी बाधाओं के खिलाफ खड़ी हैं और हमेशा न्याय के पक्ष में आवश्यक कदम उठाती हैं। अधोहस्ताक्षरी इस तरह की धमकी और उत्पीड़न के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग, दिल्ली के समक्ष आरोपी के खिलाफ उचित कदम उठाएंगी। न्यायाधीश ने दोषी के वकील अतुल कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी कर लिखित में उनके आचरण की व्याख्या करने को कहा तथा यह भी बताने को कहा कि उन्हें आपराधिक अवमानना की कार्रवाई का सामना करने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय क्यों नहीं भेजा जाए। इसके बाद मामले की अगली सुनवाई पांच अप्रैल को हुई।

कुमार पांच अप्रैल को अपराह्न करीब दो बजे अदालत में पेश हुए और कहा कि दोषी एक सेवानिवृत्त सरकारी शिक्षक है, जो अपने तीन आश्रित बेटों के साथ पेंशन पर जीवन यापन कर रहा है। इसके बाद अदालत ने पराक्रम्य लिखत अधिनियम मामले में उसे एक वर्ष 10 माह कैद की सजा सुनाई और 6.65 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। दोषी ने अपील दायर करने की याचिका दायर की, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया।

दोषी और उसके वकील के दुर्व्यवहार पर अदालत ने कहा कि इस मामले को दक्षिण-पश्चिम द्वारका के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को भेजा जाए, ताकि दो अप्रैल के आदेश के अनुसार उचित कार्यवाही करने के लिए इसे दिल्ली उच्च न्यायालय को भेजा जा सके।

60 ग्राम कोकीन सहित दो गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पुलिस ने दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली में लहसुन की फली जैसे दिखने वाले पॉलीथीन के पैकेट में छिपाई गई लगभग 60 ग्राम कोकीन बरामद की और इस सिलसिले में नाइजीरिया के एक नागरिक समेत दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान अंकित कुमार (25) और चिमेजी फैबिय चिडोलु उर्फ फैबियन (29) के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि वे कथित तौर पर रहमान उर्फ रेमंड के निर्देशों पर काम कर रहे थे। अधिकारी के अनुसार, रहमान को मादक पदार्थ की आपूर्ति करने वाले गिरोह का प्रमुख व्यक्ति माना जाता है। वे एक विदेशी फोन नंबर के माध्यम से यह काम कर रहे थे। सरोजिनी नगर थाने की एक टीम 14 अप्रैल की रात लीला होटल गोल चक्कर के पास नियमित गश्त पर थी कि तभी उसने एक सफेद कार को चौकी की ओर आते देखा। अधिकारी ने बताया कि रुकने का इशारा किए जाने पर चालक ने कथित तौर पर भागने की कोशिश की लेकिन उसे पकड़ लिया गया। उन्होंने कहा कि वाहन की तलाशी लेने पर इसमें से छिपाकर रखी गई लहसुन की फली जैसी दिखने वाली 25 पॉलिथीन मिलीं। पुलिस ने बताया कि जांच करने पर इस पदार्थ के कोकीन होने का पता चला जिसका वजन 34 ग्राम था। इसने कहा कि वाहन चालक की पहचान अंकित कुमार के रूप में हुई है और उसके खिलाफ स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मादक पदार्थ की तस्करी में कथित तौर पर इस्तेमाल की गई कार को भी जब्त कर लिया गया है।

बढ़ते प्रदूषण को लेकर पर्यावरण मंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों, संस्थानों और निर्माण स्थलों की पहचान कर की जाए कार्रवाई : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब श्रेणी में दर्ज होने पर चिंता प्रकट करते हुए पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने सोमवार को एक आपात बैठक बुलाई और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि अत्यधिक प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों, संस्थानों और निर्माण स्थलों की पहचान कर उन पर तुरंत कार्रवाई की जाए। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार सोमवार शाम को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 205 दर्ज किया गया जो कि खराब श्रेणी में आता है।

गौरतलब है कि पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्ली सचिवालय में सोमवार को दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के अध्यक्ष, सचिव (पर्यावरण) और प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक आपातकालीन बैठक की। इस बैठक में मंत्री सिरसा ने बढ़ते वायु गुणवत्ता सूचकांक पर चिंता व्यक्त करते हुए स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए समन्वित, समयबद्ध कार्रवाई के लिए सख्त निर्देश जारी किए। उन्होंने निर्देश दिए कि अत्यधिक प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों, संस्थानों और निर्माण स्थलों की पहचान कर उन पर कार्रवाई की जाए। धूल नियंत्रण मानदंडों का उल्लंघन करने वाले निर्माण कार्यों को तत्काल बंद कराया जाए। बड़े पैमाने पर परियोजना स्थलों और प्रदूषण हॉटस्पॉट पर पानी के छिड़काव कराने के लिए एंटी-स्मॉग गन की तैनाती की जाएगी। स्कूल और अस्पतालों क्षेत्रों सहित संवेदनशील क्षेत्रों में वास्तविक समय पर वायु गुणवत्ता की निगरानी की जाए। द्वितीयक धूल प्रदूषण का कारण बनने वाली कच्ची सड़कों और खुले डंपिंग प्वाइंट्स के खिलाफ कार्रवाई की जाए। मंत्री सिरसा ने अंतर-विभागीय समन्वय का आह्वान करते हुए कहा कि पर्यावरणीय जिम्मेदारी किसी एक विभाग की नहीं बल्कि सभी का सामूहिक कर्तव्य है। मंत्री ने एमसीडी और डीपीसीसी टीमों को दैनिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया और बार-बार उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई पर जोर दिया। सिरसा ने कहा कि दिल्ली देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं कर सकती।

अब अपने समय पर खुलेंगे दिल्ली सरकार और एमसीडी के कार्यालय, आदेश जारी

नई दिल्ली। लंबे अरसे बाद दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के कार्यालय अब अपने सामान्य समय पर काम करना शुरू करेंगे। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने वायु प्रदूषण के स्तर में सुधार होने पर कार्यालयों के समय को फिर से सामान्य समय पर खोलने का निर्देश दिया है। सोमवार को जारी एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, वायु प्रदूषण के स्तर में कमी आने के साथ ही दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के कार्यालय मंगलवार से अपने सामान्य समय पर काम करना शुरू कर देंगे। दिल्ली सरकार के कार्यालय अब सुबह 9:30 बजे से शाम 6 बजे तक और एमसीडी कार्यालय सुबह 9 बजे से शाम 5:30 बजे तक खुले रहेंगे। उपराज्यपाल की ओर से जारी एक आदेश में सामान्य प्रशासन विभाग ने कहा कि दिल्ली सरकार और एमसीडी कार्यालय तत्काल प्रभाव से अपने सामान्य समय पर लौट आएंगे। सरकार ने पिछले वर्ष 18 नवंबर को एक आदेश जारी कर सड़कों पर भीड़भाड़ कम करने और वायु प्रदूषण कम करने के लिए अलग-अलग समय-सारिणी अपनाई थी। आदेश के बाद दिल्ली सरकार के दफ्तर सुबह 10 बजे से शाम 6:30 बजे तक खुले रहेंगे, जबकि एमसीडी दफ्तर सुबह 8:30 बजे से शाम 5 बजे तक खुले रहेंगे।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82(2)(ii) Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **1.जितेन्दर उर्फ पिंकी पुत्रः मोती राम, पताः** झुग्गी नं. एन-28/बी-507, सीएसए कॉलोनी डब्ल्यूपीआइए, दिल्ली, **2.अतुल उर्फ छावल पुत्रः वेद प्रकाश, पताः** जी.एन. नं. 82, काशी हेवुतिपुर वाली गली संत नगर, बुराडी, दिल्ली ने **FIR No. 177/2022, U/s 323/325/341/34 IPC,** थानाः अशोक विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जितेन्दर उर्फ पिंकी** और **अतुल उर्फ छावल** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जितेन्दर उर्फ पिंकी** और **अतुल उर्फ छावल** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 177/2022, U/s 323/325/341/34 IPC,** थानाः अशोक विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **जितेन्दर उर्फ पिंकी** और **अतुल उर्फ छावल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री वसुन्धरा चौकर
DP/4888/NW/2025 एसीजेएम, उत्तर-पश्चिम, कमरा नं. 108
(Court Matter) पहली मंजिल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **बलविंदर खन्ना पुत्रः** हरजीत सिंह **पताः** मकान नं. 2/224, दूसरी मंजिल सुभाष नगर के पीछे दिल्ली, ने **FIR No. 1236/2015, U/s 498A/406/34 IPC थानाः राजौरी गार्डन दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बलविंदर खन्ना,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बलविंदर खन्ना,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 1236/2015, U/s 498A/406/34 IPC थानाः राजौरी गार्डन दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **बलविंदर खन्ना,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्रीमती आकांशा गौतम
DP/4965/WD/2025 एएसजे महिला कोर्ट नंबर-4
(Court Matter) तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

मु.न. 145 दिनांक 15/04/2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत ।

गुमशुदा की पहचान
नाम- स्वाती।
पति का नाम- दीपक ।
पता-वासी गांव रिवाड़ा तहसील गोहाना जिला सोनीपत हरियाणा।
उम्र- लगभग 35 वर्ष।
कद- 5 फुट।
हुलियाः- रंग गैहुआं, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखे, पतला फुर्तिला शरीर ।
पहनावाः- गुलाबी रंग का सुट-सलवार व पैरों मे चप्पल पहने हुए हैं।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 03/04/2025 स्वाती पत्नी दीपक वासी गांव रिवाड़ा तहसील गोहाना जिला सोनीपत हरियाणा। बिना किसी को कुछ भी बताए घर से कहीं चली गयी हैं। जो अब तक घर वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।
प्रबन्धक थाना - 7419410545
अनुसंधान कर्ता मो0 न0-9991487043
कन्ट्रोल रुम सोनीपत - 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।
पीआरडीएच-1084/11/3298/2026/34064/88/7 दि. 21.04.25

नई दिल्ली
मंगलवार, 22 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 07
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 39
न्यून. 21

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच भ्रांतियों को दूर करेगा

मुर्शिदाबाद में जिन लोगों का कत्ल किया गया क्या यह शरीयत में आता है: इंद्रेश

मंच अलग-अलग शहरों में 100 से ज्यादा प्रेस कॉन्फ्रेंस और 500 सेमिनार करेगा आयोजित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संरक्षक इंद्रेश कुमार ने सोमवार को कहा कि मुर्शिदाबाद में जिन लोगों को उजाड़ा गया और जिनका कत्ल किया गया क्या यह शरीयत में आता है? अगर नहीं आता है तो क्या ऐसे इंसानों का विरोध करेंगे कि नहीं करेंगे! उन्होंने पूछा कि संभल के सांसद जियाउर्रहमान बर्क और मौलाना कल्बे जव्वाद को मुर्शिदाबाद क्यों नहीं जाना चाहिए? इंद्रेश कुमार लखनऊ के प्रेस क्लब में सोमवार कार्यकर्ता सम्मेलन करने पहुंचे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने वक्फ संशोधन कानून को लेकर देशभर में फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए अलग-अलग शहरों में 100 से ज्यादा प्रेस कॉन्फ्रेंस और 500 सेमिनार आयोजित करेगा।

इंद्रेश कुमार ने कहा कि अगर आप हिफाजत नहीं कर सकते हैं तो आप मुसलमान या हमवतनी के हकदार बनेंगे? अगर ऐसा रहा तो,वो दिन दूर नहीं है जब ये नेता कहेंगे कि हम कलाम को नहीं कसाब को मानेंगे। वक्फ कानून को लेकर इंद्रेश कुमार ने कहा कि जिस दिन ये बिल पास हुए उस दिन ये पवित्र बोर्ड माफियाओं से मुक्त हुआ था। विपक्षी नेताओं के संदर्भ में इंद्रेश कुमार ने कहा कि जब ये क्लेम करते हैं ये भारतीय हैं, तो क्या दर्द भी मजहब और पार्टियों ▶▶ शेष पेज 5 पर

भारत दौरे पर पहुंचे वेंस, एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत

भारतीय परिधान में दिखे अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के तीनों बच्चे, हर भारतीय को भाया

पीएम मोदी ने गर्मजोशी से किया स्वागत

वेंस ने पीएम नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान वेंस की पत्नी उषा वेंस और उनके बच्चे भी मौजूद थे। पीएम मोदी ने सबका गर्मजोशी से स्वागत किया। तस्वीरों में पीएम मोदी वेंस के बच्चों के साथ भी बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं। पीएम मोदी ने वेंस के सम्मान में डिनर का भी आयोजन किया।

उपराष्ट्रपति वेंस की पत्नी उषा भारतीय मूल की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति जेडी वेंस अपने पहले आधिकारिक भारत दौरे पर सोमवार को पहुंचे। वेंस जब दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उतरे तो उनका स्वागत केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने किया।

इस दौरान वेंस के बच्चों को देखकर हर कोई हैरान रह गया। अमेरिकी होने के बाद भी वेंस के बच्चे भारतीय परिधान में नजर ▶▶ शेष पेज 5 पर

जयपुर व आगरा भी जाएंगे वेंस

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि मंगलवार को वह जयपुर जाएंगे, जहां वह और उनकी पत्नी उषा वेंस यूनेस्को की वैश्विक धरोहर में शामिल आमेर किला समेत कई ऐतिहासिक इमारतों को देखेंगे। 23 अप्रैल की सुबह वेंस परिवार के साथ आगरा में ताजमहल का दीदार करेंगे। उसी शाम वेंस आगरा से वापस जयपुर जाएंगे और अगले दिन 24 अप्रैल की सुबह अमेरिका रवाना होंगे।

उषा वेंस के गांव में खुशी की लहर

उषा वेंस का पैतृक गांव वडलूरू, जो आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले में है, इस दौरे से बहुत उत्साहित है। गांव के लोग उम्मीद कर रहे हैं कि वेंस दंपती यहां भी आएंगे। गांव में गर्व और खुशी का माहौल है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
लखनऊ दिल्ली
शाम 7.30 बजे से

17वें लोक सेवा दिवस पर बोले प्रधानमंत्री मोदी

आज जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं, वे 1 हजार साल का भविष्य तय करने वाली हैं

पीएम ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने आप सभी को 'भारत का स्टील फ्रेम' कहा था यानी ईमानदारी और अनुशासन से भरे सिविल सेवक। सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्र भारत की ब्यूरोक्रेसी की नई मर्यादाएं तय की थीं। एक ऐसा सिविल सर्वेंट जो राष्ट्र की सेवा को अपना सर्वोत्तम कर्तव्य माने, जो लोकतांत्रिक तरीके से प्रशासन चलाए, जो ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण से भरा हुआ हो।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17वें लोक सेवा दिवस कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कई अधिकारियों को सम्मानित किया। पीएम मोदी ने 'लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए जिलों का समग्र विकास' और 'लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार से चुनिंदा नवाचार' पर ई-कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया।

पीएम मोदी ने कहा कि हम आज जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं, जो निर्णय ले रहे हैं, वे एक हजार साल का भविष्य तय करने वाले हैं। इस बार का सिविल सर्विस डे कई वजहों से बहुत विशेष है। इस साल हम अपने संविधान का 75वां वर्ष मना रहे हैं और यह सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती का भी साल है। 21 अप्रैल, 1947 को सरदार वल्लभभाई पटेल ने आप सभी को 'भारत का स्टील फ्रेम' कहा था यानी ईमानदारी और अनुशासन से भरे सिविल सेवक। उन्होंने कहा, सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्र भारत की ब्यूरोक्रेसी की नई मर्यादाएं तय की थीं। एक ऐसा सिविल ▶▶ शेष पेज 5 पर

पीएम ने कही खास बातें

2014 से ही व्यवस्थागत बदलाव को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया

10 सालों में भारत ने प्रभावशाली परिवर्तन का सफर देखा

हमारी नौकरशाही और नीति-निर्माण पुरानी प्रणालियों पर काम नहीं कर सकते

एक हिसाब से देखें तो 1 हजार साल की सहस्त्राब्दी के पहले 25 साल बीत गए हैं

कोई भी परिवार, नागरिक या गांव पीछे न छूटे

उन्होंने सिविल सेवा की थीम भारत का समग्र विकास पर कहा, मुझे खुशी है कि इस साल की सिविल सेवा की थीम भारत का समग्र विकास है। यह सिर्फ एक थीम नहीं है बल्कि यह राष्ट्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है। समग्र विकास का मतलब है कि कोई भी परिवार, नागरिक या गांव पीछे न छूटे। वास्तविक प्रगति छोटे-मोटे बदलावों के बारे में नहीं है, बल्कि बड़े पैमाने पर सार्थक प्रभाव के बारे में है। हर घर में साफ पानी होना चाहिए और हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए।

तेजी से बदल रही है दुनिया

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर पर दिए अपने भाषण का जिक्र करते हुए कहा, कुछ समय पहले मैंने लाल किले से कहा था कि आज के भारत को आने वाले 1 हजार साल की नींव को मजबूत करना है। एक हिसाब से देखें तो 1 हजार साल की सहस्त्राब्दी के पहले 25 साल बीत गए हैं। यह नई शताब्दी का 25वां साल है और नई सहस्त्राब्दी का भी 25वां साल है। हम आज जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं, जो निर्णय ले रहे हैं, वे 1 हजार साल का भविष्य तय करने वाले हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज हम एक ऐसी दुनिया में जी रहे हैं, जो तेजी से बदल रही है। हमारी नौकरशाही और नीति-निर्माण पुरानी प्रणालियों पर काम नहीं कर सकते। यही कारण है कि 2014 से ही व्यवस्थागत बदलाव को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। हम खुद को बहुत तेजी से बदल रहे हैं। भारत का आकांक्षी समाज- चाहे वह युवा हो, किसान हो या महिलाएं, वह अभूतपूर्व सपने और महत्वाकांक्षाएं रखता है।

प्रभावशाली परिवर्तन का सफर तय किया है

पीएम मोदी ने कहा कि बीते 10 सालों में भारत ने वृद्धिशील परिवर्तन से आगे बढ़कर प्रभावशाली परिवर्तन का सफर देखा है। आज भारत का शासन मॉडल देश जनरेशन रिफॉर्म पर ध्यान दे रहा है। हम तकनीक, नवाचार और नवीन अभ्यास के जरिए सरकार और नागरिकों के बीच की दूरी समाप्त कर रहे हैं। इसका प्रभाव ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ दूर दराज के इलाकों में भी दिख रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आज हम एक ऐसी दुनिया में हैं जो बहुत तेजी से बदल रही है। हमारी नौकरशाही और नीति-निर्माण पुरानी प्रणालियों पर काम नहीं कर सकते। यही कारण है कि 2014 से ही व्यवस्थागत बदलाव को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया गया है। हम बहुत तेजी से खुद को बदल रहे हैं। भारत का आकांक्षी समाज चाहे वह युवा हो, किसान हो। या महिलाएं अभूतपूर्व सपने और महत्वाकांक्षाएं रखता है। इन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हमें उतनी ही अभूतपूर्व गति से प्रगति की आवश्यकता है। पीएम मोदी ने विकसित भारत की बात करते हुए कहा, विकसित भारत के हमारे लक्ष्य की प्राप्ति ▶▶ शेष पेज 5 पर

अवमानना याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की दो टूक

दुबे पर केस कीजिए... हमारी अनुमति लेने की जरूरत नहीं

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की मुश्किलें बढ़ीं

कोर्ट ने कहा-अटॉर्नी जनरल से मंजूरी लेने की जरूरत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट और सीजेआई के खिलाफ टिप्पणी करने वाले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। अब दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका दायर ▶▶ शेष पेज 5 पर

दुबे ने सीजेआई पर की थी विवादित टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट को कमजोर करने की कोशिश: कांग्रेस: कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि इलेक्टोरल बॉन्ड जैसे कई मुद्दों पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सरकार ने जो किया है वह असंवैधानिक है।

अमेरिका में राहुल गांधी ने मतदान प्रक्रिया पर खड़े किए सवाल

आरोप-चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया, महाराष्ट्र चुनाव के आंकड़ों पर जताया संदेह

शाम साढ़े 5 के बाद दो घंटे में 65 लाख लोगों ने कैसे डाल दिए वोट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनावी प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने अमेरिका की धरती से कहा कि यह बिल्कुल स्पष्ट है कि चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है और सिस्टम में कुछ गड़बड़ है। ब्राउन यूनिवर्सिटी में संबोधन के दौरान राहुल ने कहा कि मैंने यह कई बार कहा है।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र में वयस्कों की संख्या से ज्यादा लोगों ने मतदान किया। चुनाव आयोग ने हमें शाम 5:30 बजे तक के मतदान के आंकड़े दिए और शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे के बीच 65 लाख मतदाताओं ने मतदान कर दिया। ऐसा होना शारीरिक रूप से असंभव है। एक मतदाता को मतदान करने में लगभग 3 मिनट लगते हैं और अगर आप गणित लगाएं तो इसका मतलब है कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

राहुल के बयान पर मचा घमासान

भाजपा ने खोला मोर्चा कहा-देश को बदनाम करने की पुरानी आदत

नई दिल्ली। विदेशी मंचों पर भारत के लोकतंत्र और संस्थाओं पर सवाल उठाना कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भाजपा हमलावर हो गई। भाजपा ने इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि राहुल गांधी का यह पुराना शौक है कि वो विदेश जाकर भारत की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल और उनकी मां सोनिया गांधी, जो खुद 50-50 ▶▶ शेष पेज 5 पर

खबर संक्षेप

खादी कारोबार 1 लाख 70 हजार करोड़ के पार

नई दिल्ली। देश के खादी और ग्रामोद्योग ने वित्तवर्ष 2024-25 में उत्पादन, बिक्री और नये रोजगार सृजन का नया रिकॉर्ड बनाया है। बीते 11 वर्षों में बिक्री में 447 प्रतिशत, उत्पादन में 347 प्रतिशत और रोजगार सृजन में 49.23 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि वित्त वर्ष 2013-14 में खादी और उत्पादन जहां 26109.07 करोड़ रुपए था, वहीं 2024-25 में यह करीब चार गुना बढ़कर 347 प्रतिशत के उछाल के साथ 1 लाख 70 हजार करोड़ रुपए पहुंच गया। 2047 तक विकसित भारत के संकल्प बड़ा योगदान होगा।

सोने की कीमत 1 लाख के करीब पहुंची

नई दिल्ली। सोने की कीमत लगातार अपना रिकॉर्ड हाई बना रही है। इसका मुख्य कारण चीन और अमेरिका के बीच चल रही वैश्विक चिंताएं बताई गई है। 21 अप्रैल को 24 कैरेट सोने की कीमत 99,800 रुपये प्रति ग्राम पहुंच गई है। अनुमान है 22 अप्रैल तक 24 कैरेट सोने का दाम 1 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार को 24 कैरेट सोने की कीमत में 1650 रुपए प्रति 10 ग्राम बढ़ा है। सराफा बाजार में 24 कैरेट सोने का भाव 99,800 रुपए प्रति 10 ग्राम है। जिसका मतलब है कि इसमें 1 लाख बनने में बस 200 रुपए का ही अंतर है।

गृहमंत्री शाह की अध्यक्षता में आपराधिक कानूनों पर समीक्षा बैठक में शामिल हुए सीएम साय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। गृह मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को लेकर समीक्षा की गई। इसके साथ ही नक्सलवाद के उन्मूलन, बस्तर के समग्र विकास और राज्य में सुरक्षा व न्याय तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा सहित केन्द्रीय गृह मंत्रालय एवं राज्य सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर चर्चा की गई। इसके साथ ही पुलिस, जेल, अदालतों, अभियोजन और फोरेंसिक ▶▶ शेष पेज 5 पर

फसलों की आगजनी पर किसानों को नुकसान का जल्द मुआवजा दे हरियाणा सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि प्रदेश में किसानों को आग से हुए नुकसान के लिए विशेष गिरदावरी और शीघ्र मुआवजा प्रदान किया जाए ताकि किसान इस संकट से उबरकर खरीफ फसलों की बिजाई कर सके। सांसद कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को लिखे पत्र में कहा है कि उनके लोकसभा क्षेत्र के सिरसा जिले के विभिन्न गांवों-कंवरपुरा, मोरीवाला, रसूलपुर, बुर्ज भंगू, साहुवाला, लुदेसर, रूपाणा, भंगू, ढाबा, सुचान और सिकंदरपुर में खेतों में आग लगने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। भारतीय ▶▶ शेष पेज 5 पर

डॉ. मांगी लाल जाट ने डेयर के सचिव तथा भाकृअनुप के डीजी का पदभार संभाला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रतिष्ठित कृषि विज्ञानी डॉ. मांगी लाल जाट ने सोमवार को कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) के सचिव तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भाकृअनुप) के महानिदेशक (डीजी) का पदभार ग्रहण किया है। संघ कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने अपनी अधिसूचना में डॉ. जाट को तीन साल की अवधि के लिए डेयर का सचिव एवं भाकृअनुप का महानिदेशक नियुक्त किया है। इससे पहले वे हैदराबाद स्थित इंटरनेशनल क्रॉप्स रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर द सेमी-एरिड ट्रॉपिक्स (आईसीआरआईएसएटी) में उप-महानिदेशक (अनुसंधान) तथा वैश्विक अनुसंधान ▶▶ शेष पेज 5 पर

बाल तस्करी मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को दिया सख्त अल्टीमेटम

बाल तस्करी गिरोह समाज के लिए बहुत बड़ा खतरा

चार हफ्ते का समय देता हूं कहीं से भी बच्चों को ढूंढो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली के द्वारका इलाके में नवजात शिशुओं की तस्करी के मामले में सख्त रुख अपनाया। अदालत ने कहा कि राजधानी में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। साथ ही कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को गिरोह की सरगना पूजा और तीन लापता बच्चों को ढूंढने के लिए हर जरूरी कदम उठाने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और आर महादेवन की पीठ ने मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी से सीधे बातचीत की। अदालत ने कहा कि आपको किसी भी कीमत पर इन बच्चों को ढूंढना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने बढ़ते मामले को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि कुछ मामलों में माता-पिता खुद अपने बच्चों को बेच रहे हैं, जो बेहद दुखद है।

- ऐसे बच्चों को स्कूलों में दाखिला दिलाया जाए

सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से यह भी कहा कि तस्करी के शिकार बच्चों को शिक्षा के अधिकार के तहत स्कूलों में दाखिला दिलाया जाए और उन्हें लगातार मदद मिलती रहे। अब इस मामले की अगली सुनवाई चार हफ्ते बाद होगी, जिसमें पुलिस को अपनी कार्रवाई की जानकारी देनी होगी।

ईस्टर के अवसर पर लंबे समय के बाद वे लोगों के सामने आए थे

वह रोमन कैथोलिक चर्च के पहले लैटिन अमेरिकी थे

88 साल के पोप फ्रांसिस का निधन, डबल निमोनिया से जूझ रहे थे, 14 दिन का 'शोक'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पोप फ्रांसिस नहीं रहे। सोमवार 21 अप्रैल, 2025 को 88 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। उन्होंने वेटिकन के कासा सांता मार्टा स्थित अपने निवास पर सुबह 7.30 बजे (स्थानीय समयानुसार) अंतिम सांस ली।

वह रोमन कैथोलिक चर्च के पहले लैटिन अमेरिकी थे। उनके दोनों फेफड़ों में न्यूमोनिया था। वह लंबे समय तक अस्पताल में थे। बीते दिन ईस्टर के अवसर पर लंबे समय के बाद वे लोगों के सामने आए ▶▶ शेष पेज 5 पर

पोप फ्रांसिस के 2025 के बाद भारत दौरे पर आने की संभावना थी

14 दिन बाद कार्डिनल मसीह के नए विकर का चुनाव करने के लिए सम्मेलन होगा

पीएम मोदी ने पोप फ्रांसिस को दी श्रद्धांजलि

करुणा-विनम्रता के प्रतीक के रूप में याद किया जाएगा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि पोप फ्रांसिस के निधन से बहुत दुख हुआ। दुख की इस घड़ी में वैश्विक कैथोलिक समुदाय के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। पोप फ्रांसिस को हमेशा दुनिया भर के लाखों लोगों द्वारा करुणा, विनम्रता और ▶▶ शेष पेज 5 पर

ये था आखिरी संदेश...

डर के आगे न झुकें

मैं हमारी दुनिया में राजनीतिक जिम्मेदारी के पदों पर बैठे सभी लोगों से अपील करता हूं कि वे डर के आगे न झुकें। डर दूसरों से अलगाव की ओर ले जाता है। सभी जरूरतमंदों की मदद करने, भूख से लड़ने और विकास को बढ़ावा देने वाली पहलों को प्रोत्साहित करने के लिए उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करें। मानवता का सिद्धांत हमारे दैनिक कार्यों की पहचान बनने से कभी न चूके।

खबर संक्षेप

लिवर हेल्थ कैंप में 100 ने जांच करवाई

फरीदाबाद। भारत में तेजी से बढ़ रही लिवर संबंधी बीमारियों के मद्देनजर, अमृता अस्पताल ने विश्व

लिवर दिवस से एक व्यापक जनजागरूकता अभियान और लिवर हेल्थ कैंप शुरू किया है। इस वर्ष की वैश्विक थीम भोजन ही है औषधि के अंतर्गत यह पहल लोगों को लिवर रोगों के खतरों के प्रति सचेत करने और समय पर विशेषज्ञ परामर्श एवं जांच की सुविधा सुलभ कराने का उद्देश्य रखती है।

अवैध हथियार रखने के आरोप में 2 गिरफ्तार

फरीदाबाद। अपराध शाखा सेक्टर 56 की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर



2 देसी कट्टे बरामद किए हैं।20 अप्रैल को अपराध शाखा सेक्टर 56 की टीम ने सुमित फरीदाबाद को एक देसी कट्टा के साथ प्रतापगढ़ पुल सेक्टर 56 फरीदाबाद से व अतुल मैनपुरी यूपी हाल नंगला इन्क्लेव पार्ट-2 को एक देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है।

शराब के ठेके के बाहर एक व्यक्ति का शव मिला

फरीदाबाद। पर्वतीय कॉलोनी में शराब के ठेके के बाहर एक व्यक्ति का शव मिला है। मृतक की पहचान

बिहार के रहने वाले श्याम सिंह के रूप में हुई है, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया है। दरअसल पुलिस को सूचना मिली कि शराब के ठेके के बाहर एक व्यक्ति बेहोशी की हालात में पड़ा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस पहुंची देखा तो व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मृतक के पास मिले कुछ दस्तावेजों से उसकी पहचान की। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया।

बाइक व हथियार के लिए दिए थे पैसे

होटल मालिक की हत्या मामले में मुख्य आरोपी को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

पटौदी थाना क्षेत्र के जाटौली स्थित झोपड़ी होटल के मालिक की गोली मारकर हत्या के मामले में मानेसर क्राइम ब्रांच ने मुख्य आरोपी रितिक को जम्मू से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने ही होटल मालिक दीपेंद्र उर्फ मोनू की हत्या को अंजाम देने की साजिश रची थी। शूटर्स के लिए बाइक व हथियार का इंतजाम करने के लिए रुपए उपलब्ध करवाए थे। इस मामले में पुलिस नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

पुलिस द्वारा रितिक का आपराधिक रिकॉर्ड जांचने से पता चला कि उस पर मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने, अपहरण करने, शस्त्र अधिनियम सहित कई धाराओं के तहत चार मामले थाना पटौदी में दर्ज हैं। यह भी पता चला है कि शिकायतकर्ता व मृतक के इंद्रजीत नामक व्यक्ति की वर्ष 2020 में हत्या को गई थी।

विद्यार्थियों को उद्यमशीलता बनाने डबल इंजन सरकार कटिबद्ध

यूपी सरकार में व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा में भारतीयता और संस्कारों के साथ विद्यार्थियों को हुनरमंद बनाने के लिए डबल इंजन सरकार कटिबद्ध है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

यूपी सरकार में व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा में भारतीयता और संस्कारों के साथ विद्यार्थियों को हुनरमंद बनाने के लिए डबल इंजन सरकार कटिबद्ध है। ताकि विद्यार्थी रोजगार लेने के बजाय दूसरों को रोजगार देना सीखें। वे एन्टरप्रिन्योर बन सकें। वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ऑडिटोरियम में भारतीय शिक्षण मंडल मेरठ प्रांत की ओर से आयोजित मंडल के 56वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने ये विचार व्यक्त किये। वह 'शिक्षा में कौशल विकास का महत्व' विषय पर बोल रहे थे।

मैकाले शिक्षा पद्धति ने युवाओं को क्लर्क बनाने का काम किया

उन्होंने कहा कि पुरातन भारतीय शिक्षा में विद्यार्थियों को हुनरमंद बनाया जाता था। लेकिन अंग्रेजों ने इस व्यवस्था को बदल दिया। उन्होंने अपनी मैकाले द्वारा बनाई गई शिक्षा पद्धति के जरिए उन्हें क्लर्क बनाने का काम किया। यही कारण है कि आज भी विद्यार्थी वाइट कॉलर जॉब करना चाहता है। वह कड़ी मेहनत या हुनर का कोई काम न तो जानता है और न ही करना चाहता है। वह आज भी क्लर्क ही बना हुआ है। लेकिन डबल इंजन सरकार ने नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को हुनरमंद बनाने की शिक्षा देने का बीड़ा भी उठाया है ताकि वे स्वावलम्बी बन सकें और अपने दूसरे साथियों को भी नौकरी दे सकें।

---

62 दुकानों, फर्म पर अनियमितताएं पाई गई

प्रदेश की मंडियों में हुई सीएम फ्लाइंग की ताबड़तोड़ रेड, मिली कई खामियां

सीएम फ्लाइंग द्वारा अंबाला, थानेसर, कुरुक्षेत्र की मंडियों में औचक निरीक्षण के दौरान मिली खामियों के बाद पूरे प्रदेश की मंडियों में रेड की है। इस रेड के दौरान दुकानों, फर्म पर मिली खामियों के लिए कार्रवाई की गई है।

42 मंडियों में 166 दुकान फर्म को निरीक्षण किया

7 दुकानों में गोदाम के स्टॉक रजिस्टर से अधिक स्टॉक रखना पाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सीएम फ्लाइंग द्वारा अंबाला, थानेसर, कुरुक्षेत्र की मंडियों में औचक निरीक्षण के दौरान मिली खामियों के बाद पूरे प्रदेश की मंडियों में रेड की है। इस रेड के दौरान दुकानों, फर्म पर मिली खामियों के लिए कार्रवाई की गई है।

सीएम फ्लाइंग के अधिकारियों ने बताया कि सीएम फ्लाइंग की रेड के दौरान प्रदेश की 42 मंडियों में 166 दुकान, फर्म को चेक किया गया। इस दौरान 62 दुकानों, फर्म पर अनियमितताएं पाई गई जिसके परिणामस्वरूप इन पर करीब सवा 45 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा कुछ जुर्माना मापतोल विभाग द्वारा किया जाना बकाया है। अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान अवैध स्टॉक के 9 गोदाम भी मिले व 7 दुकानों फर्म द्वारा अपने गोदाम के स्टॉक रजिस्टर से अधिक स्टॉक रखना पाया गया जिसमें करीब 5227 क्विंटल गेहूं, 6465 क्विंटर सरसों मिली है। कुछ मंडियों में अनाज का वजन करने पर गड़बड़ी भी मिली है जिसमें संबंधित फर्म के लाइसेंस को रद्द करने के साथ ही उन पर जुर्माना भी लगाया गया है।

किशोर का किडनेप कर हत्या करने के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

देवीलाल कॉलोनी से 17 वर्षीय किशोर का अपहरण करके हत्या करने मामले में सेक्टर-10 क्राइम ब्रांच ने तीन आरोपी बसई चौक से गिरफ्तार किए हैं। पुलिस इस मामले में अब तक कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपियों की पहचान अमरदीप निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेक्टर-9, अरुण निवासी गांव मधुमधवी, भिवानी और शिवम निवासी देवीलाल कॉलोनी, गुरुग्राम के रूप में हुई है। दरअसल, सेक्टर-9 थाना पुलिस में एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि 12 जनवरी की शाम उनके 17 वर्षीय बेटे पर्व का देवीलाल कॉलोनी चर्च के निकट से अपहरण कर लिया।

मामले में अब तक 11 आरोपी गिरफ्तार

शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरु की। पुलिस ने अपहरण किए गए किशोर का शव दो दिन बाद गांव बसई के पास से बरामद किया था। इसके बाद मामले में हत्या से संबंधित धाराएं जोड़ी गई। किशोर की हत्या मामले में सेक्टर-9, सेक्टर-10, सेक्टर-17 क्राइम ब्रांच की टीमों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 16 फरवरी 2025 तक आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद अब सेक्टर-10 क्राइम ब्रांच ने तीन आरोपियों को और गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया था कि आरोपियों का एक साथी (मृतक) का दोस्त बन गया और उसको अपने विश्वास में ले लिया। उसने 12 जनवरी को किशोर (मृतक) को शराब पिलाकर उसका अपहरण कर लिया। इसके बाद बसई व द्वारका एक्सप्रेस-वे के बीच पड़ी जगह पर ले गए। आपसी रंजिश के तहत वहां पत्थर व लाठी डंडों से पीटकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने शव को गांव बसई से बरामद कर लिया था।

निगम प्रवर्तन दल कार्रवाई में पीछे नहीं

वसूला 85 लाख 22 हजार रुपए से ज्यादा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम के प्रवर्तन दल ने भी वित्तीय वर्ष 2024-25 में पिछली कार्रवाई का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। प्रवर्तन दल ने इस वित्तीय वर्ष के दौरान प्रतिबंधित पॉलीथिन के जब्तीकरण के साथ-साथ नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों से भारी भरकम जुर्माना वसूला है वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रवर्तन दल ने 9594 किलोग्राम प्रतिबंध पॉलीथिन जब्त की । वहीं चालान व अन्य मदों में 85 लाख 22 हजार से अधिक के धनराशि की धनराशि बतौर जुर्माना वसूली की है।

अतिक्रमण को लेकर बेहद गंभीर है नगर निगम

नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने कहा कि नगर निगम अतिक्रमण को लेकर बेहद गंभीर है। इसी कारण सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण या अवैध कब्जे को हटाया गया है। जिसमें करोड़ों की संपत्ति है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रवर्तन दल की टीम ने भी 85 लाख से ज्यादा का जुर्माना वसूला है। उधर प्रभारी कर्नल दीपक शरण ने बताया कि प्रवर्तन दल ने नगर आयुक्त के दिशा निर्देशन में पूरी शिद्दत के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। जिसमें 2024-25 के दौरान स्थाई रूप से किए गए 43 अतिक्रमण हटाए गए वहीं अस्थाई अतिक्रमण की संख्या 740 है।

9594 किलो ग्राम पॉलिथीन जब्त

इसी तरह प्रतिबंधित पॉलीथिन के जब्तिकरण के अभियान के दौरान 9594 किलो ग्राम पॉलिथीन जब्त की गई। 338 अवैध होर्डिंग हटाए गए। सबसे बड़ी बात यह है कि चालान व अन्य मदों में प्रवर्तन दल ने कल 85 लाख 22 हजार 349 रुपए का जुर्माना वसूला। वेंडिंग जोन में वेंडिंग के विरुद्ध कार्य करने वालों से 1 लाख 97400 रुपए बतौर जुर्माना की वसूली की गई। वहीं पशु कैचिंग अभियान के तहत कुल 197 पशुओं को पकड़ा गया। उन्होंने कहा कि नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक के प्रेरणा,दिशा निर्देशन और उनकी सुनियोजित कार्य नीति के कारण उन्हें यह सफलता मिल पाई है। उन्होंने अपनी पूरी टीम को इसके लिए बधाई भी दी है।

अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर ने की कार्रवाई

शादी समारोह में लड़ाई करने और गोली चलाने के मामले में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने खालसा गार्डन में शादी समारोह के दौरान लड़ाई झगड़ा करने व गोली चलाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

अरुण राय ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि वह एक सांसद का सामाजिक कार्य देखता है, जिसकी वजह से महेश अवाना शिकायकर्ता व कथित सांसद को लेकर सोशल मीडिया पर गलत टिप्पणियां करता है, जिसका जवाब सोशल मीडिया पर वीडियो के जरिए उसके द्वारा भी दिया जाता है, जिस वजह से रंजिश चल रही है। 28 फरवरी को खालसा गार्डन सूरजकुंड रोड में उसके दोस्त के बेटे की शादी थी, जहां पर वह अपने दोनों बेटे अनिकेत व अंकित के साथ आया हुआ था। जब घर जाने

के लिए उसका बेटे अनिकेत पार्किंग से गाड़ी लाने के लिए गया तो वहां से झगड़ा की आवाज आई, जब वह व उसका दूसरा बेटा अंकित वहां पहुंचा तो अमर अवाना व अमन अवाना अपने 8-10 साथियों के साथ वहां पर उसके बेटे को पीट रहे थे, जिन्होंने हमें देखते ही हमारे ऊपर फायर कर दिया। जिस पर थाना सूरजकुंड में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने कार्रवाई करते हुए अमर अवाना निवासी मीठापुर दिल्ली को गिरफ्तार किया है।

पीट पीटकर व्यक्ति की हत्या हाथ-पैर की हड्डियां टूटी

फरीदाबाद। सरूरपुर इंडस्ट्रियल इलाके में एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। व्यक्ति धर्म कांटे के पास गया था। इस दौरान दो पड़ोसी युवकों ने हमला कर दिया। व्यक्ति के शरीर पर कई चोटों के निशान हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान संजय एनक्लेव के रहने वाले 45 वर्षीय मुकेश के रूप में हुई है। मृतक के भाई सुरेश के अनुसार मुकेश बीती रात नीलकंठ धर्म कांटे के पास गया था। वहां उनके पड़ोसी राकेश और जोगिंदर ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने मुकेश को इतना मारा कि उनके शरीर पर कई चोट के निशान थे। उनके हाथ-पैर की हड्डियां भी टूट गईं। मुकेश ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी थी। लेकिन पुलिस रात भर नहीं पहुंची। सुबह उनके बेटे ने उन्हें सडक़ किनारे लहूलुहान हालत में पाया। बेटा उन्हें एक निजी अस्पताल ले गया। वहां से डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए बादशाह खान सिविल अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचते ही मुकेश की मौत हो गई। सुरेश ने बताया कि मुकेश का दोनों आरोपियों से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इसी रंजिश में उन्होंने वारदात को अंजाम दिया।

घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं

खड़ी हुई डस्टर कार में लगी आग, शॉर्ट सर्किट से वाहन का 50 प्रतिशत हिस्सा जला

फरीदाबाद। एनआईटी क्षेत्र के तीन नंबर इलाके के ई ब्लॉक में सोमवार दोपहर बाद करीब पांच बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब एक घर के सामने खड़ी डस्टर डीजल कार में अचानक आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार से पहले एक जोरदार धमाके जैसी आवाज सुनाई दी। जिसके बाद इंजन की ओर से धुआं निकलता देखा गया। देखते ही देखते धुआं गाढ़ा होता चला गया और कार ने आग पकड़ ली। लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। हालांकि जब दमकल कर्मी पहुंचे, तब तक कार पूरी तरह आग की चपेट में आ चुकी थी।

आग लगने का कारण बैटरी वायरिंग में शॉर्ट सर्किट माना जा रहा

पुलिसकर्मी राजपाल ने बताया कि प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण कार की बैटरी वायरिंग में शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। कार मालिक उस समय मौके पर मौजूद नहीं था और वह अपने वाहन को किसी के घर के सामने गली में खड़ा करके कहीं चला गया था। खड़ी कार में शार्ट सर्किट हुआ है, जिससे कार में आग लगीं है।

शेयर ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

पुलिस ने वारदातों का किया खुलासा, 61 लाख वापस कराए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना साइबर क्राइम पुलिस ने सोमवार को ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस गिरोह सदस्य ठग को गिरफ्तार किया है। साथ ही ठगी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए 61 लाख 8 हजार रुपए पीड़ितों को वापस कराए हैं।

एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह ने बताया कि साइबर अपराध करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के सदस्य नौशाद निवासी हाजीपुरा, नाला पटरी, शामली को साइबर अपराध में प्रयुक्त मोबाइल फोन, टेलीग्राम चैट के साथ थाना क्षेत्र कोतवाली गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया ।

उन्होंने बताया कि तेजपाल सिंह

निवासी वसुन्धरा, गाजियाबाद के साथ शेयर ट्रेडिंग फ्रॉड की घटना हुई थी। जिसमें वादी वाट्सएप ग्रुप एल 666-यस ग्रुप 7 में जोड़ा गया तथा फर्जी शेयर ट्रेडिंग में अकाउंट खुलवाकर निवेश के बहाने 18 दिसम्बर 2024 से 22 मार्च 2025 तक कुल 4 करोड़ 96 लाख 58 हजार 725 अलग-अलग दो खातों में ट्रांसफर कराकर ठगी की गई ।

वाट्सएप ग्रुप में जोड़ा, पहले रिफंड, फिर ठगी

तेजपाल सिंह ने 7 अप्रैल को थाना साइबर क्राइम पर अभियोग पंजीकृत कराया गया, जिसमें 61 लाख 8 हजार रुपए रिफंड कराए गए हैं। इसके अलावा राम कुमार अग्रवाल निवासी-गुलमोहर रेसीडेंसी अहिंसा खंड द्वितीय इंदिरापुरम के साथ शेयर ट्रेडिंग फ्रॉड की घटना हुई। जिसमें पीड़ित को वाट्सएप ग्रुप में जोड़कर तथा फर्जी शेयर ट्रेडिंग वेबसाइट का लिंक भेजकर, फर्जी शेयर ट्रेडिंग वेबसाइट में अकाउंट खुलवाकर निवेश के बहाने 21 फरवरी से 25 मार्च तक कुल 55 लाख 50 हजार रुपए अलग-अलग दो खातों में ट्रांसफर कराकर ठगी की गई।

शक्ति सेवा दल ने अंतिम संस्कार के बाद गंगाजल और दूध से धोया

एक साल में मिलीं 248 लावारिस लाशें, हरिद्वार गंगा में विसर्जित होंगी मृतकों की अस्थियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद जिले की विभिन्न हिस्सों में मिले 248 लावारिश शवों की अस्थियों को विसर्जन करने के लिए शक्ति सेवा दल द्वारा हरिद्वार भेजा गया है। अस्थियों को हरिद्वार विसर्जन के लिए भेजने से पहले न्यू जनता कालोनी के स्वर्गाश्रम में विधिवत रूप से गंगाजल और दूध से धोया गया। फरीदाबाद में पिछले एक साल में मिले लावारिश शवों को अंतिम संस्कार करने के बाद सेवा दल के लोगो ने अस्थियों को संभाल कर रखा हुआ था। न्यू जनता कॉलोनी के स्वर्गाश्रम में इन अस्थियों रखा जा रहा था। साल 2024 से यहां पर ये अस्थियां एकत्रित हो रही थी।

सनातन धर्म के तहत प्रत्येक परंपरा का पूरा किया जाएगा पालन

अस्थियों को विसर्जन करने के लिए हरिद्वार ले जाने से पहले धार्मिक संगठनों के लोगों ने गंगाजल और दूध से धोया। संगठन के सदस्यों ने बताया कि ये लावारिश लाशों की अस्थियां है। इन अस्थियों का उसी तरीके से गंगा में विसर्जन किया जाएगा। जैसे वो अपने परिवार के लोगों की अस्थियों का करते है। प्रत्येक परंपरा को पूरा किया जाएगा, ताकि सनातन धर्म के हर नियम का पालन हो सके। प्रधान मोहनलाल अरोड़ा बताया कि उनका शक्ति सेवा दल पिछले 42 साल से यह काम करता आ रहा है। उनकी संस्था शहर में मिलने वाले शवों का विधि के साथ अंतिम संस्कार करती है। एक साल के अंदर जितनी भी अस्थियां एकत्रित हो जाती है। उनको एक साथ गंगा में प्रवाहित जाता है।

पूर्व शिक्षा मंत्री पहुंचीं

अस्थियों को हरिद्वार विसर्जन के लिए जाने से पहले हरियाणा की पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा भी पहुंचीं। सीमा त्रिखा ने कहा कि वह पिछले 22 साल से संस्था के साथ इस दिन शामिल होती है। समाज के लिए संस्था अच्छा काम कर रही है। जिन लोगों को कोई नही होता उनको अपने परिजनों की तरह मानकर संस्था पूरे विधि के साथ उनका दाह-संस्कार करती है और उनकी अस्थियों का विसर्जन गंगा मे करती है।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर परिषद झज्जर	एम.सी. झज्जर तक पहुंचने के लिए मुख्य सड़कों पर एम.सी. सीमा के अन्तिम प्वाइंट तक मौजूदा स्वागत द्वारों की रिशिफ्टिंग और विभिन्न नये स्वागत द्वारों का निर्माण + 5 कार्य।	18.04.2025 25.04.2025	81.84 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9813082444 eo-jhajjar@ulbharyana.gov.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34058/I/88/7 दि. 21.04.25

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण /ई-मेल
1	हारट्रोन	1. विभिन्न सरकारी विभागों / संगठनों की ओर से 01 वर्ष की अवधि के लिए लैपटॉप्स की खरीद के लिए दर अनुबंध। 2. विभिन्न सरकारी विभागों / संगठनों की ओर से 01 वर्ष की अवधि के लिए कम्प्यूटर सिस्टम की खरीद के लिए दर अनुबंध।	20.04.2025 30.05.2025	35 करोड़	https://etenders.hry.nic.in	1722704922 dhhardware.hartron@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/34057/I/88/7 दि. 21.04.25

बस स्टॉप और रेलवे स्टेशन पर किया जाएगा ठंडे पानी का इंतजाम

हीट एक्शन प्लान 2025 लांच, दिल्ली में लगेंगे तीन हजार वाटर कूलर : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में सोमवार को 'दिल्ली हीट एक्शन प्लान 2025' को लॉन्च किया। इस दौरान सीएम ने बताया कि इस प्लान के तहत पूरे शहर में तीन हजार वाटर कूलर लगाए जाएंगे। इसके तहत एक हजार कूलर सड़कों पर, एक हज़ार सरकारी भवनों में और एक हज़ार ऐसे स्थानों पर जहां अक्सर फुटपाथों पर रहने वाले या बेघर लोगों के लिए पानी की कोई व्यवस्था नहीं होती है। इस पहल में सरकार के साथ-साथ पब्लिक, प्राइवेट और सीएसआर के माध्यम से भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। सरकार का उद्देश्य है कि दिल्ली के

सभी नागरिक और राहगीर को गर्मी के मौसम में साफ और ठंडा पानी उपलब्ध रहे। इस कार्यक्रम के दौरान दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा, डॉ. पंकज सिंह, एनडीएमए के सदस्य और विभागाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, मुख्य सचिव धर्मेंद्र, एनडीएमए और यूएनईपी के प्रतिनिधियों सहित केंद्र एवं दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बताया कि यह योजना दिल्लीवासियों को अत्यधिक गर्मी और हीटवेव की खतरनाक स्थिति से बचाने के लिए एक वैज्ञानिक और जन-उन्मुख योजना के रूप में तैयार की गई है। दिल्ली को हीटवेव-रेजिलिएंट बनाने की दिशा में दिल्ली सरकार के द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस अवसर पर 'कूल रूफ टेक्नोलॉजी' और 'डिजिटल कोल्ड वॉटर डिस्पेंसर' जैसी दो अहम पर्यावरणीय पहलों की भी शुरुआत की गई। सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि मौसम विभाग के सहयोग से समय रहते हीटवेव अलर्ट जारी किए जाएंगे और आईएमडी द्वारा जारी किए गए रंग-कोडेड हीट अलर्ट्स (हरा, पीला, नारंगी, लाल) के आधार पर विभागों और मोहल्लों में समय रहते जरूरी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मोबाइल संदेश, मीडिया और पोर्टल के माध्यम से सही जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाएगी।

14 लाख स्कूली बच्चों को हीटवेव से बचाव के लिए किया जाएगा जागरूक

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के 5500 से अधिक स्कूलों के 14 लाख बच्चों को आपदा प्रबंधन और हीटवेव से बचाव के लिए जागरूक किया जाएगा। सरकार ने झुग्गी-बस्तियों से लेकर बड़े अस्पतालों तक हीटवेव से निपटने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। साथ ही दिल्ली के अस्पतालों में हीटवेव वार्ड बनाए जा रहे हैं और सार्वजनिक स्थलों जैसे बस स्टॉप व रेलवे स्टेशनों पर ठंडे पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने इसे केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि दिल्लीवासियों की भागीदारी से चलने वाला एक जन आंदोलन बताया और सभी नागरिकों से इस प्रयास में सक्रिय सहयोग की अपील की।

फुटपाथों पर बनेंगे कूलिंग शेड्स

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा फुटपाथों पर कूलिंग शेड्स बनाए जाएंगे, ताकि राह चलते लोगों को धूप से राहत मिल सके। इसके अलावा, बस स्टॉप को भी इस तरह डिजाइन किया जाएगा कि वहां खड़े बस का इंतजार करने वाले लोगों को गर्मी से राहत मिले। यह प्लान बच्चों, बुजुर्ग, खुले में काम करने वाले श्रमिक, महिलाएं, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, दिव्यांगजन और पुरानी बीमारियों से ग्रसित लोगों को प्राथमिकता में रखकर तैयार की गई हैं।

सिविल सेवा की तैयारी कर रही बेटियों के लिए एक प्रेरणा केंद्र बनेगा संकल्प कन्या छात्रावास : सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सोमवार को आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के धीरपुर में संकल्प भवन में संकल्प गर्ल्स हॉस्टल का उद्घाटन किया। उद्घाटन के मौके पर सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि यह भवन, जो संकल्प संस्था की प्रेरणादायी पहल का साकार रूप है, सिविल सेवा की तैयारी कर रही बेटियों के लिए एक प्रेरणा केंद्र बनेगा। यहां वे राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ अपने स्वप्नों को साकार करेंगी। यह केवल एक भवन नहीं, बल्कि हमारी सनातन परंपरा, नारी नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में सम्मिलित है। यह भव्य परिसर उस संकल्पना को धरातल पर मूर्त रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रेरक आयोजन में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की भव्यता और महत्ता को और अधिक बढ़ाया। संकल्प भवन के माध्यम से हम सशक्त, स्वावलंबी और राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत बेटियों के स्वप्नों को नए पंख देने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को सिविल सेवा दिवस के अवसर पर सभी प्रशासनिक अधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

किसी को नहीं पता सरकारी स्कूलों के कितने बच्चों ने जेईई परीक्षा पास की : आतिशी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने जेईई परीक्षा के परिणामों में सरकारी स्कूलों के पास बच्चों की जानकारी न देने के मामले पर

दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जेईई मेन्स का रिजल्ट 19 अप्रैल को आ गया है, लेकिन अब तक यह नहीं बताया गया कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों के कितने बच्चों ने यह प्रतिष्ठित परीक्षा पास की है। उन्होंने कहा कि जब अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री थे, तब ऐसे बच्चों की सफलता को पूरे सम्मान के साथ मनाया जाता था और उन्हें हीरो की तरह पेश किया जाता था। उन्होंने कहा कि आज भाजपा की दिल्ली सरकार में सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को पूछने वाला कोई नहीं है। उनके रिजल्ट का इंतजार करने वाला कोई नहीं। उनके शानदार रिजल्ट पर गर्व करने वाला कोई नहीं है। सरकारी स्कूल के बच्चों के बारे में बात करने वाला ही कोई नहीं है।

कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ एक प्रतिशोध के तहत काम कर रही है ईडी : पी. चिदंबरम

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी की ईमानदारी और प्रतिष्ठा पर हमला सत्ता का एक दुरुपयोग है। इस मामले के तथ्यों से यह

स्पष्ट है कि ईडी, अपने राजनीतिक आकाओं के इशारे पर, प्रमुख विपक्षी पार्टी, कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ एक प्रतिशोध के तहत काम कर रही है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता में पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद पी. चिदंबरम ने नेशनल हेराल्ड मामले में संबोधित करते हुए भाजपा पर यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पूरी कांग्रेस पार्टी सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ होने वाले इस राजनीतिक हमले का विरोध करती है और इसको हराऐगी। सच की जीत होगी, न्याय होगा, हम जीतेंगे। प्रेसवार्ता में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव, अभाका कमेटी के दिल्ली के प्रभारी क़ाज़ी निज़ामुद्दीन, दिल्ली के पूर्व मंत्री डॉ. नरेंद्र नाथ, पूर्व विधायक एवं कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज और डॉ. पी के मिश्रा भी मौजूद थे।

उपराज्यपाल ने इमारत गिरने के मामले में मजिस्ट्रेट जांच को दी मंजूरी

नई दिल्ली। मुस्तफाबाद के दयालपुर में इमारत गिरने में हुई मौतों को लेकर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने घटना की मजिस्ट्रेट जांच को मंजूरी दे दी है। उत्तर पूर्वी दिल्ली के जिला मजिस्ट्रेट को इस जांच का संचालन करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है और उन्हें 15 दिनों के भीतर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। बताया गया कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को निरीक्षण में किसी भी चूक के लिए क्षेत्र स्तर के अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। जांच में इमारत ढहने की परिस्थितियों की गहराई से जांच की जाएगी, सभी प्रासंगिक तथ्यों की जांच की जाएगी और इस आपदा में भूमिका निभाने वाली किसी भी चूक या चूक की पहचान की जाएगी।

निगम शिक्षकों ने सीएम से लगाई न्याय की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के शिक्षकों के मनमाने स्थानांतरण को लेकर निगम शिक्षकों ने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है। शिक्षक न्याय मंच नगर निगम शिक्षक संगठन के बैनर तले सोमवार को दिल्ली की मख्यमंत्री के निवास पर पहुंचकर निगम शिक्षकों ने संगठन अध्यक्ष कुलदीप सिंह खत्री के नेतृत्व में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की। शिक्षक संगठन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह खत्री ने सीएम रेखा गुप्ता को बताया कि भ्रष्टाचार की आड़ में निगम शिक्षकों के जबरन स्थानांतरण किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने दिल्ली नगर निगम के आयुक्त को फोन लगाया पर उनका फोन ना मिलने पर मुख्यमंत्री ने खुद अतिरिक्त आयुक्त शिक्षा एंजल भाटी चौहान को फोन करके शिक्षकों के जबरन किए जा रहे ट्रांसफर वाली लिस्ट को होल्ड पर रखने को कह दिया और सभी निगम शिक्षकों को आश्वस्त किया कि किसी के साथ गलत नहीं होने दिया जाएगा। शिक्षकों ने बताया कि आज दिल्ली की मुख्यमंत्री तक ये आवाज पहुंची है और 'जब तक निदेशक शिक्षा को हटा नहीं दिया जाता और यह ट्रांसफर लिस्ट रद्द नहीं कर दी जाती तब तक दिल्ली के 18 हजार निगम शिक्षक अपने स्कूलों में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे।

हरिभूमि
नई दिल्ली मंगलवार
22 अप्रैल 2025

सहेली

विशेष : पृथ्वी दिवस

आज धरती का अस्तित्व खतरे में है। प्रदूषित पर्यावरण और ग्लोबल वार्मिंग हमारी धरती के सामने बहुत बड़े संकट बनकर खड़े हैं। इस समस्या को वही गहराई से समझ सकता है, जो संवेदनशील है। ऐसी संवेदनशीलता महिलाओं में ही दिखती है। धरती हरी-भरी रहे, संरक्षित रहे, इसके लिए महिलाएं निरंतर एक प्रतिबद्धता के साथ काम भी कर रही हैं। दुनिया भर के पर्यावरणविद भी इस बात को स्वीकारते हैं कि हमारे पर्यावरण को सरकारें नहीं, महिलाएं ही बचा सकती हैं। पृथ्वी के संरक्षण में महिलाओं की भागीदारी पर एक जरूरी विमर्श।

महिलाओं के ही हाथ सुरक्षित है धरती

आवरण कथा

संध्या सिंह

पृथ्वी केवल एक ग्रह ही नहीं है, हम पृथ्वी को धरती मां भी कहते हैं। ठीक उसी तरह जैसे स्त्री केवल एक इंसान भर नहीं है, वह मां भी है। धरती और स्त्री दोनों में बहुत-सी समानताएं हैं, दोनों ही जीवन देती हैं, दोनों ही जीवन को पालती हैं, वह भी बिना किसी स्वार्थ के उसे सहेजती भी हैं। इसलिए जब हम पृथ्वी दिवस (22 अप्रैल) मनाते हैं, तो दिलो-दिमाग में यह आना स्वाभाविक है कि धरती को बचाने की सबसे मजबूत आशा महिलाओं से ही की जाती है। विशेषकर उन महिलाओं की ओर हमें देखना होगा, जो मिट्टी से जुड़ी हैं, जंगल को जानती-समझती हैं, जल संरक्षण करती हैं, जिनके कंधों पर सदियों से कृषि का भार रहा है। ये सब महिलाएं हैं, जिन्हें चाहे कोई कहे या न कहे, ये पर्यावरण की स्वतः रक्षक हैं। इसलिए दुनिया को धरती बचाने की मुहिम में महिलाओं को कारगर भूमिका में लाना चाहिए, तभी धरती के बचने की उम्मीद की जा सकती है।

पृथ्वी-स्त्री दोनों हैं जन्मदायिनी शक्तियां: प्रकृति को भी भारतीय परंपरा में धरित्री, वसुधा और भूमाता कहा जाता है, क्योंकि स्त्री की तरह पृथ्वी या धरती भी जननी है। दोनों ही जीवन की संरचना और निरंतरता का आधार हैं। दोनों ही सृजन करती हैं,

एक धरती को हरा-भरा करती है, दूसरी कोख को। दोनों का मूल स्वभाव सहनशीलता और पुनर्निर्माण है, क्योंकि दोनों में संवेदना है। यह अकारण नहीं है कि गांव की लाखों महिलाएं, जो रोज जंगल से लकड़ियां बीन कर लाती हैं, कुएं-पोखरों से पानी भरती हैं, वे कुदरत से बिना कुछ चाहे खुशी-खुशी स्वयंसेवकों की तरह रक्षा करती हैं। ये महिलाएं ही हैं, जो समय-समय पर जंगलों की रक्षा के लिए सैनिकों की तरह आगे बढ़कर आई हैं। महिलाएं ही हैं, जो खेतों में जैविक खाद डालती हैं, पेड़ों को कटने से बचाती हैं, क्योंकि उन्हें पता है पेड़ नहीं होंगे तो बारिश नहीं होगी। पूरी दुनिया में अब तक जितने भी जंगल बचाने के लिए आंदोलन हुए हैं, हमेशा इन आंदोलनों में महिलाओं ने न सिर्फ बढ़-चढ़ कर हिस्सेदारी की है बल्कि पहली कतार में वही रही हैं।

क्या कहते हैं शोध: संयुक्त राष्ट्र संघ की शोध रिपोर्ट बताती है कि जिन देशों में पर्यावरणीय नीतियों में महिलाओं की भागीदारी होती है, वहां वनों की कटाई, जल प्रदूषण और जैव विविधता पर सकारात्मक असर देखने को मिलता है। इसलिए संयुक्त राष्ट्र दुनिया की सभी सरकारों से कहता है कि वो महिलाओं को स्वच्छ ऊर्जा तकनीक, वनीकरण और स्थाई खेती से जोड़ें। क्योंकि महिलाएं जलवायु परिवर्तन की लड़ाई में निर्णायक रूप से भूमिका निभाती हैं। दरअसल, जब महिलाएं सशक्त होती हैं, तो वे न सिर्फ आर्थिक रूप से बल्कि शैक्षिक रूप से भी निर्णय लेने की क्षमता रखती हैं। देखा गया है कि महिलाएं हमेशा पर्यावरण के प्रति अनुकूल भाव रखती हैं, वे हमेशा हरित विकल्पों को तरजीह देती हैं। ये महिलाएं ही हैं, जो दुनिया में 90 फीसदी जल संग्रह करती हैं। ये महिलाएं ही हैं, जो जैविक बागवानी का बोझ अपने कंधों पर उठाए हुए हैं। स्थानीय स्तर पर शुद्ध बीजों की सुरक्षा महिलाओं की बदौलत ही हो पा रही है।

धरती और स्त्री दोनों शोषित: शायद इसलिए भी धरती के बोझ का दुख महिलाएं ज्यादा संवेदनशीलता से समझती हैं, क्योंकि धरती की तरह ही वे भी शोषित हैं। महिलाओं को समाज में अकसर निचले स्तर के कामों तक सीमित रखा जाता है। शिक्षा से वंचित और निर्णय लेने के मामले में उन्हें बाहर रखा जाता है, इसलिए दुनिया में कई तरह की अव्यवस्थाएं हैं, कई तरह की आक्रामकताएं हैं, क्योंकि नीतिगत निर्णय के मामले में महिलाओं को पुरुषों ने जान-बूझकर पीछे रखा है। वक्त आ गया है कि अब इस अन्याय को सुधारा जाए और धरती और स्त्री दोनों को ही सम्मान मिले, दोनों को ही अपनी-अपनी संवेदनशीलता के लिए आवाज मिले, क्योंकि धरती का दुख महिलाएं ही बेहतर जानती हैं। इसलिए महिलाओं के हाथ में ही धरती की सुरक्षा का भार सौंपना अक्लमंदी है।

धरती का अंधाधुंध दोहन नहीं करतीं महिलाएं: महिलाओं के हाथों में धरती को इसलिए सुरक्षित माना गया है, क्योंकि वो अंधाधुंध दोहन के दर्शन को नहीं मानतीं, वे मिलकर जीने के सिद्धांत की समर्थक होती हैं। महिलाएं कभी भी पर्यावरण को उस तरह हृदयहीनता से नुकसान नहीं पहुंचातीं, जैसे आमतौर पर धरती को पुरुष नुकसान पहुंचाते हैं। महिलाएं शांति पसंद होती हैं, वे पर्यावरण के साथ बेरहमी से पेश नहीं आतीं, इसलिए वक्त आ गया है कि धरती के सामने जो सवालिया निशान लगा है, उस निशान को हटाने के लिए यह भूमिका महिलाओं की दी जानी चाहिए।

पर्यावरण संरक्षक

महिलाएं जन्मजात पर्यावरण संरक्षक होती हैं। ये महिलाएं ही हैं, जो भारत के गांवों में जलस्रोतों की देखभाल करती हैं, पूरे देश में जैविक खाद तैयार करती हैं, बीजों को सहेजती हैं। जंगल, चारागाह, तालाब ऐसी विरासतें हैं, जिनकी देख-रेख आज भी महिलाओं के कंधों पर ही टिकी है, क्योंकि इनके प्रति उनका बेहद संवेदनशील रवैया है। ये महिलाओं का स्वभाव ही है, जो उन्हें पर्यावरणीय फैसलों का स्वाभाविक अगुवा बना देता है। यह सिर्फ अपने देश तक ही सीमित नहीं है, संयुक्त राष्ट्र संघ भी इस बात की तस्दीक करता है कि धरती के प्रति सबसे ज्यादा संवेदनशीलता अगर कोई रखता है तो वे महिलाएं हैं। साल 1973 में जब भारत में चिपको आंदोलन हुआ था तो ये महिलाएं ही थीं, जो पेड़ों से चिपक जाती थीं। लकड़हारों से कहती थीं, 'अगर पेड़ काटना है, तो पहले हमें काटो।' महिलाओं ने पेड़ों के लिए खुद को दांव पर इसलिए लगाया, क्योंकि वे जानती हैं कि पेड़ नहीं होंगे तो हवा जहरीली हो जाएगी। शायद इसीलिए दुनियाभर के पर्यावरणविद कहते हैं, 'दुनिया के पर्यावरण को सरकारें नहीं बचा सकती, उन्हें सिर्फ महिलाएं ही बचा सकती हैं।'

विशेषः विश्व पुस्तक दिवस, 23 अप्रैल

किताबें सिखाती हैं जीना



इस नए दौर में अधिकांश लोग हाथों में मोबाइल लिए सोशल मीडिया की दुनिया में खोए रहते हैं। किताबें पढ़ने की हमारी आदत खत्म होती जा रही है, जबकि किताबें हमारी सबसे भरोसेमंद दोस्त होती हैं, जीने की सही राह दिखाती हैं, जो जिंदगी की खुशहाली के लिए जरूरी है।

सलाह

सरस्वती रमेश

भावना बहुत अच्छी जॉब में थी, लेकिन एक एक्सीडेंट के चलते उसे अपना बायां पैर खोना पड़ा, जॉब छोड़नी पड़ गई। चलने से मजूबर भावना घर के एक कमरे में सिमट कर रह गई। पति ऑफिस चले जाते, बच्चे स्कूल। घर में बस वह अकेली बचती। उसे टीस होती कि अपने खोए पैर के कारण अब वह जीवन में कुछ नहीं कर पाएगी। धीरे-धीरे वह बहुत परेशान रहने लगी, चिड़चिड़ी हो गई। अपनी स्थिति के बारे में लगातार सोचने से वह मानसिक रूप से बीमार रहने लगी। उसका किसी काम में मन नहीं लगता था। तभी एक दिन भावना की सहेली ने उसे एक किताब गिफ्ट की। यह किसी दिव्यांग महिला की ऑटोबायोग्राफी थी कि उसने कैसे अपना जीवन संवारा और आत्मनिर्भर बनी। किताब को पढ़ते ही भावना के भीतर नई आशाएं जागीं। फिर क्या था, भावना ने किताबों से दोस्ती कर ली। हर हफ्ते एक नई किताब पढ़ती। इन्हें पढ़ने से उसे नई दृष्टि मिली। वह अपने आपको ऊर्जावान महसूस करती। साल भर बाद उसने महसूस किया कि किताबें पढ़-पढ़ कर वह इतना कुछ जान-समझ चुकी है कि उसे अपनी विकलांगता से कोई शिकायत नहीं रही। उसने अपनी लाइफ नए सिरे से प्लान की, भविष्य की सुनहरी राह बनाई। अब वह आत्मनिर्भर है, दूसरों के लिए एक मिसाल है।

हर किसी को पढ़नी चाहिए किताब: किताबें हम सबकी सच्ची दोस्त होती हैं। क्योंकि किताबें हमारा अकेलापन छांटती हैं, जीने का सलीका सिखाती हैं। जीवन में आगे बढ़ने का रास्ता दिखाती हैं। मुश्किलों से उबरने की तरकीब भी बताती हैं। हमारा आत्मविश्वास बढ़ाती हैं। किताबें पढ़कर हम हर तरह का ज्ञान अर्जित करते हैं, बौद्धिक रूप से समृद्ध होते हैं। किताबें महिलाओं के सशक्तीकरण की राह बनाती हैं।

पढ़ने की कोई उम्र नहीं होती: कुछ लोगों को यह कहते हुए सुना जाता है कि अब हमारी पढ़ने की उम्र नहीं रही। बुढ़ापे में पढ़कर क्या होगा? ऐसे लोगों को केरल की भागीरथी अम्मा से सबक लेना चाहिए, जो अब इस दुनिया में नहीं रहीं। उनको किताबें पढ़ने का जुनून था, इसलिए उन्होंने 105 साल की उम्र में चौथी क्लास की परीक्षा दी और पास हुईं। किताबें पढ़ने की अपनी इच्छा उन्होंने पूरी की। इसी तरह महाराष्ट्र के बारामती की रहने वालीं बेबी गुरव को परिवार की आर्थिक स्थिति के कारण बचपन में ही अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ी थी। सालों बाद जब उनका बेटा दसवीं में पहुंचा तो बेबी ने भी बेटे के साथ ही दसवीं की परीक्षाएं दीं और और पास भी हुईं। अब वह जमकर अपनी मनपसंद किताबें पढ़ती हैं, ज्ञान बढ़ाती हैं। ये कहानियां हमें बताती हैं कि पढ़ने की कोई उम्र नहीं होती। उसके लिए सिर्फ हमें किताबों से प्रेम करना आना चाहिए।

तन्हाई की सबसे भरोसेमंद साथी: माता-पिता की जिंदगी में एक ऐसा समय आता है, जब उनके बच्चे पढ़ने या जॉब करने के लिए घर से दूर चले जाते हैं। शादी के बाद अपनी दुनिया में व्यस्त हो जाते हैं। ऐसे में अकेले रह रहे माता-पिता के लिए किताबें अच्छी दोस्त साबित होती हैं। मन को शांत, एकाग्र और स्वस्थ रखने में किताबें इनकी मदद करती हैं।

उम्र बढ़ाती हैं किताबें: किताबें हमारे दिमाग को स्वस्थ और संतुलित रखने में मददगार होती हैं। शोध बताते हैं, नियमित रूप से किताबें पढ़ने से ब्लड प्रेशर सही रहता है। चूंकि किताबें हमारा मनोरंजन करती हैं, इसलिए इनसे तनाव कम होता है। शोध तो यहां तक कहते हैं कि किताबें पढ़ने से उम्र लंबी होती है।

बदलती है समाज की सोच: किताबें पढ़कर हम उन्नत विचारों को ग्रहण करते हैं, रूढ़िगत परंपराओं से बाहर आते हैं। किताबें परिवार-समाज को विचारों से प्रगतिशील बनाती हैं। इस तरह किताबें समाज में एक अच्छा बदलाव लाती हैं। इसलिए अपना और दूसरों का भी जीवन बदलने के लिए अधिक से अधिक किताबें पढ़ें।

इंटीरियर

अनु आर.

घर की दीवारों को सजाने के लिए पेंट या वॉल पेपर का चयन करना थोड़ा मुश्किल होता है। दरअसल, दोनों के अपने-अपने प्लस और माइनस प्वाइंट्स होते हैं। इसलिए अपनी पसंद और जरूरत के अनुसार आप किसी का भी चुनाव कर सकती हैं।

चुनें वही जो हो पसंद वॉल पेपर या पेंट





आमतौर पर जब बात घर और ऑफिस के इंटीरियर की आती है तो लोग वॉल पेंट को प्रमुखता देते हैं। इसमें कई स्टाइल, डिजाइन, पैटर्न से घर की दीवारों को सजाने के ऑप्शंस होते हैं। हालांकि पेंट और वॉल पेपर दोनों ही घर के इंटीरियर में अलग-अलग तरह के बदलाव लाते हैं। लेकिन दोनों के ही अपने-अपने फायदे और नुकसान होते हैं। आप इनमें से किसका चयन करना चाहती हैं, यह आपकी पसंद और जरूरत पर निर्भर करता है। इन दोनों में से कौन-सा ज्यादा अच्छा होता है, इसके बारे में अलग-अलग राय हो सकती है।

वॉल पेपर की क्वालिटीज: वॉल पेपर लोगों द्वारा इसलिए कम पसंद किए जाते हैं, क्योंकि इसे एक बार लगाने के बाद इसे हटाने का प्रोसेस थोड़ा मुश्किल होता है और इसके लिए प्रोफेशनल की मदद लेनी पड़ती है। उसकी तुलना में पेंट करवाना लोगों को ज्यादा सरल लगता है। वॉल पेपर किसी भी कमरे के एस्थेटिक्स में एक नया बदलाव ले आते हैं। जबकि पेंट में उतनी वैरायटी उपलब्ध नहीं होती। हालांकि वॉल पेपर्स हर घर के लिए उपयुक्त साबित नहीं होते। जिन घरों में बच्चे छोटे होते हैं और जहां पेट्स होते हैं, वहां वॉल पेपर जल्द खराब होने का डर रहता है। इसके अलावा जिन घरों की दीवारों में सीलन ज्यादा होती है, सीलन के कारण वॉल पेपर की शेप खराब हो जाती है और ये फूल जाती हैं। हालांकि वॉल पेपर की खूबी है कि इन पर अगर दाग या धब्बे लग जाते हैं तो उन्हें आसानी से रिमूव किया जा सकता है। अगर वॉल पेपर डैमेज हो जाते हैं तो इन्हें दोबारा फिक्स करवाया जा सकता है। हालांकि एक बार अगर वॉल पेपर घर की दीवारों पर लगा दिया जाता है और उसकी केयर की जाए तो यह कम से कम दस साल तक सही रहता है। वॉल पेपर में दीवारों के स्क्रेच या खुरदरेपन को छुपाया जा सकता है, जबकि पेंट में यह संभव नहीं होता। घर अगर बड़ा है और बड़ी दीवारों के लिए वॉल पेपर का इस्तेमाल किया जाता है तो इनमें आने वाले ज्वाइंट्स को अच्छी तरह से बनाना चाहिए। इनमें आने वाले क्रेक्स को भी ज्यादा देखभाल की जरूरत होती है।

वॉल पेंट की खासियत: वॉल पेपर और पेंट की तुलना करने पर हम पाते हैं कि पेंटिंग में काफी समय लगता है, कई मजदूरों की जरूरत पड़ती है। बाद में घर की साफ-सफाई भी अच्छे से करनी पड़ती है। वॉल पेंट सीलन भरी दीवारों पर जल्दी खराब तो होता ही है, बच्चे या पेट्स इन पर दाग-धब्बे लगा देते हैं और थोड़े समय बाद दीवारों पर पेंट पुराने लगने लगते हैं। अगर उस जगह तेज धूप आती हो तो पेंट और भी जल्दी खराब हो सकता है। हालांकि इसके बावजूद वॉल पेंटिंग को अधिकांश लोगों द्वारा पसंद किया जाता है और इसे अधिक टिकाऊ माना जाता है।

वॉल पेपर का बजट: वॉल पेपर को लगाने के लिए किसी प्रोफेशनल की जरूरत होती है, जबकि पेंट करने का काम आप फैमिली मेंबर्स के साथ मिलकर स्वयं भी कर सकती हैं। पेंट जगह-जगह से उखड़ जाता है तो इसकी आप खुद रिपेयरिंग भी कर सकती हैं। जबकि वॉल पेपर पर खर्च ज्यादा आ सकता है।

उपलब्ध हैं कई वैरायटीज: वॉल पेंट हो या वॉल पेपर, दोनों में ही कई तरह के प्रयोग किए जा सकते हैं। वॉल पेपर में तो बहुत सारे डिजाइन और वैरायटीज आपको मिल जाएंगी, जो घर के इंटीरियर में पूरी तरह बदलाव ला देती हैं। वॉल पेपर के डिजाइन घर को ज्यादा स्पेशियस दिखाते हैं। उनको कस्टमाइज्ड कराया जा सकता है और इन्हें ऑर्डर पर भी लाया जा सकता है।

केयर

सरिता गुप्ता

इस मौसम में ऐसे करें स्किन केयर

गर्मी के मौसम में स्किन का बहुत ध्यान रखना पड़ता है, नहीं तो तेज धूप की वजह से स्किन पर रैशेज, टैन, सनबर्न और एक्ने जैसी बहुत-सी प्रॉब्लम हो सकती हैं। ऐसा आपके साथ न हो, इसके लिए हम आपको ऐसे स्टेप्स बता रहे हैं, जिन्हें आजमाकर आप अपनी स्किन को ग्लोइंग बनाए रख सकती हैं।

फेस वॉश करें: आप जब भी बाहर से घर लौटकर आएं तो सबसे पहले फेस वॉश जरूर करें। इससे आपके चेहरे पर जमा पसीना, धूल, प्रदूषण आदि सब साफ हो जाएगा। ऐसा करने से आप फ्रेश भी फील करेंगी। इसके साथ ही हफ्ते में एक बार स्क्रब भी कर सकती हैं।

सनस्क्रीन: वैसे तो सनस्क्रीन का यूज हर मौसम में करना चाहिए, लेकिन गर्मियों में तो घर से बाहर जाते समय एसपीएफ 30 वाली सनस्क्रीन का यूज जरूर करना चाहिए। यदि ज्यादा देर तक धूप में रहना हो, तो एसपीएफ 50 का यूज करें क्योंकि सूरज से निकलने वाली खतरनाक अल्ट्रावायलेट किरणें, हमारी त्वचा को काफी नुकसान पहुंचाती हैं। सनस्क्रीन हमारी त्वचा को धूप के सीधे संपर्क में आने से भी बचाती है।

एक्सफोलिएट: स्किन को हफ्ते में एक बार एक्सफोलिएट जरूर करना चाहिए। इससे फेस बिल्कुल साफ नजर आता है। इसके लिए ऐसे स्क्रब का चयन करें, जो फेस की सूजन को कम करें और डीप क्लीन करे। यह स्किन के टेक्सचर को सुधारने के साथ-साथ झुर्रियों को भी दूर रखता है।

नाइट केयर: रात को सोते समय हमारी स्किन रिपेयरिंग का काम करती है। इसलिए रात को जब नाइट क्रीम का यूज करते हैं तो इससे स्किन रिंकल फ्री और ग्लो करने लगती है। इसके लिए आप ऐलोवेरा जैल का भी यूज कर सकती हैं। इसमें एंटी ऑक्सीडेंट, एंटी-बैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुण होते हैं।

केमिकल प्रोडक्ट्स: जहां तक संभव हो स्किन केयर के लिए हमेशा बिना केमिकल वाले प्रोडक्ट्स का यूज करना चाहिए। केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से स्किन पर एक्ने और रिंकल जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इनकी जगह नेचुरल प्रोडक्ट्स यूज करें।

होम रेमेडीज: स्किन को हाइड्रेट करने और फ्रेशनेस बनाए रखने के लिए आप होममेड फेसपैक जैसे मुल्तानी मिट्टी, चंदन पावडर और गुलाब जल से बने फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं। इनसे स्किन को कूलिंग इफेक्ट और फ्रेशनेस बनाए रखने में मदद मिलती है।

मॉयश्चराइजर: गर्मियों में अकसर लोग स्किन को मॉयश्चराइज करना अवॉयड करते हैं, जबकि यह स्किन केयर का जरूरी स्टेप होता है। एक्सपर्ट्स के अनुसार गर्मी में लाइट या वॉटर बेस्ड मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए, जिससे स्किन ऑयली और डल न लगे।

(ब्यूटी एक्सपर्ट सीमा शर्मा से बातचीत पर आधारित)

डाइट सजेशन

मुक्ता भावसार

गर्मी के मौसम में खुद को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी होता है। इससे आप एनर्जेटिक फील करेंगी। हम आपको बता रहे हैं कुछ ऐसी डाइट के बारे में, जो आपको रखेंगे हाइड्रेटेड।

गर्मी के मौसम में ऐसे रखें खुद को एनर्जेटिक-हाइड्रेटेड

गर्मी का मौसम अपने साथ लू, थकान और शरीर में पानी की कमी जैसी कई समस्याएं लेकर आता है। जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, वैसे-वैसे शरीर से पसीने के रूप में पानी और जरूरी मिनरल्स बाहर निकल जाते हैं। ऐसे में अगर शरीर को समय-समय पर हाइड्रेट न किया जाए, तो चक्कर आना, थकावट और डिहाइड्रेशन जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। गर्मियों में सही खान-पान और पर्याप्त पानी पीना न सिर्फ शरीर को ठंडक देता है, बल्कि ऊर्जावान भी बनाए रखता है। गर्मियों में थोड़ी-सी सावधानी और कुछ घरेलू उपाय अपनाकर आप न सिर्फ खुद को हाइड्रेटेड रख सकती हैं, बल्कि लू और थकान जैसी समस्याओं से भी बच सकती हैं।

पर्याप्त पानी पिएं: गर्मी में रोजाना कम से कम 8-10 गिलास पानी पीना जरूरी है। अगर पसीना ज्यादा आता है, तो मात्रा और बढ़ा दें। ठंडा पानी नहीं, बल्कि सामान्य तापमान या हल्का ठंडा पानी पीना ज्यादा फायदेमंद होता है। अगर सादा पानी पीने का मन न हो, तो उसमें नीबू, पुदीना, खीरा या तुलसी डालकर फ्लेवर्ड वाटर बनाएं। घर से निकलते समय एक गिलास पानी जरूर पीएं और पानी की बोतल साथ रखें।

हाइड्रेटिंग फ्रूट्स: तरबूज, खीरा, संतरा, अंगूर जैसे फलों में पानी भरपूर होता है। लौकी, तोरई जैसी सब्जियां और नारियल पानी शरीर को ठंडक और इलेक्ट्रोलाइट्स प्रदान करते हैं। गर्मी के मौसम में इनका भरपूर सेवन करें। इसके साथ ही, नीबू पानी, लस्सी, बेल शरबत, आम का पना, जलजीरा और सौंफ-गुलकंद का पानी शरीर को ठंडा और पाचन को दुरुस्त रखते हैं। लस्सी, छाछ, पुदीना-तुलसी ड्रिंक, सत्तू का शरबत, पान-गुलाब शरबत जैसे पेय शरीर को ठंडा रखने के साथ-साथ एनर्जी भी देते हैं। गर्मी के मौसम में कोल्ड ड्रिंक्स और कैफीन का सेवन करने से बचें।

मसालेदार खाने से करें परहेज: अपने भोजन में सलाद, दही, ताजे फल, दालें और हरी सब्जियां जरूर शामिल करें। तले-भुने और मसालेदार खाने से परहेज करें। जंक और स्ट्रीट फूड का सेवन ना करें, क्योंकि यह पेट में गर्मी और एसिडिटी बढ़ा सकता है। बेहतर पाचन और शरीर में पानी की संतुलित मात्रा बनाए रखने के लिए हल्का, सुपाच्य और पौष्टिक भोजन ही लें।

(आहार विशेषज्ञ पूनम विशाल ज्वेल से बातचीत पर आधारित)

पेज एक का शेष

भारतीय परिधान में...

आए। वेंस के दोनों बेटे कुर्ता-पायजामा पहने हुए हैं जबकि बेटी अनारकली स्टाइल के सूट के साथ कढ़ाई वाली जैकेट पहनी हुई थी। विमान से दोनों बेटे वेंस के साथ उतरते हैं जबकि बेटी को उतरने में दिक्कत होती है तो खुद उपराष्ट्रपति उसे गोद में उठाकर नीचे उतारते हैं। विमान से उतरने के बाद दोनों बेटों और बेटी से रेली मंत्री अश्वनी वैष्णव ने मुलाकात की। इस दौरान मंत्री वेंस के सबसे बड़े बेटे के साथ कुछ बातचीत करते हुए दिखाई दे रहे थे। उपराष्ट्रपति वेंस की पत्नी उषा भारतीय मूल की हैं। यही कारण है कि बच्चों में भारतीय परिधान पहना हुआ था। इस दौरान खुद उषा रेड कलर की स्टाइलिश मैक्सी ड्रेस पहनकर आईं, जिसे उन्होंने वाइट ब्लेजर के साथ पेयर किया।

मुर्शिदाबाद में जिन ...

में बंटेगा? उन्होंने कहा कि क्या लालू यादव,राहुल गांधी, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल जैसे नेता या किसी भी विपक्षी पार्टी के लोगों को वहां जाना चाहिए या नहीं, और अगर नहीं जा रहे हैं तो क्या वह हमवतनी है। इंद्रेश कुमार ने कहा कि अप्रैल का महीना ईद के मुबारक त्यौहार के साथ शुरू हुआ था तब से हमने कहा था कि जहां पर भी मेल मिलाप के लिए बुलाया जाएगा हम जाएंगे। शायद 200 साल पहले हमारे और आपके पूर्वजों ने ईद नहीं मनाई थी। वह हिंदुस्तानी थे और सदा रहेंगे। उस समय तो मजहब इस्लाम नहीं था। उन्होंने नवरात्रि और रामनवमी मनाई होगी। इंद्रेश कुमार ने कहा कि आप लोगों में से ज्यादातर लोग वही हैं जिनके सैकड़ों वर्ष पूर्व जिनके बुजुर्ग मंदिरों में जाते थे? खुदा ने कभी भी इंसान को नफरतों में नहीं भेजा था। उन्होंने तो सिर्फ मोहब्बत में भेजा था लेकिन यहां पर लोग नफरत फैलाने लगे उसको शरीयत कहने लगे। जो संविधान की इज्जत नहीं करता वह रसूल का समर्थक नहीं हो सकता उसका दुश्मन होता है।

आज जिन नीतियों...

सर्वेंट जो राष्ट्र की सेवा को अपना सर्वोत्तम कर्तव्य माने, जो लोकतांत्रिक तरीके से प्रशासन चलाए, जो ईमानदारी, अनुशासन और समर्पण से भरा हुआ हो।

प्रभावशाली ...

के लिए भी विकास रथ के हर चक्र को मिलकर चलना है। दृढ़ प्रतिज्ञ होकर हर क्षण, हर दिन इस लक्ष्य के लिए काम करना है। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जीना है, जिंदगी खपानी है।

दुबे पर केस कीजिए...

करने की मांग की गई है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा बयान आया है। अवमानना की कार्रवाई की मांग लेकर पहुंचे याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि दुबे ने सुप्रीम कोर्ट और भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना की गलत तरीके से आलोचना कर अवमानना की है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केस करने के लिए आपको हमारी अनुमति की जरूरत नहीं है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ से वकील ने दुबे की टिप्पणियों के बारे में हाल ही में आई एक खबर का हवाला दिया और कहा कि वह अदालत की अनुमति से अवमानना याचिका दायर करना चाहते हैं। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, आप इसे दायर करें। दायर करने के लिए आपको हमारी अनुमति की जरूरत नहीं है। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को मामले में अटॉर्नी जनरल से मंजूरी लेने की जरूरत है।

क्या है मामला?: दरअसल, दुबे की टिप्पणी केंद्र के न्यायालय को दिए गए आश्वासन के बाद आई है कि वह वक्फ (संशोधन) अधिनियम के कुछ विवादास्पद प्रावधानों को सुनवाई के अगले दिन तक लागू नहीं करेगा, क्योंकि न्यायालय ने उन पर सवाल उठाए थे। इसके बाद वक्फ अधिनियम मामले में एक वादी का प्रतिनिधित्व करने वाले सुप्रीम कोर्ट के वकील अनस तनवीर ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी को पत्र लिखकर दुबे के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने की सहमति मांगी, क्योंकि उन्होंने शीर्ष न्यायालय की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी की थी।

शाम साढ़े 5 के ....

सुबह 2 बजे तक मतदाताओं की लाइनें लगी रहीं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब हमने उनसे वीडियोग्राफी देने के लिए कहा तो उन्होंने न केवल मना कर दिया, बल्कि उन्होंने कानून भी बदल दिया ताकि हम वीडियोग्राफी के लिए न कह सकें।

भाजपा ने खोला ...

हजार की जमानत पर हैं, देश को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। पात्रा ने कांग्रेस द्वारा की जा रही प्रेस कॉन्फ्रेंस की तुलना चोर मचाए शोर से की।

गृहमंत्री शाह की ...

से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री साय ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में नए आपराधिक कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रशासनिक व तकनीकी तैयारियाँ पूरी की जा चुकी हैं। राज्य में 27 प्रकार की एसओपी और दिशा-निर्देश तैयार कर लागू किए गए हैं। इसके साथ ही लगभग 37 हजार 385 पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। न्यायालयों, पुलिस थानों और जेलों को ई-साक्ष्य और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम से लैस किया गया है। राज्य में अब तक 53 हजार 981 एफआईआर नए कानूनों के तहत दर्ज की जा चुकी हैं, जिनमें से लगभग 50 फीसदी मामलों में चालान प्रस्तुत हो चुके हैं। बैठक में नक्सल समस्या के स्थायी समाधान के लिए भी विशेष रणनीति पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल के महीनों में राज्य में चलाए गए ऑपरेशनों में कई वांछित नक्सली मारे गए, गिरफ्तार हुए या आत्मसमर्पण कर चुके हैं। नियद नेलानार योजना, बस्तर ओलंपिक, महिला सुरक्षा केंद्र, और आदिवासी क्षेत्रों में होमस्टे व पर्यटन ढांचे का विकास जैसे प्रयासों से युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का सार्थक प्रभाव पड़ा है।

मुख्यमंत्री ने बैठक में जोर देकर कहा कि राज्य सरकार वर्ष 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने के लिए कटिबद्ध है और बस्तर को भारत के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अब तक किए गए कार्यों की सराहना करते हुए गृह मंत्री ने शीघ्र नए क़ानूनों को राज्य में शत प्रतिशत लागू करने पर बल दिया। गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ से समन्वय और तत्परता की अपेक्षा जताई और कहा कि नए कानूनों का उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को सरल, तेज़ और अधिक जनोन्मुखी बनाना है।

बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, पुलिस महानिरीक्षक सुशील द्विवेदी, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव राहुल भगत, प्रमुख सचिव विधि रजनीश श्रीवास्तव, सचिव गृह, नेहा चंपावत सहित अन्य अधिकारी भी शामिल हुए।

फसलों की आगजनी...

किसान यूनियन द्वारा इस बारे में उन्हें बताया गया है कि अधिकतर घटनाएं बिजली निगम की लापरवाही के कारण हुई हैं, विशेष रूप से खेतों के ऊपर से गुजरती ढीली और झुकी हुई बिजली लाइनों के कारण। सांसद ने पत्र में कंवरपुरा गांव में तारों की चपेट में आने से एक किसान की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु का भी जिक्र किया। इसके अलावा, मोरीवाला, रसूलपुर, बुर्ज भंगू और साहुवाला गांवों में बिजली आपूर्ति देने वाली लाइनों के कारण कई खेतों में आग लगी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की कि इन गांवों में तुरंत विशेष गिरदावरी करवाई जाए और प्रभावित किसानों को यथाशीघ्र उचित मुआवजा प्रदान किया जाए, जिससे उनकी मेहनत और आजीविका की भरपाई हो सके और किसान खरीफ फसल की बिजाई की तैयार कर सके। सांसद ने सीएम से अनुरोध किया है कि यह समय है जब सरकार किसानों की परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए उन्हें राहत देने के लिए त्वरित कदम उठाए।

सैलजा ने रेल मंत्री से की सिरसा और आसपास के क्षेत्रों के लिए विभिन्न रेलवे सुधारों की मांग: सांसद सैलजा ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को एक पत्र लिखकर अपने संसदीय क्षेत्र सिरसा और आसपास के क्षेत्रों से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण रेलवे मुद्दों को शीघ्र सुलझाने का अनुरोध किया है। कुमारी सैलजा ने पत्र में सिरसा और कालांवाली रेलवे स्टेशनों के सुधार, साथ ही बठिंडा-दिल्ली किसान एक्सप्रेस के समय में बदलाव सहित विभिन्न मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित किया है। सिरसा रेलवे स्टेशन की ऐतिहासिक अहमियत को रेखांकित करते हुए, कुमारी सैलजा ने कहा कि स्टेशन पर पर्याप्त रेलवे भूमि उपलब्ध है, जहां पूर्व में लोको शेड और पानी की टंकी जैसी सुविधाएं रही हैं। स्थानीय लोग लंबे समय से वाशिंग लाइन की मांग कर रहे हैं, जिससे अधिक ट्रेनों का संचालन संभव हो सके और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इसके अलावा, कालांवाली रेलवे स्टेशन के संदर्भ में सांसद ने स्टेशन के सामने बनाई गई रेलवे दीवार के कारण टाउन मार्केट, गुरुद्वारा और आसपास के घरों तक पहुंचने के रास्ते बंद होने की समस्या को उठाया है। उन्होंने दीवार में रास्ता खोलने की मांग की है ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके।

सांसद ने बठिंडा-दिल्ली किसान एक्सप्रेस (14732) के समय में बदलाव का मुद्दा भी उठाया है, जिसमें ट्रेन का समय सुबह 7:40 से बदलकर 5:40 कर दिया गया है, जिससे विद्यार्थियों और कामकाजी लोगों को कठिनाई हो रही है। सैलजा ने रेल मंत्री से अनुरोध किया कि ट्रेन का समय पूर्ववत किया जाए। साथ ही, बुर्जभंगू और भंगू गांवों को एनएच-9 से जोड़ने वाली सड़क पर अंडर ब्रिज की निर्माण की आवश्यकता को भी सांसद ने उजागर किया। उन्होंने कहा कि अंडर ब्रिज के अभाव में लोग आठ किलोमीटर का अतिरिक्त मार्ग अपनाने को मजबूर हैं। इसका निर्माण क्षेत्रवासियों को काफी राहत देगा। सांसद ने केंद्रीय रेल मंत्री से आग्रह किया है कि उपरोक्त मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए सिरसा क्षेत्र के नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करने का आदेश दें।

डॉ. मांगी लाल जाट...

कार्यक्रम के निदेशक के पद पर कार्यरत थे। डॉ. जाट सतत कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने में विश्व स्तर पर सम्मानित व्यक्ति रहे हैं जो कृषि विज्ञान, जलवायु-अनुकूल कृषि के साथ संरक्षित कृषि में 25 वर्षों से अधिक का वृहद अनुभव रखते हैं। उनकी नियुक्ति से भाकृअनुप के व्यापक कृषि पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर नवाचार, संधारणीयता एवं किसान-केन्द्रित अनुसंधान को गति मिलने की उम्मीद है। भाकृअनुप-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), नई दिल्ली के पूर्व छात्र, डॉ. जाट ने वर्षा आधारित बाजरा फसल में मृदा नमी संरक्षण की विशेषज्ञता- शुष्क क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र जैसे विषय परकृषि विज्ञान में पीएचडी की है। उनके अग्रणी शोध ने एशिया और अफ्रीका महादेश में छोटे किसानों के लिए सतत गहनता की रणनीतियों को नया आकार दिया जिससे खाद्य प्रणाली के जलवायु अनुकूल उत्पादन हेतु वैश्विक प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसके अलावा, भाकृअनुप में सिस्टम एग्रोनॉमिस्ट के रूप में 12 वर्षों तक कार्य किया है। उनके द्वारा जलवायु-स्मार्ट प्रौद्योगिकियों, पुनर्योजी कृषि पद्धतियों तथा कृषि में डिजिटल नवाचारों के समर्थन से महाद्वीपों में कृषि नीतियों एवं प्रथाओं पर महत्वपूर्ण प्रभाव देखने को मिला है। डॉ. जाट की कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में, प्रमुख के रूप में भूमिका रहा हैं-जिनमें संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) और इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ प्रिसिजन एग्रीकल्चर (आईएसपीए) शामिल हैं।

88 साल की पोप ...

थे। पोप फ्रांसिस जेसुइट ऑर्डर से पहले पोप थे। 8वीं शताब्दी के बाद से यूरोप के बाहर से पहले पोप थे। अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में जॉर्ज मारियो बर्गोग्लियो के रूप में जन्मे पोप फ्रांसिस 1969 में कैथोलिक पादरी नियुक्त किया गया था। 28 फरवरी, 2013 को पोप बेनेडिक्ट XVI के इस्तीफे के बाद 13 मार्च को एक पोप सम्मेलन ने कार्डिनल बर्गोग्लियो को उनका उत्तराधिकारी चुना। उन्होंने सेंट फ्रांसिस ऑफ असीसी के सम्मान में फ्रांसिस को अपना पोप नाम चुना। अब आधिकारिक शोक की 14 दिन की अवधि होगी, जिसके बाद कार्डिनल मसीह के नए विकर का चुनाव करने के लिए सम्मेलन होगा। किसी पोप का चुनाव तभी होता है, जब उन्हें दो-तिहाई कार्डिनल्स के वोट हासिल हो जाएं। यानी 120 में से 80 वोट। पोप फ्रांसिस जब जवान थे, तब उनके एक फेफड़े में संक्रमण के कारण उसे हटाना पड़ा था। इस कारण उन्हें सांस से जुड़ी बीमारियों का सामना करना पड़ रहा था। 2023 में भी उन्हें फेफड़ों में संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था।

करुणा-विनम्रता...

आध्यात्मिक साहस के प्रतीक के रूप में याद किया जाएगा। छोटी उम्र से ही उन्होंने प्रभु मसीह के आदर्शों को साकार करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया। उन्होंने गरीबों और वंचितों की लगन से सेवा की। जो लोग पीड़ित थे, उनके लिए उन्होंने आशा की भावना जगाई। मैं उनके साथ अपनी मुलाकातों को याद करता हूं और समावेशी और सर्वांगीण विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता से बहुत प्रेरित हुआ। भारत के लोगों के प्रति उनका स्नेह हमेशा संजोया जाएगा। उनकी आत्मा को ईश्वर की गोद में शांति मिले।

भीड़ न जुटा पाना पड़ा महंगा

खरगे की सभा के बाद बक्सर के जिलाध्यक्ष निलंबित



एजेंसी ▶▶ पटना

बक्सर में रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जनसभा की थी। जनसभा के बाद सत्ता पक्ष ने तंज कसा था कि कांग्रेस अध्यक्ष की सभा में कुर्सियां खाली ही दिख रही थी। जनता ने चुनाव से पहले ही उन्हें जवाब दे दिया है। कांग्रेस ने इस बात को गंभीरता से ले लिया और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय को निलंबित कर दिया है। बिहार प्रदेश कांग्रेस ने मनोज पांडेय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम को लेकर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। बिहार प्रदेश के कार्यालय सचिव उमेश प्रसाद सिंह ने अपने पत्र में लिखा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की जनसभा की तैयारियां बेहद कमजोर थीं। जिला कांग्रेस कमेटी ने अपने दायित्वों का सही से निर्वहन नहीं किया। कार्यक्रम में समन्वय का अभाव था। इससे राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे की गरिमा को ठेस पहुंची।

खरगे ने पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार बोला था हमला

कांग्रेस अध्यक्ष ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार की जोड़ी केवल कुर्सी के लिए है। यह जोड़ी बिहार के विकास के लिए नहीं है। सीएम नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि वह एक बार इंडिया गठबंधन की गोद में आते हैं। इसके बाद यहां कुछ दिन गुजारने के बाद लगा कि भाजपा आनेवाली है तो वह इधर से उधर चले जाते हैं। यह देश के लिए सही नहीं।



चिंतन

लोकसेवा को भ्रष्टाचारमुक्त व जवाबदेह बनाने की जरूरत

सरकार चाहे नीतियां बनाएं या बजट, तीन बातों को ध्यान में रखकर काम करती है। अल्प अवधि यानी तत्काल की जरूरत, मध्य अवधि की आवश्यकता और दीर्ध अवधि की योजना। कार्ययोजना चालू वर्ष, अगले तीन वर्ष और पांच वर्ष के लिए तैयार की जाती है। पिछले एक दशक से सरकार कुछ इसी पैटर्न पर काम कर रही है। सरकार ने लंबी अवधि योजना के तहत वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य भी अपने लिए रखा है। लेकिन सभी स्तर की योजनाओं के क्रियान्वयन में लोक सेवक या प्रशासनिक अधिकारियों की अहम भूमिका है। भारत की विकास यात्रा और नीति निर्माण में लोक सेवक रीढ़ की भूमिका निभाते हैं। यह खासियत भी है और कमियां भी हैं। योग्य व श्रेष्ठ ब्रेन लोक सेवा में आते हैं, लेकिन हमारी प्रशासनिक कार्यप्रणाली में इतनी जड़ता, बाबूइज्म, सुस्ती व भ्रष्टाचार हैं कि नीति निर्माण से लेकर उसके क्रियान्वयन तक की प्रक्रिया अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाते हैं। आजादी के बाद से ही अंग्रेजी ढर्रे पर चल रहे प्रशासनिक ढांचे में समय समय पर यूं तो अनेक बार सुधार किए गए हैं, इसके बावजूद इसका मूल चरित्र लोकोन्मुखी नहीं हो सका है। देश के प्रशासनिक ढांचे में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। 21 अप्रैल को हर वर्ष सिविल सेवा दिवस मनाया जाता है, इस दिन लोक सेवकों को अपने कामकाज का अवलोकन करने का अवसर मिलता है। देश के पहले गृहमंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने वर्ष 1947 में इसी दिन दिल्ली के मेटकाफ हाउस में परिवीक्षाधीन प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को संबोधित किया था और लोक सेवकों को 'भारत का स्टील फ्रेम' कहा था। देश का प्रशासनिक ढांचा आज भी स्टील फ्रेम की तरह मजबूत है, लेकिन भारतीयता, स्थानीय जरूरत, स्वदेशी ढांचा, पारदर्शिता, जवाबदेही, समयबद्धता, गतिशीलता जैसे लक्षणों से दूर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय प्रशासनिक ढांचे की जड़ता की ओर ध्यान दिलाते हुए विज्ञान भवन में लोक सेवकों के साथ अपने संवाद में दो टूक कहा कि, 'भारत की नौकरशाही और नीति निर्माण प्रक्रिया पुराने ढर्रे पर नहीं चल सकती।' पीएम ने औद्योगीकरण और उद्यमिता की गति को नियंत्रित करने वाले नियामक के रूप में नौकरशाही की पुरानी भूमिका का जिक्र करते हुए इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्र इस मानसिकता से आगे बढ़ चुका है और अब ऐसा माहौल बना रहा है जो आम नागरिकों के बीच उद्यमिता को प्रोत्साहित करता है एवं उन्हें बाधाओं से निपटने में मदद करता है। इसलिए सिविल सेवाओं को अपने में बदलाव कर नियम पुस्तिकाओं का मात्र रखवाला न बनकर, विकास का सूत्रधार बनना चाहिए। देश का शासन मॉडल अब अगली पीढ़ी के सुधारों पर केंद्रित है तथा सरकार एवं आम नागरिकों के बीच की खाई को पाटने के लिए प्रौद्योगिकी एवं नई प्रक्रियाओं का सहारा लिया जा रहा है। हाल के वर्षों में सरकार ने नागरिक सशक्तिकरण, सेवा वितरण में सुधार, डिजिटल गैप को पाटने व प्रशासनिक क्षमता में वृद्धि के लिए कदम उठाए हैं। सिविल सेवा को दक्ष, प्रतिस्पर्धी और प्रभावी बनाने के लिए मिशन कर्मयोगी, लेटरल एंट्री, ई-समीक्षा, ई-ऑफिस, सिटीज़न चार्टर, सुशासन सूचकांक जैसे उपाय किए गए हैं। इन सुधारों का मुख्य उद्देश्य लोकसेवा को अधिक कुशल, पारदर्शी, भ्रष्टाचार मुक्त और जवाबदेह बनाना है। हालांकि 1966 और 2005 के प्रशासनिक सुधार आयोगों की सिफारिशें अभी भी लागू होने का इंतजार कर कर रही हैं। सिविल सेवकों के कामकाज व सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का सोशल ऑडिट आवश्यक है। सिविल सेवा को अधिक जवाबदेह, लोकोन्मुख और परिणामोन्मुखी बनाने की आवश्यकता है।

सारा संसार

गोबिंद सागर झील सतलुज नदी पर बने भाखड़ा बांध के पानी से बनी एक मानव निर्मित झील है जो 170 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैली हुई है जो 90 किलोमीटर लंबी है। अपने स्थान और हिमालय पर्वतमाला से निकटता के कारण, झील हरे-भरे हरियाली और हर मोड़ पर शांति की आभा से घिरी हुई है।

विश्व पृथ्वी दिवस

रोहित कौशिक

सिर्फ नारों से नहीं बचेगी धरती

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज धरती को बचाने के लिए भाषणबाजी तो बहुत होती है, लेकिन धरातल पर काम नहीं हो पाता है। यही कारण है कि धरती और पर्यावरण की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। जिस तरह से मौसम चक्र बिगड़ रहा है, वह हम सबके साथ समाज के उस वर्ग के लिए भी चिंता का विषय है जो ग्लोबल वार्मिंग पर चर्चा करने को फैशन मानने लगा था। दरअसल इन दिनों सम्पूर्ण विश्व में धरती बचाने के नारे जोर-शोर से सुने जा सकते हैं, लेकिन जब नारे लगाने वाले ही अभियान की हवा निकालने में लगे हों, तो धरती पर संकट के बादल मंडराने तय हैं। आज विभिन्न देशों में अनेक मंचों से जो धरती बचाओ आन्दोलन चलाए जा रहे हैं, उनमें एक अजीब विरोधाभास दिखाई दे रहा है। धरती सभी बचाना चाहते हैं, लेकिन अपने नहीं दूसरों के त्याग की कीमत पर। स्थायी विकास, ग्रीन इकोनॉमी और पर्यावरण संबंधी विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा जरूरी है लेकिन इसका फायदा तभी होगा जब हम व्यापक दृष्टि से सभी देशों के हितों पर ध्यान देंगे। गौरतलब है कि ग्रीन इकोनॉमी के तहत पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना सभी वर्गों की तरक्की वाली अर्थव्यवस्था का निर्माण करना शामिल है लेकिन हरित अर्थव्यवस्था के उद्देश्यों के क्रियान्वयन के लिए विकसित देश, विकासशील देशों की अपेक्षित सहायता नहीं करते। स्पष्ट है कि विकसित देशों की हठधर्मिता की वजह से पर्यावरण के विभिन्न मुद्दों पर कोई स्पष्ट नीति नहीं बन पाती है। वास्तव में हम पिछले अनेक दशकों से भ्रम में जी रहे हैं। यही कारण है कि पर्यावरण के अनुकूल तकनीक के बारे में सोचने की फुरसत किसी को नहीं है। पुराने जमाने में पर्यावरण के हर अवयव को भगवान का दर्जा दिया जाता था। नए जमाने में पर्यावरण के अवयव वस्तु के तौर पर देखे जाने लगे और हम इन्हें मात्र भोग की वस्तु मानने लगे। यह समझ विकसित करने के लिए एक बार फिर हमें नए सिरे से सोचना होगा। हमें यह मानना होगा कि जलवायु परिवर्तन की यह समस्या किसी एक शहर, राज्य या देश के सुधरने से हल होने वाली नहीं है। इस समय सम्पूर्ण विश्व में पर्यावरण के प्रति चिंता देखी जा रही है। यदि ग्रीन हाउस गैसों की वृद्धि इसी तरह जारी रही तो दुनिया को लू, सूखे, बाढ़ व समुद्री तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ेगा। तटीय इलाकों पर अस्तित्व का संकट पैदा हो जाएगा और अनेक पारिस्थितिक तंत्र, जंतु एवं वनस्पतियां विलुप्त हो जाएंगी। 30 फीसद एशियाई प्रवाल भित्ती जो कि समुद्रीय जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, अगले तीस सालों में समाप्त हो जाएंगी। वातावरण में कार्बनडाइआक्साइड की मात्रा बढ़ने से समुद्र के अम्लीकरण की प्रक्रिया बढ़ती चली जाएगी जिससे खोल या कवच का निर्माण करने वाले प्रवाल या मूंगा जैसे समुद्रीय जीवों और इन पर निर्भर रहने वाले अन्य जीवों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। दरअसल उन्नत भौतिक अवसंरचना जलवायु परिवर्तन के विभिन्न खतरों जैसे बाढ़, खराब मौसम, तटीय कटाव आदि से कुछ हद तक रक्षा कर सकती है। गौरतलब है कि विभिन्न तौर-तरीकों से जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित किया जा सकता है। इन तौर-तरीकों में ऊर्जा प्रयोग की उन्नत क्षमता, वनों के काटने पर नियंत्रण और जीवाश्म ईंधन का कम से कम इस्तेमाल जैसे कारक प्रमुख हैं। अब हमें यह समझना होगा कि धरती को सिर्फ नारे लगाकर नहीं बचाया जा सकता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

यूएस से कारोबार की नई उम्मीदें

वेंस की यात्रा

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा पर पूरे देश और दुनिया की निगाहें लगी हुई हैं। इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शुल्क के मुद्दे और भारत-अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिए जाने के मद्देनजर बातचीत को तेजी से आगे बढ़ाने सहित भारत-अमेरिका संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर भी वार्ता होगी। उम्मीद करें कि वेंस की भारत यात्रा के दौरान भारत के साथ शुल्क के मुद्दे और भारत-अमेरिका के बीच हुए नए कारोबार समझौते को वर्ष 2025 के अंत तक अंतिम आकार दिए जाने के लक्ष्य के मद्देनजर लाभप्रद होगी। साथ ही इससे भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार का नया दौर आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा।

इक्कीस से 24 अप्रैल तक अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा पर पूरे देश और दुनिया की निगाहें लगी हुई हैं। इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शुल्क के मुद्दे और भारत-अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिए जाने के मद्देनजर बातचीत को तेजी से आगे बढ़ाने सहित भारत-अमेरिका संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर भी वार्ता होगी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 18 अप्रैल को प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के करीबी सहयोगी और अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क के बीच प्रौद्योगिकी और नवाचार में साझेदारी तथा आपसी कारोबार हित संबंधी मुद्दों पर प्रभावी चर्चा हुई है।

गौरतलब है कि विगत 13 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप के बीच व्हाइट हाउस में हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप एक हाथ से देने और दूसरे से लेने में कामयाब दिखाई दिए हैं। इस वार्ता के दौरान भारत और अमेरिका ने व्यापार निवेश, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में कारोबार तथा वैश्विक व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने पर आधारित नए द्विपक्षीय कारोबार समझौते की रूपरेखा पर सहमति जताई है। दोनों देशों ने अमेरिका के व्यापार घाटे को कम करने, व्यापार पर गतिरोध के बीच टैरिफ को कम करने, अधिक अमेरिकी तेल, गैस और लड़ाकू विमानों की खरीदी के बारे में बात करने और रियायतों पर भी सहमति जताई है। दोनों देशों ने द्विपक्षीय समझौते के तहत भारत और अमेरिका के बीच वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार के लिए 500 अरब डालर का लक्ष्य निर्धारित किया है। साथ ही भारत और अमेरिका भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे के निर्माण के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं। इस परिप्रेक्ष्य में विगत 9 अप्रैल को अमेरिका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट ने व्हाइट हाऊस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पूरी दुनिया में भारत ऐसे पहले देश के रूप में सामने आया है, जो अमेरिका के साथ सबसे पहले टैरिफ पर प्रभावी बातचीत करते हुए दिखाई दे रहा है। भारत-अमेरिका के बीच बीटीए को 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण करना सुनिश्चित किया गया है। यह भारत की टैरिफ कूटनीति की ही जीत है कि ट्रंप द्वारा चीन पर 245 फीसदी टैरिफ लागू कर दिया गया है और भारत पर लगाए गए 26 फीसदी टैरिफ को 90 दिनों तक स्थगित कर दिया गया है। ऐसे में भारत के कई प्रमुख उद्योग क्षेत्र लाभान्वित हो सकते हैं। इनमें आईटी, टेक्सटाइल और परिधान और सेमीकंडक्टर उद्योग आदि शामिल हैं। निःसंदेह अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध में भारत का यह रणनीतिक मंथन है कि मित्र देश अमेरिका से भारत को अधिक लाभ हो सकते हैं। हाल ही में प्रकाशित विदेश व्यापार के आंकड़ों के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका लगातार चौथी बार भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। साथ ही दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार 131.84 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह महत्वपूर्ण है कि पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका को भारत का निर्यात 11.6 प्रतिशत बढ़कर 86.51 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 77.52 अरब डॉलर था। 2024-25 में अमेरिका से आयात 7.44

प्रतिशत बढ़कर 45.33 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 42.2 अरब डॉलर था। अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 41.18 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो 2023-24 में 35.32 अरब डॉलर था।

यदि हम भारत के द्वारा अमेरिका को किए गए मुख्य निर्यात को देखें तो पाते हैं कि पिछले वर्ष अमेरिका को किए गए निर्यात में औषधि निर्माण व जैविक (8.1 अरब डॉलर), दूरसंचार उपकरण (6.5 अरब डॉलर), कीमती व अर्ध-कीमती पत्थर (5.3 अरब डॉलर), पेट्रोलियम उत्पाद (4.1 अरब डॉलर), सोना व अन्य कीमती धातु के आभूषण (3.2 अरब डॉलर), सहायक उपकरण सहित सूती तैयार वस्त्र (2.8 अरब डॉलर) और लोहा व इस्पात के उत्पाद (2.7 अरब डॉलर) शामिल हैं। अमेरिका से भारत वाले आयात में कच्चा तेल (4.5 अरब डॉलर), पेट्रोलियम उत्पाद (3.6 अरब डॉलर), कोयला, कोक (3.4 अरब डॉलर), कटे व पॉलिश किए हुए हीरे (2.6 अरब डॉलर), इलेक्ट्रिक मशीनरी (1.4 अरब डॉलर), विमान, अंतरिक्ष यान तथा उसके पुर्जे (1.3 अरब डॉलर) और सोना (1.3 अरब डॉलर) शामिल है। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि भारत में प्रधानमंत्री के तौर पर बीते 11 सालों में अमेरिका के साथ भारत के आर्थिक और कारोबारी रिश्ते मजबूत रहे हैं और भारत का अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार लगातार बढ़ा है। यह द्विपक्षीय कारोबार वित्त वर्ष 2013-14 में महज 61.5 अरब डॉलर था, वह वित्त वर्ष 2024-25 में 131.84 अरब डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। इतना ही नहीं अमेरिका से भारत में किया गया एफडीआई भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर है। यह भी उल्लेखनीय है कि जहां अमेरिका के साथ भारत का कारोबार बढ़ना भारत के लिए लाभप्रद है, वहीं चीन के साथ द्विपक्षीय कारोबार भारत के लिए हानिप्रद है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में चीन को भारत का निर्यात 14.5 प्रतिशत घटकर 14.25 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2023-24 में यह 16.66 अरब डॉलर था। चिंताजनक यह भी है कि चीन से 2024-25 में आयात 11.52 प्रतिशत बढ़कर 113.45 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 101.73 अरब डॉलर था। चीन के साथ व्यापार घाटा पिछले वित्त वर्ष में करीब 17 प्रतिशत बढ़कर 99.2 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो 2023-24 में 85.07 अरब अमेरिकी डॉलर था। चीन 2024-25 में 127.7 अरब अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। दोनों देशों में 2023-24 में 118.4 अरब अमेरिकी डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था। यद्यपि इस समय सरकार अमेरिका और चीन के टैरिफ वॉर के बीच घरेलू उद्योगों के संरक्षण के लिए राहत देने की तैयारी कर रही है, लेकिन अब टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा, अनुसंधान व विकास पर भी अधिक ध्यान दिया जाना होगा। कृषि तथा श्रम सहित अन्य सुधारों के क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा। जीएसटी को सरल बनाना होगा। लॉजिस्टिक्स व बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाना होगा। देश को अधिक डिजिटल महारत हासिल करनी होगी। भारत को सेवा निर्यात और तेजी से बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। चूंकि अमेरिका ने चीन से अपने देश में आने वाले उत्पादों पर ज्यादा शुल्क लगा दिया है, ऐसे में भारत की ओर चीनी सामान की डंपिंग शुरू हो गई है। इसे देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों के भारतीय उद्यमियों और कारोबारियों की घरेलू बाजार में चीनी सामान की 'डंपिंग' को लेकर चिंताओं पर ध्यान दिया जाना होगा।

हम उम्मीद करें कि जेडी वेंस की भारत यात्रा के दौरान भारत के साथ शुल्क के मुद्दे और भारत-अमेरिका के बीच हुए नए कारोबार समझौते को वर्ष 2025 के अंत तक अंतिम आकार दिए जाने के लक्ष्य के मद्देनजर लाभप्रद होगी। साथ ही इससे भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार का नया दौर आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

सुख-शांति से जीवन जीने की कला



संकलित

दर्शन

भगवान महावीर, जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर न केवल एक महान तपस्वी थे बल्कि एक महान दार्शनिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शक भी थे। उनके उपदेश आज भी मानव जीवन को दिशा देने वाले हैं। उन्होंने जिन पांच मूल सिद्धांतों-अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह की शिक्षा दी, वे आज के तनावपूर्ण और भौतिकतावादी युग में भी सुख-शांति का मार्ग दिखाते हैं। अगर हम उनके बताए मार्गों को अपने जीवन में उतारें, तो न केवल व्यक्तिगत स्तर पर सुख-शांति पा सकते हैं, बल्कि समाज और विश्व में भी करुणा, नैतिकता और अहिंसा की भावना को जागृत कर सकते हैं। भगवान महावीर का मार्ग समयातीत है-हर युग में प्रासंगिक और हर मनुष्य के लिए उपयोगी। भगवान महावीर स्वामी का प्रमुख संदेश था- अहिंसा परमो धर्मः। भगवान महावीर ने सत्य को आत्मा की शक्ति बताया। जो वस्तु हमारी नहीं है, उसे न लेना ही अचौर्य है। यह न केवल बाह्य चोरी से संबंधित है, बल्कि मानसिक और नैतिक स्तर पर भी लालच न करने की प्रेरणा देता है। आज जब भोगवादी प्रवृत्तियां चरम पर हैं, यह सूत्र संयम और संतोष का मार्ग दिखाता है। ह्मचर्य का तात्पर्य केवल शारीरिक संयम नहीं, बल्कि इंद्रियों की संपूर्ण नियंत्रण से है। यह व्यक्ति को मानसिक स्थिरता, आत्मानुशासन और ध्यान की शक्ति देता है। आधुनिक जीवन की दौड़ में यह सूत्र आत्म-शक्ति और जीवन-संतुलन बनाए रखने में सहायक हो सकता है।

जीवन भर काम आएंगी ये बातें



संकलित

प्रेरणा

चाणक्य नीति को जीवन के गहन रहस्यों की कुंजी माना जाता है। आचार्य चाणक्य, जिनकी दूरदृष्टि, नीति निपुणता और तीक्ष्ण बुद्धि ने एक पूरे साम्राज्य की नींव रखी। यदि किसी धर्म में दया का भाव नहीं है, तो वह केवल एक खोखला आडंबर बन जाता है-ऐसे धर्म को त्याग देना चाहिए। उसी प्रकार जो गुरु ज्ञानहीन हो, पत्नी सदैव क्रोधित रहे और जो बंधुजनों में स्नेह न हो, उन्हें भी त्याग देना चाहिए। आचार्य चाणक्य के अनुसार आज जब समाज में दिखावे और आडंबर का बोलबाला है, यह श्लोक हमें बताता है कि असली मूल्य भावनाओं का है, आचरण का है। रिश्ते तब तक मूल्यवान हैं जब तक उनमें स्नेह, सहयोग और करुणा हो। यदि कोई रिश्ता केवल तनाव और क्रोध से भरा हो, तो वह आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए विषाक्त हो सकता है। ऐसे में बुद्धिमत्ता इसी में है कि व्यक्ति ऐसे संबंधों से दूरी बना ले जो जीवन को बोझ बना दें। जैसे सोने की परख उसे घिसने, काटने, तपाने और पीटने से होती है, वैसे ही मनुष्य की असली पहचान उसके त्याग, शील (चरित्र), गुण और कर्म से होती है। आधुनिक युग में जहां व्यक्ति को उसके बाहरी लिबास और सोशल स्टेटस से आंका जाता है। आचार्य चाणक्य का यह श्लोक याद दिलाता है कि सच्ची पहचान परिस्थितियों में दिखती है। जब समय कठिन होता है, तब ही असली चरित्र सामने आता है। ये पंक्तियां आज के नेताओं, शिक्षकों, माता-पिता और हर आम इंसान के लिए मार्गदर्शन का काम करती हैं क्योंकि जीवन का मूल्य उसकी आंतरिक गुणवत्ता से होता है, ना कि उसकी चमक-धमक से।

अंतर्मन

आज की पाती

शादियों में दिखावा गरीबों के लिए मुसीबत

हमारे देश में लोगों में दिखावे की भावना बहुत बढ़ गई है। लगभग हर त्योहार, सामाजिक और धार्मिक समारोहों में भी दिखावा किया जा रहा है। यह दिखावा हमारा आर्थिक नुकसान ही नहीं करवाता है, बल्कि हमारी मानसिक शांति भी भंग करता है, खास तौर पर उनके लिए यह दिखावा मुसीबत बनता है जो अपनी हैसियत से ज्यादा खर्चा करते हैं। त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। इसके कारण अनेक समस्याएं, गरीबों के सामने पैदा होती हैं। दिखावे की बढ़ती परंपरा पर रोक लगनी चाहिए। *-किशन सिंह, रायपुर*

ट्रेंड

चैंपियनों को हार्दिक बधाई

सऊदी अरब के दम्मम में छठी एशियाई युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हमारे अंडर-18 एथलीटों द्वारा अविश्वसनीय प्रयास। 11 पदकों की प्रभावशाली संख्या के साथ, उन्होंने देश को बहुत गौरव दिलाया है। हमारे सभी युवा चैंपियनों को हार्दिक बधाई।

-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री

पोप के निधन से दुनिया दुःखी

पोप फ्रांसिस के निधन से पूरी दुनिया दुखी है, जिन्हें आने वाली पीढ़ियां महत्वपूर्ण मानेंगी। वे अंतर-धार्मिक समझ और जुड़ाव के समर्थक थे। वे वैश्विक शांति और सद्भाव के लिए भी प्रभावशाली शक्ति थे, जिन्होंने भेदभाव समाप्त करने का समर्थन किया।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

यूपी पुलिस ने गिरफ्तार किया

महात्मा ज्योतिबा फुले जी और माता सावित्री बाई फुले जी के जीवन पर बनी फिल्म पर मोदी सरकार के इशारे पर सेंसर बोर्ड द्वारा लगाई गई रोक के विरोध में लखनऊ में प्रदर्शन कर रहे आप कार्यकर्ताओं को योगी की तानाशाह पुलिस ने किया गिरफ्तार।

-संजय सिंह, आप नेता

पुनर्मूल्यांकन करें

अगर यह आपकी शांति की कीमत चुकाता है, तो यह बहुत महंगा है। कोई भी नौकरी, व्यक्ति या आदत आपकी समझदारी के लायक नहीं है। अपनी शांति की रक्षा करें जैसे कि यह अमूल्य है-क्योंकि यह अमूल्य है। पुनर्मूल्यांकन करें। पुनः प्राप्त करें। पुनः ध्यान केंद्रित करें।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

करंट अफेयर

कांगड़ा घाटी के रेलवे स्टेशन पर समृद्ध इतिहास वाली कलाकृतियां

हिमाचल प्रदेश की कांगड़ा घाटी में लगभग 100 साल पुराने कई रेलवे स्टेशन पर 1929 में उनकी स्थापना के बाद से ट्रेन परिचालन में इस्तेमाल हुए पुरातन उपकरणों और कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है। इस प्रदर्शनी का आयोजन 18 अप्रैल को मनाए जाने वाले विश्व धरोहर दिवस के उपलक्ष्य में 14 से 20 अप्रैल तक किया गया। कांगड़ा, पालमपुर और पठानकोट जैसे स्टेशन पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस प्रदर्शनी के दौरान रात्रिकालीन सिग्नल प्रणाली के लिए लालटेन, 'लेवल क्रॉसिंग' पर लालटेन, पहिया फिसलने से रोकने के लिए 'स्किप' उपकरण और ट्रेन संचालन में इस्तेमाल किए जाने वाले कई अन्य उपकरणों समेत दुर्लभ उपकरणों को प्रदर्शित किया गया। वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता भूपेंद्र ने कहा, इस दौरान फिरोजपुर मंडल ने पठानकोट स्टेशन पर विरासत से जुड़ी कलाकृतियों की प्रदर्शनी, पालमपुर स्टेशन पर विरासत गलियारा, कांगड़ा स्टेशन पर रोशनी का प्रबंध, नूरपुर और बैजनाथ के बीच चलने वाली 'नैरो-गेज' ट्रेन की सजावट, फिरोजपुर स्टेशन और मंडल कार्यालय के पास विरासत से जुड़ी वस्तुओं के विवरण के साथ 'सेल्फी प्वाइंट' की स्थापना की गई। उन्होंने बताया कि मंडल कार्यालय में विरासत से संबंधित चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।

ऑफ बीट

राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ी मादक पदार्थों की तस्करी



दिल्ली में 2024 की तुलना में 2025 के शुरूआती तीन महीनों में मादक पदार्थों से संबंधित अपराधों में दोगुनी वृद्धि देखी गई, जबकि आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में 80 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। पुलिस द्वारा रविवार को साझा किये गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली। आंकड़ों के मुताबिक, एक जनवरी से 31 मार्च 2025 के बीच दिल्ली में आबकारी अधिनियम के तहत कुल 2,496 मामले दर्ज किए गए, जबकि इसी अवधि के दौरान 2024 में कुल 1,382 मामले दर्ज किए गए थे। इसी प्रकार, स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के उल्लंघन के मामले 257 से बढ़कर 544 हो गए। रोजाना औसतन छह मामले सामने आए। आंकड़ों के मुताबिक, शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज मामले भी बढ़े हैं, जो पिछले वर्ष के 957 से बढ़कर इस वर्ष 1,049 हो गए हैं, जबकि जुआ अधिनियम के तहत दर्ज मामले 2024 के 677 से बढ़कर 1,018 हो गए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में अपराध में यह बढ़ोतरी प्रवर्तन कार्रवाई में वृद्धि के कारण हुई है। आंकड़ों के मुताबिक, शस्त्र अधिनियम और जुआ अधिनियम सहित विभिन्न कानूनों के तहत दर्ज अपराधों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

आगजनी की घटनाओं से फसलों के नुकसान का किसानों को शीघ्र मिलेगा मुआवजा: नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों के हित में घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश में पिछले कुछ दिनों में हुई आगजनी की घटनाओं से हुए फसलों के नुकसान की भरपाई सरकार करेगी। अभी तक लगभग 801 एकड़ में नुकसान की जानकारी मिली है। उपायुक्तों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इन घटनाओं की रिपोर्ट ले और नुकसान का आकलन करें। इसके अलावा, कुछ स्थानों पर किसानों को पशुधन की हानि या कोई अन्य नुकसान भी हुआ है, उसकी भरपाई भी सरकार करेगी। मुख्यमंत्री ने किसानों से अपील की कि वे उपायुक्त कार्यालय में जाकर अपने नुकसान के सम्बन्ध में आवेदन करें ताकि जल्द से जल्द मुआवजे का पैसा उनके खातों में डाला जा सके। किसानों को किसी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं है।

माधव गौशाला में श्री कृष्ण मंदिर के लोकार्पण उत्सव में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री

गौशाला के लिए 21 लाख रुपये देने की घोषणा, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा और कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने भी 11-11 लाख रुपये देने की घोषणा की

मंदिर में पूजा अर्चना की, पौधारोपण किया, गौ माता को चारा खिलाया

मुख्यमंत्री ने यह घोषणा आज पंचकूला जिले के सुखदर्शनपुर गांव में स्थित श्री माधव गौशाला में श्री राधा कृष्ण मंदिर के लोकार्पण अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए की। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने गौशाला परिसर में बने श्री राधा कृष्ण मंदिर का लोकार्पण कर पूजा अर्चना की और पौधारोपण कर गौ माता को चारा भी खिलाया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अपने कोष से 21 लाख रुपये तथा शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने भी अपनी और से 11-11 लाख रुपये माधव गौशाला को देने की घोषणा की।

गौशालाओं को आत्मनिर्भर बना रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने गौ संरक्षण को प्राथमिकता दी है। इसके लिए गौशालाओं को आर्थिक सहायता, चारा और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु विशेष योजनाएं लागू की हैं। गौवंश की सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाए गए हैं और निगरानी तंत्र को मजबूत किया गया है। उन्होंने कहा कि माधव गौशाला को गायों के संरक्षण एवं रखरखाव के लिए वर्ष 2022 से लेकर 2024-25 तक लगभग 47 लाख रुपये की अनुदान सहायता दी गई है। सैनी ने कहा कि प्रदेश में गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इस वर्ष गौशालाओं का बजट 595 करोड़ रुपये किया गया है, जबकि 2014 से पहले यह बजट मात्र 2 करोड़ रुपये था। चारे के लिए जमीन की की व्यवस्था करने हेतु प्रदेश सरकार ने व्यवस्था की है और अब गौशालाएं चारे के लिए गौ चरान की भूमि उपयोग कर सकेगी। गौ हित को लेकर सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

गौवंश बसाने तीन गौ अभयारण्य बनाए

सीएम सैनी ने कहा कि गौमाता बेसहारा न रहे, इसके लिए तीन गौ अभयारण्य स्थापित किए हैं। इनमें एक गांव नैन, जिला पानीपत में और दूसरा गांव ढंढूर, जिला हिसार में और तीसरा पंचकूला में बनाया गया है। इनमें शैड, पानी व चारे की व्यवस्था की गई है। इनके लिए 8 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। इनमें लगभग 6,500 बेसहारा गौवंश को आश्रय दिया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेसहारा गौवंश के पुनर्वास के लिए 200 गौशालाओं को शैड बनाने के लिए 10 लाख रुपये प्रति गौशाला अनुदान दिया जाने की घोषणा की थी। ऐसी 50 गौशालाओं में शैड बनाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 तक हरियाणा में 215 पंजीकृत गौशालाओं में केवल 1 लाख 74 हजार गौवंश था लेकिन, इस समय राज्य में 683 पंजीकृत गौशालाएं हैं। इनमें 4 लाख बेसहारा गौवंश का पालन-पोषण हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने पंजीकृत गौशालाओं को पिछले दस वर्षों में चारे के लिए 270 करोड़ रुपये का अनुदान दिया है। पिछले वित्त वर्ष में 608 गौशालाओं को चारे के लिए 166 करोड़ रुपये की राशि दी गई है।

खबर संक्षेप

अमरनाथ यात्रा: 2 लाख भक्तों का हुआ पंजीकरण

जम्मू। श्री अमरनाथ यात्रा के लिए पांच दिन में करीब दो लाख श्रद्धालु ऑनलाइन और ऑफलाइन अग्रिम पंजीकरण करवा चुके हैं। तीन जुलाई से शुरू होने वाली यात्रा में ज्यादातर शिवभक्त पवित्र हिमलिंग के दर्शन करने को आतुर हैं। इस बार भी यात्रियों में खासा उत्साह है। पिछली यात्राओं में 15 से 20 दिन में ही हिमलिंग अंतर्ध्यान हो गए थे।

गूगल ने 20.24 करोड़ रुपए में निपटारा किया



नई दिल्ली। गूगल ने एंड्रॉइड टीवी खंड में कथित रूप से अनुचित व्यापार व्यवहार से संबंधित करीब चार साल पुराने एक मामले में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के साथ समझौता किया है। प्रौद्योगिकी कंपनी ने इस संबंध में नियामक को 20.24 करोड़ रुपये की निपटान राशि का भुगतान किया है। मामला खत्म हो गया।

आंबेडकर को कांग्रेस ने हाशिए पर धकेला

शिमला। पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को राजनीतिक हाशिए पर धकेला। वह भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के तहत सभाओं को संबोधित कर रहे थे।

शाह-बिट्टू के खिलाफ साजिश, दो गिरफ्तार

मोगा (पंजाब)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ साजिश रचने का खुलासा हुआ है। वहीं केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी निशाने पर हैं। मामले की जांच के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वाट्सएप ग्रुप वारिस पंजाब दे की चैट वायरल हो रही थी। जिसमें नुकसान पहुंचाने की बात थी।

मुर्शिदाबाद हिंसा पर सुनवाई के दौरान बोले जस्टिस गवई

हम पर पहले से ही संसदीय कार्यों में दखल देने के आरोप हैं, राष्ट्रपति को आदेश कैसे दें?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने और पैरामिलिट्री फोर्स तैनात करने की याचिका पर कोई आदेश जारी करने से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ता ने अपील की थी कि वक्फ कानून के विरोध में हुई मुर्शिदाबाद हिंसा के बाद कोर्ट इस पर फैसला ले। इस पर जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कोई आदेश नहीं दिया। बेंच ने याचिकाकर्ता से पूछा- क्या आप चाहते हैं कि हम राष्ट्रपति को इसे लागू करने का आदेश भेजें? हम पर दूसरों के अधिकार क्षेत्र में दखलंदाजी के आरोप लग रहे हैं। जस्टिस गवई अगले महीने सीजेआई बनने वाले हैं। याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ कर रही थी। सुनवाई के दौरान ही जस्टिस गवई ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान का जिक्र किया। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने राज्य में 2021 के चुनाव के बाद हुई हिंसा के मद्देनजर दायर एक लंबित याचिका में कुछ नए तथ्य रिकॉर्ड में लाने के लिए कुछ अन्य दस्तावेज दाखिल करने की अनुमति मांगी है। बता दें कि एक मामले में 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि की कार्रवाई को अवैध और गलत करार दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों के लिए उनके समक्ष प्रस्तुत विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए एक समय सीमा भी निर्धारित की थी। बाद में भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा था, भारत के संविधान के अनुसार, कोई भी लोकसभा और राज्यसभा को निर्देश नहीं दे सकता है और राष्ट्रपति ने पहले ही इस पर अपनी सहमति दे दी है। कोई भी राष्ट्रपति को चुनौती नहीं दे सकता, क्योंकि राष्ट्रपति सर्वोच्च हैं।

> याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की पीठ कर रही थी। सुनवाई के दौरान ही जस्टिस गवई ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान का जिक्र किया। हालांकि, उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया।

राष्ट्रपति शासन की मांग वाली लगाई थी याचिका

केंद्रीय बलों की तैनाती से इनकार किया, वकील के दावों पर भी सवाल उठाए

नए तथ्य रिकॉर्ड में लाने के लिए दस्तावेज दाखिल करने की अनुमति मांगी

इसलिए लगाई गई थी याचिका

जस्टिस गवई की टिप्पणी दोनों बयानों का संदर्भ देती हुई लग रही है। इस बीच मुर्शिदाबाद हिंसा के संबंध में सोमवार की याचिका में केंद्र सरकार को अनुच्छेद 355 और 356 के तहत शक्तियों का प्रयोग करने का निर्देश देने की मांग की गई है। भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए खतरा पैदा करने वाली बिगड़ती स्थिति को ध्यान में रखते हुए ये याचिका दायर की गई है।

लंबित याचिका पर आज होगी सुनवाई

संविधान का अनुच्छेद 355 केंद्र सरकार के कर्तव्य से संबंधित है, जो राज्यों को बाहरी आक्रमण और आंतरिक अशांति से बचाता है, जबकि अनुच्छेद 356 राज्य में संवैधानिक तंत्र की विफलता के मामले में प्रावधानों को दर्शाता है। नए आवेदन में बताया गया है कि लंबित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई होनी है। इसमें 2022 से अप्रैल 2025 तक हिंसा, अधिकारों के उल्लंघन, महिलाओं के खिलाफ अपराधों की घटनाओं, विशेष रूप से मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन के बाद हुई हिंसा की जांच करने और अदालत को रिपोर्ट सौंपने के लिए 1 सेनि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश और दो सेवानिवृत्त हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की अध्यक्षता में एक समिति की नियुक्ति की मांग कर एक अतिरिक्त आवेदन दायर करने की अनुमति मांगी।

मुर्शिदाबाद में हिंसा पीड़ितों से मिले केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार

केंद्रीय मंत्री और बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने सोमवार को हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया और वक्फ अधिनियम विरोध के दौरान हुई हिंसा से प्रभावित पीड़ितों से मुलाकात की। पीड़ितों से मिलने के बाद मजूमदार ने कहा कि अगर कलकत्ता हाई कोर्ट राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) को जांच करने की अनुमति देता है तो सरकार को अदालत के आदेशों का पालन करना होगा। सुकांत मजूमदार ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा अधिकारियों पर दबाव बनाने के लिए कटाक्ष किया और सवाल किया कि अब जबकि उनके घर नष्ट हो गए हैं तो वे कहां जाएंगे। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हम लोगों की मांगों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग एनआईए जांच के लिए अदालत गए हैं। अब हमारी सारी निगाहें अदालत पर टिकी हैं। अगर कलकत्ता हाई कोर्ट एनआइए जांच की अनुमति देता है, तो सरकार भी ऐसा ही करेगी। ममता बनर्जी अधिकारियों पर पीड़ितों को वापस भेजने का दबाव बना रही हैं, लेकिन वे (हिंसा के पीड़ित) कहां जाएंगे? उनके घर जला दिए गए हैं और नष्ट कर दिए गए हैं।

राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस पर बोले पीएम

आप भाग्यशाली, आजादी के अमृतकाल में देश की सेवा करने का अवसर मिला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिविल सेवा अधिकारियों को संबोधित करते हुए भारत को विश्व गुरु के रूप स्थापित करने तक सभी की जिम्मेदारी तय कर दी। उन्होंने लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार प्रदान किए और सिविल सेवकों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। यह उनका सातवां अवसर था जब उन्होंने इस समारोह को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में सिविल सेवकों को भारत के प्रशासनिक ढांचे की रीढ़ करार दिया और उनकी भूमिका को देश के विकास में महत्वपूर्ण बताया।

मोदी ने कहा, "हम आज जिन नीतियों पर काम कर रहे हैं, जो निर्णय ले रहे हैं, वे एक हजार साल का भविष्य तय करने वाले हैं।" उन्होंने लाल किले से अपने पूर्व भाषण का जिक्र किया, जिसमें उन्होंने भारत को अगले 1000 वर्षों की नींव मजबूत करने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि आज की तेजी से बदलती दुनिया में पुरानी प्रणालियों पर निर्भर नहीं रहा जा सकता। 2014 से व्यवस्थागत सुधारों को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया गया है, ताकि नौकरशाही और नीति-निर्माण को और प्रभावी बनाया जाए। सिविल सेवकों से आह्वान किया कि वे नवाचार और प्रौद्योगिकी को अपनाएं, ताकि प्रशासन जन-केंद्रित और कुशल हो। मोदी ने कहा कि भारत का समग्र विकास तभी संभव है जब कोई भी नागरिक पीछे न छूटे।

नागरिकों के जीवन में सुगमता लाने पर दें ध्यान

प्रधानमंत्री ने सिविल सेवकों से सामान्य नागरिकों के जीवन में सुगमता और बदलाव लाने पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने तीन प्रमुख लक्ष्यों की जिम्मेदारी तय करते हुए सिविल सेवा अधिकारियों से कहा कि सामान्य नागरिक के जीवन में बदलाव और सुगमता आए इसकी कोशिश लगातार होनी चाहिए। वैश्विक संदर्भ में नीतियां बनाने में देश की एकता और अखंडता को प्राथमिकता देना है, इस बात का ध्यान सभी को रखना है।

चाणक्य सेना ने किया ऐलान

अनुराग का मुंह काला करने पर मिलेगा 1 लाख का इनाम

एजेंसी ▶▶ जयपुर

सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज पर विवादित टिप्पणी को लेकर फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप के खिलाफ समाज में आक्रोश है। चाणक्य सेना ने अनुराग कश्यप के इस बयान की कड़े शब्दों में निंदा की है। इसके साथ ही उनका मुंह काला करने का ऐलान किया है। चाणक्य सेना ने अनुराग कश्यप का मुंह काला करने वाले व्यक्ति को एक लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। चाणक्य सेना के संरक्षक और सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने कहा, अनुराग कश्यप की टिप्पणी से समाज में जबरदस्त आक्रोश है। उन्होंने बताया कि समाज के विभिन्न संगठनों ने एक सुर में अनुराग कश्यप के बयान पर विरोध दर्ज करवाया है। चाणक्य सेना, सर्व ब्राह्मण महासभा, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, विश्व ब्राह्मण परिषद, अखिल भारतीय ब्राह्मण संघ की वर्चुअल बैठक हुई।

कांग्रेस का आंतरिक सर्वे बता रहा नये कानून से भाजपा को लाभ

दिल्ली में विरोध, केरल में असमंजस, वक्फ विधेयक पर दिशा नहीं तय कर पा रहे कांग्रेस और वामदल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 के विधेयक से लेकर कानून का शक्ल अख्तियार करने तक सदन के अंदर और बाहर कांग्रेस और वामदलों ने जमकर विरोध किया लेकिन नये कानून के आकार लेते ही केरल की बदली सियासी फिजां ने दोनों दलों को बैकफुट पर धकेला है। कांग्रेस पार्टी के एक आंतरिक सर्वे में इस बात का साफ जिक्र है कि आगामी विधानसभा चुनाव में नये वक्फ कानून का लाभ बड़े पैमाने पर भाजपा को मिलने जा रहा है। इस इनपुट से कांग्रेसी रणनीतिकारों के कान खड़े हो गये हैं।

केरल में वक्फ के पुराने कानून की वजह से स्थानीय बहुसंख्यक ईसाई और मुस्लिम समुदायों में पिछले कुछ सालों में विवाद बढ़ा है।

एर्नाकुलम जिले के मुनंबन में वक्फ बोर्ड ने 404 एकड़ भूमि पर दावा किया

विवाद की जड़ में है मुनंबम भूमि विवाद। केरल के एर्नाकुलम जिले के मुनंबम में वक्फ बोर्ड द्वारा 404 एकड़ भूमि पर दावा किया गया है, जहां 600 से अधिक ईसाई और हिंदू परिवार कागजातों के साथ रहते हैं। यह विवाद विधेयक के आसपास के राजनीतिक और सामुदायिक तनाव का केंद्र रहा है। यही विवाद भाजपा की सियासत को केरल में उर्वर बना रहा है। कांग्रेस और वामदलों की मिलीजुली सरकार के प्रमुख वोटर माने जाने वाले ईसाई पूरी तरह से नये वक्फ कानून का समर्थन करते करते भाजपा समर्थक होते जा रहे हैं। ये बात कांग्रेस, वामदलों को साल रहा है। यही वजह है कि दिल्ली में वक्फ के नये कानून की मुखालफत केरल आते आते ठंडी पड़ती दिखती है।

केरल कैथोलिक बिशप्स काउंसिल और स्यरो-मालाबार चर्च ने विधेयक का समर्थन किया, यह तर्क देते हुए कि मौजूदा वक्फ कानून ने निवासियों के अधिकारों का उल्लंघन किया है इसीलिए हम नये कानून का स्वागत करते हैं। ये केवल कानून को समर्थन देने की बात नहीं, बल्कि सूबे में बड़े सियासी उलटफेर का संकेत है। कांग्रेस के रणनीतिकार भी मानते हैं कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में कुछ सीटों पर भाजपा से सीधा मुकाबला होगा। वैसी भाजपा से जिसका न तो प्रदेश में कोई संगठन था न कार्यकर्ता, लेकिन स्थितियां तेजी से बदल रही हैं।

कांग्रेस की दुविधा में, विरोध नरम रखा

कांग्रेस केरल में हिंदू, ईसाई, और मुस्लिम वोटरों के बीच संतुलन बनाना चाहती है। पार्टी का पारंपरिक सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग विधेयक का कड़ा विरोध कर रहा है और इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की योजना बना रहा है। दूसरी ओर, मुनंबम के ईसाई समुदाय का समर्थन खोने का जोखिम है, जो कांग्रेस की केंद्रीय ट्रावणकोर क्षेत्र में वोट बैंक का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस कारण, कांग्रेस ने केरल में विधेयक के खिलाफ कोई बड़ा सार्वजनिक विरोध या रैली आयोजित नहीं की, जैसा कि कांग्रेस के साथी दल इंडियन मुस्लिम लीग ने ने किया। कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर पर विधेयक का विरोध करके अपने धर्मनिरपेक्ष और अल्पसंख्यक समर्थक छवि को बनाए रखने की कोशिश की। केरल में, मुनंबम विवाद के कारण पार्टी ने विरोध को नरम रखा ताकि ईसाई और हिंदू वोटरों को नाराज न किया जाए। यह रणनीति स्थानीय निकाय चुनाव (2025) और विधानसभा चुनाव (2026) को ध्यान में रखकर बनाई गई।

इलाहबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने केंद्र सरकार से पूछा

अगली सुनवाई 5 मई को होगी

राहुल गांधी भारतीय हैं या नहीं, नागरिकता मामले में केंद्र से 10 दिन में जवाब मांगा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा- 'राहुल गांधी ब्रिटिश नागरिक हैं या नहीं, इस पर 10 दिन में जवाब दें। भाजपा कार्यकर्ता विग्नेश शिशिर की याचिका पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने एक स्टेटस रिपोर्ट पेश की। कोर्ट ने इसे अपर्याप्त माना और सरकार को और स्पष्ट जवाब देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि यह मामला राष्ट्रीय महत्व का है और इसमें देरी स्वीकार्य नहीं होगी।

ये है नागरिकता का मामला?

1 जुलाई, 2024 को कर्नाटक के वकील और भाजपा नेता एस विग्नेश शिशिर ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने राहुल गांधी के पास ब्रिटिश नागरिकता होने का भी आरोप लगाया था। याचिकाकर्ता ने ब्रिटिश सरकार के 2022 के गोपनीय मेल का हवाला देते हुए यह आरोप लगाया था।

ओटीटी एडल्ट कंटेंट: मॉनिटरिंग सरकार का काम

ओटीटी पर एडल्ट कॉन्टेंट को रोकने और पॉलिसी बनाने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फिर टिप्पणी की है। जस्टिस बीआर गवई ने कहा, ये तो पॉलिसी मैटर है, यह देखना सरकार का काम है। कोर्ट इसमें दखल दे, हम कैसे करें? कोर्ट ने कहा, हमारी तो आलोचना हो रही है कि दखल देने के आरोप लग रहे हैं।

जेईई एडवांस्ड में शामिल होने की मांग वाली याचिका खारिज

सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने 2023 में 12वीं पास करने वाले छात्रों को जेईई एडवांस्ड 2025 में भाग लेने की अनुमति देने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। जस्टिस बीआर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि यह मामला नीतिगत क्षेत्र का है। 2023 में कक्षा 12 की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले 18 आईआईटी के अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

इलाहाबादिया के पासपोर्ट केस में 28 को सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि 'पॉडकास्टर' रणवीर इलाहाबादिया के संबंध में जांच पूरी हो गई है और यूट्यूब कार्यक्रम में अभद्र टिप्पणी के मामले में पासपोर्ट वापस करने के अनुरोध वाली उनकी याचिका पर 28 अप्रैल को सुनवाई की जाएगी। शीर्ष अदालत ने यूट्यूब कार्यक्रम के दौरान टिप्पणियों को लेकर इलाहाबादिया के खिलाफ दर्ज कई प्राथमिकी के संबंध में 18 फरवरी को उन्हें गिरफ्तारी से राहत प्रदान की थी और उन्हें ठाणे के नोडल साइबर पुलिस थाने के जांच अधिकारी के पास अपना पासपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया था।

महाराष्ट्र में नए सियासी समीकरणों की आहट

ये क्या हो रहा है? महीनेभर में चार बार मिले शरद और अजित पवार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में एक तरफ चर्चा है कि उद्धव और राज ठाकरे दोनों ही सुलह के मूड में हैं। दोनों चचेरे भाइयों के साथ आने से भाजपा की टेंशन बढ़ सकती है। दूसरी ओर शरद पवार और अजित पवार के बीच मुलाकातें बढ़ने लगी हैं। बीते एक महीने में ही शरद पवार और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बीच तीन मुलाकात हो चुकी हैं और चौथी मुलाकात 21 अप्रैल को पुणे के शुगर कमिश्नरेट में हुई। ऐसे में कयास लगाए जाने लगे हैं कि महाराष्ट्र में कोई बड़ा राजनीतिक उलटफेर होने वाला है। दोनों की मुलाकात को लेकर शिवसेना में असंतोष भी देखने को मिला है। कुछ शिवसेना नेताओं ने इस पर नाराजगी जाहिर की। वहीं पुणे के सरसन कॉम्प्लेक्स में कृषि में एआई तकनीक के उपयोग विषय पर आयोजित बैठक में दोनों की मुलाकात हुई।

पिछले महीने भी हुई थी मुलाकात

इससे पहले 22 मार्च को वसंतदादा शुगर इंस्टिट्यूट में दोनों की मुलाकात हुई थी। इसके बाद 10 अप्रैल जय पवार की सगाई में पूरा परिवार इकट्ठा हुआ था। इसके बाद शरद पवार और अजित पवार रयात शिक्षा संस्थान के कार्यक्रम में भी एक साथ मौजूद थे। शरद पवार ने कहा कि ये दौरे सरकारी या संस्थागत कारणों से थे, लेकिन राजनीतिक गलियारों में चर्चा कुछ और चल रही है। अब देखना होगा कि आगे आने वाले चुनावों से पहले क्या होने वाला है।

सोना हुआ सोणा... 1,650 रुपए की छलांग, एक लाख की दहलीज पर, चांदी भी मजबूत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कमजोर डॉलर और अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध को लेकर अनिश्चितताओं के चलते मांग बढ़ने से राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमतों में 1,650 रुपए की तेजी आई, जिससे इसका भाव एक लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के मनोवैज्ञानिक स्तर के करीब पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 99,800 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। शुक्रवार को इसका मूल्य 20 रुपए घटकर 98,150 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

स्थानीय बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,600 रुपए उछलकर 99,300 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। चांदी की कीमतें भी 500 रुपए चढ़कर 98,500 रुपए प्रति किलोग्राम हो गईं। पिछले सत्र में चांदी 98,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर सपाट बंद हुई थी।

प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत सोमवार को 99,800 रुपए

डिलिवरी वाला सोना भी चमका

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून डिलिवरी वाले सोना वायदा का भाव 1,621 रुपए यानी 1.7 प्रतिशत बढ़कर 96,875 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 3,397.18 डॉलर प्रति औंस के नए शिखर पर पहुंच गया। बाद में, इसका लाभ कुछ कम हुआ और यह 3,393.49 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार किया। वैश्विक स्तर पर, सोने के वायदा भाव ने 80 डॉलर प्रति औंस या 2.4 प्रतिशत की बढ़त के साथ पहली बार 3,400 डॉलर के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार किया।

कमजोर डॉलर बना कारण

कोटक महिंद्रा एएमसी के कोष प्रबंधक सतीश डोंडापति ने कहा, "इस साल, व्यापार तनाव, ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और कमजोर डॉलर के कारण सोने और चांदी की कीमतों में उल्लेखनीय उतार-चढ़ाव देखा गया है। अब तक सोने में 25 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है, जिसमें अमेरिकी प्रशासन द्वारा दो अप्रैल को शुल्क की घोषणा के बाद से छह प्रतिशत की बढ़ोतरी भी शामिल है।"

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

क्र. सं.	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	02255023	सप्लाई ऑफ 1 न0 8/10 ग्राम टू बी प्रोवाइड इन ओनबोर्ड	5200 नग	13.05.2025
02	19250810	सेट ऑफ लबीरिंथ रिंग, बेअरिंग कैप एंड क्लैंप प्लेट	739 सेट	26.05.2025
03	09252027	बोगी सेन्टर पिवॉट बॉटम	1162 नग	31.06.2025

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं. 06/2025-2026 दिनांक : 21.04.2025 1173/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सेंसेक्स 855.30 अंक उछलकर 79,408.50 पर बंद

निवेशक मालामाल ! पांच दिन में 32 लाख करोड़ रुपए बढ़ी संपत्ति

निफ्टी 24,000 अंक के पार

जियोजीत इनवेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'बाजार पर तेजड़ियो हावी रहे, जिससे निफ्टी पिछले तीन महीने से अधिक समय में तीसरे प्रयास में 24,000 अंक के पार पहुंच गया और बैंक निफ्टी नई ऊंचाई पर पहुंच गया। अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की संभावना बाजार धारणा को मजबूत कर रहा है।'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शेयर बाजार में पिछले पांच दिन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी से सोमवार तक निवेशकों की संपत्ति 32 लाख करोड़ रुपए बढ़ी है। इस दौरान विदेशी कोषों की लिवाली और व्यापक तेजी से कारोबारी भावनाएं मजबूत हुईं। सोमवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 855.30 अंक या 1.09 प्रतिशत उछलकर 79,408.50 पर बंद हुआ। पिछले पांच दिन में सेंसेक्स 5,561.35 अंक या 7.53 प्रतिशत बढ़ा है।

पांच कारोबारी दिनों में बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 32,03,295.8 करोड़ रुपए बढ़कर 4,25,85,629.02 करोड़ रुपए (5,000 अरब अमेरिकी डॉलर) हो गया। लेमन मार्केट्स डेस्क के विश्लेषक सतीश चंद्र अलूरी ने कहा, 'बाजार में तेज शुरुआत हुई और पूरे दिन बढ़त जारी रही। सप्ताहांत में बैंकों की मजबूत आय ने कारोबारी धारणा को मजबूत किया। इसे सकारात्मक घरेलू संकेतों का लाभ भी मिला।' उन्होंने कहा कि कंपनियों के तिमाही नतीजों को लेकर उत्साह है, क्योंकि दिग्गज बैंकों ने सकारात्मक टिप्पणियों के साथ अनुमान से काफी बेहतर नतीजे पेश किए हैं।

संपत्ति गुणवत्ता में सुधार

बैंकों में संपत्ति गुणवत्ता में सुधार और कर्ज में अच्छी वृद्धि से बैंक शेयरों के प्रति निवेशक आकर्षित हो रहे हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 4,667.94 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। बीएसई के 2,918 शेयर लाभ में जबकि 1,168 शेयर नुकसान में रहे।

टैरिफ वॉर नुकसान की हुई पूरी भरपाई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दो अप्रैल को जवाबी शुल्क लगाये जाने की घोषणा के बाद शेयर बाजार में जितना नुकसान हुआ था, उसकी पूरी भरपाई अब हो चुकी है। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचसीएल टेक, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एशियन पेंट्स और नेस्ले शामिल हैं। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक के शेयर में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी आई।

आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार चढ़ा

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 855 अंक से अधिक चढ़कर 79,000 अंक के स्तर से ऊपर रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 24,100 अंक के पार पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली के साथ कंपनियों के बेहतर तिमाही नतीजों के बाद बैंक और आईटी शेयरों में खरीदारी से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 855.30 अंक यानी 1.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,000 अंक के ऊपर 79,408.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,081.85 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 273.90 अंक यानी 1.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,125.55 अंक पर बंद हुआ। पांच दिनों की तेजी में सेंसेक्स 5,561.35 अंक यानी सात प्रतिशत से अधिक लाभ में रहा है, जबकि निफ्टी 1,726.40 अंक चढ़ा है।

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

निविदा सूचना

उप मुख्य अभियन्ता/सर्वे व निर्माण/उत्तर रेलवे, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली द्वारा कार्य के लिए निर्धारित प्रोफार्मा पर एक पैकेट खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

1	कार्य का नाम व स्थान	पलवल (आईआर) – न्यू पृथला (डब्ल्यू डी एफ सी) के बीच नई रेल लाइन कनेक्टिविटी का शेष कार्य।
2	कार्य निष्पादन की अवधि	06 माह
3	कार्य की अनुमानित लागत	रु. 5,18,35,552.80
4	धरोहर राशि	रु. 4,09,200.00
5	कार्य पूरा करने की अवधि	स्वीकृति पत्र जारी होने के 09 माह के अन्दर।
6	रेलवे की वेबसाइट पर निविदा की बिक्री एवं उपलब्धता	निविदा दस्तावेज दिनांक 24.04.2025 से 08.05.2025 तक समय 15:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें।
7	निविदा अपलोड करने की दिनांक/समय	निविदाकर्ता दिनांक 24.04.2025 से 08.05.2025 समय 15:00 बजे वेबसाइट से अपलोड कर सकते हैं।
8	निविदा के खुलने की तिथि एवं समय	निविदा अपलोड करने के तुरन्त पश्चात् दिनांक 08.05.2025 को 15:00 बजे।

निविदा संख्या: 288-W-BAL-WORK-PWL-PNUN Date/Time: 15.04.2025 1174/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला

विज्ञापन सं. 1/2025 **प्रकाशन की तिथि : 22.04.2025**

आयोग विधि एवं विधायी विभाग, हरियाणा में अधीक्षक (लीगल) (ग्रुप–बी) के 03 पदों (सामान्य/अनारक्षित) के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।
(ए) आवेदन जमा करने हेतु प्रारम्भिक तिथि : 24.04.2025
(बी) आवेदन जमा करने हेतु अन्तिम तिथि : 14.05.2025 (अप. 5:00 बजे तक)
(सी) शुल्क जमा हेतु अन्तिम तिथि : 14.05.2025 (अप. 5:00 बजे तक)
अधिक जानकारी के लिये http://hpsc.gov.in पर लॉग ऑन करें।
दिनांक : 15.04.2025 हस्ता/– सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
संवाद–1156/13/316/2026/34074/88/7 दि. 21.04.25 पंचकूला

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेश उर्फ राज कुमार पुत्र** अनिल गुप्ता, **निवासी** 1598, गली बैरियान, बाज़ार सीता राम, दिल्ली–110006, ने **FIR No. 166/19, U/S 33 DE Act, पुलिस स्टेशन हौज़ क़ाज़ी, सेंट्रल जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश उर्फ राज कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश उर्फ राज कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 166/19, U/S 33 DE Act, पुलिस स्टेशन हौज़ क़ाज़ी, सेंट्रल जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **राजेश उर्फ राज कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.05.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।
आदेशानुसार
सुश्री तानिया सिंह
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट–02,
मुख्य न्यायालय भवन–296ए, कमरा नं0–316,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/4993/CD/2025
(Court Matter)

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

वैश्विक मंच पर भारत की धाक, DAIS ने जीता FTC वर्ल्ड रोबोटिक्स खिताब

ह्यूस्टन, अमेरिका। धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल (**DAIS**), मुंबई की दो रोबोटिक्स टीमों टीम मैट्रिक्स और टीम यूरेका ने **FIRST** टेक चैलेंज वर्ल्ड चैम्पियनशिप 2025 में इतिहास रच दिया। दोनों टीमें फाइनल में एक-दूसरे के आमने-सामने थीं, और टीम मैट्रिक्स ने जीत दर्ज कर भारत को पहली बार यह खिताब दिलाया।यह प्रतियोगिता अमेरिका के ह्यूस्टन शहर में हुई, जहां 30 से ज़्यादा देशों की 256 बेहतरीन टीमें शामिल हुईं। टीम मैट्रिक्स पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही और फाइनल में 541 अंकों का शानदार स्कोर बनाया। उन्हें थिंक अवॉर्ड में भी दूसरा स्थान मिला। टीम यूरेका ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कनेक्ट अवॉर्ड जीता। भारत में हुए राष्ट्रीय मुकाबलों में भी दोनों टीमों ने शानदार खेल दिखाया था और कई रिकॉर्ड तोड़े थे। **DAIS** का रोबोटिक्स प्रोग्राम 2018 में शुरू हुआ था, और कुछ ही सालों में स्कूल की टीमें राष्ट्रीय और अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकने लगी हैं। धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल की संस्थापक चेयरपर्सन, नीता एम. अंबानी, ने इस मौके पर कहाः "यह हम सभी के लिए, **DAIS** और भारत के लिए बहुत ही गर्व और खुशी का पल है।

डीएससी(DSC) ने मनाया 29वां वार्षिक दीक्षांत समारोह

नई दिल्ली। दिल्ली स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन (**DSC**) ने आज अपने 29वें वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन एलायंस फ्रांसेसे,योजित किया। यह आयोजन पीजीडीपीसी बैच (29) के दो वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम की पूर्णता और छात्रों की अकादमिक उपलब्धियों के साथ उनके पेशेवर जीवन की शुरुआत का प्रतीक रहा है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य अतिथिः सुश्री रूपाली शर्मा, प्रेसिडेंट - नॉर्थ एंड ईस्ट, हवास मीडिया नेटवर्क गेस्ट ऑफ ऑनरः श्री मानस गुलाटी, संस्थापक एवं सीईओ, एआरएम वर्ल्डवाइड। करियर की ऊंची उड़ानः 95% से अधिक छात्रों को मिला प्री-प्लेसमेंट ऑफर बैच **XXIX**(29) के छात्रों ने सफलतापूर्वक इंटर्नशिप पूरी की और उन्हें प्रतिष्ठित एजेंसियों व ब्रांड्स जैसेः एडलमैन,ओगिल्वी, मैक्केन , एडफैक्टर पी आर, वी एम एल हवास मीडिया ,लैंडर एंड पिच, ओप्पो, एम एस एल , रेडिफ्यूज़न , हाकु होड़ो आदि में प्लेसमेंट मिला। 95% से अधिक छात्रों को पीपीओ प्राप्त हुए, और कई छात्रों को एक से अधिक जॉब के ऑफर भी मिले है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने रचा नया कीर्तिमान.

नई दिल्ली। मार्गदर्शन में, केवीआईसी की योजनाएं और उपलब्धियां 'विकसित भारत'की सशक्त आधार शिला बन गई हैं। देश मेंआत्मनिर्भरता कीभावना को सशक्त करने वाले खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्रनेबीते 11 वर्षोंमेंप्रधानमंत्रीश्रीनरेंद्रमोदीकेगतिशीलनेतृत्वऔरसूक्ष्म, लघुएवंमध्यमउद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के मार्ग दर्शन मेंन केवल नईऊँचाइयों को छुआ है।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला	पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप आधार पर हरियाणा के चुनिंदा नागरिक अस्पतालों में सीटी और एमआरआई स्कैन सेवाओं के लिए रेडियोलॉजी इमेजिंग डायग्नोस्टिक्स केन्द्रों के विकास, प्रचालन और रखरखाव हेतु प्रस्ताव के लिए आग्रह हेतु निविदा आमंत्रण सूचना।	18.04.2025 01.05.2025	60 करोड़	www.hmscl.org.in	8929299829 [illegible]@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/34056/I/88/7 दि. 21.04.25

राशिफल

मेष परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

वृष कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

मिथुन लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

कर्क सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान–सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।


सिंह कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

कन्या आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

तुला व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

वृश्चिक पठन–पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

धनु जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान–सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

मकर व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।

कुंभ नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

मीन शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान–सम्मान मिलेगा। शासन–सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

सोरोग्रिट टैबलेट और दिव्य तेल सोरायसिस की अचूक औषधि : आचार्य बालकृष्ण

हरिद्वार। पतंजलि का एक महत्वपूर्ण शोध विश्व प्रसिद्ध टेलर एंड फ्रांसिस प्रकाशन के रिसर्च जर्नल ऑफ इन्फ्लेमेशन रिसर्च में प्रकाशित हुआ है। इस महत्वपूर्ण शोध के अनुसार पतंजलि ने सोरोग्रिट और दिव्य-तेल की सहायता से सोरायसिस जैसी बीमारी को दूर करने में सफलता पाई। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पतंजलि के वैज्ञानिकों ने विविध शोध कर सोरोग्रिट टैबलेट तथा दिव्य तेल का निर्माण किया है जो सोरायसिस की अचूक औषधि हैं। सोरायसिस एक दीर्घकालिक त्वचा रोग है, जिसमें त्वचा पर चांदी जैसी चमकदार पपड़ी, और लाल चकत्ते दिखाई देते हैं। इन चकत्तों में बहुत खुजली होती है। एलोपैथिक चिकित्सा में इस रोग में मात्र लक्षणों को कम किया जाता है, और साथ ही एलोपैथ के दुष्प्रभाव भी देखने को मिलते हैं। सोरायसिस एक गम्भीर ऑटो इम्यून रोग है जिसमें रोगी को असहनीय परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

बीएलएस इंटरनेशनल ने कनाडा में शुरू की उद्योग जगत की पहली एआई-पावर्ड वॉयसबॉट सर्विस

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर सरकारों व नागरिकों के लिए विश्वसनीय टेक-इनेबल्ड सर्विस पार्टनर और वीजा प्रोसेसिंग एवं कांसुलर सेवाओं में अव्वल बीएलएस इंटरनेशनल ने कनाडा में चौबीसों घंटे सहायता प्रदान करने के लिए एक एआई-पावर्ड वॉयसबॉट लॉन्च करने की घोषणा की है. बीएलएस इंटरनेशनल पूरे उद्योग जगत में इस तरह का समाधान पेश करने वाली पहली कंपनी बन गई है.यह वॉयसबॉट इंसानों जैसी बातचीत को सक्षम बनाएगा और ग्राहक के सवालों का जवाब देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. इससे लाइव एजेंटों के लिए प्रतीक्षा का समय कम होगा और पूरे संचालन को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा.यह एआई सिस्टम वीजा-संबंधी सामान्य सवालों के जवाब देने से लेकर यूजर्स को दस्तावेजों और कांसुलर सेवाओं में मार्गदर्शन करने तक, इंसानी एजेंटों पर निर्भरता को काफी हद तक कम करता है।

फीस मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट में दायर रिट याचिका वापस ली

गाजियाबाद,। सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल, वसुंधरा के कुछ अभिभावकों ने स्कूल के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अपनी एक रिट याचिका दाखिल की थी जिसे उनके वकीलों ने सोमवार को जज के समक्ष वापिस ले लिया। स्कूल 2018-19 शैक्षणिक सत्र के बाद प्रवेश लेने वाले कुछ छात्रों के अभिभावकों से लंबित शुल्क का भुगतान करने का अनुरोध कर रहा है। इस मामले में जिला शुल्क नियामक समिति (डीएफआरसी) पहले ही अभिभावकों की शिकायत को खारिज कर चुकी है और 11 अप्रैल को जारी फैसले में स्कूल द्वारा मांगी गई फीस उचित माना है। डीएफआरसी के इस फैसले का विरोध करते हुए अभिभावकों ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी।इस मामले की सुनवाई 21 अप्रैल, सोमवार को हुई, जिसमें स्कूल का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील अनुराग खन्ना एवं राघव देव गर्ग और यशवी अग्रवाल ने स्कूल के पक्ष में डीएफआरसी के फैसले के साथ मामला पेश किया।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	एचएसवीपी करनाल	सेक्टर-9 (पार्ट) और 32 यू.ई. करनाल (फेज-III) में जलापूर्ति योजना का प्रावधान (बकाया कार्य), तीन वर्ष के निःशुल्क रखरखाव और त्रुटि जिम्मेवारी अवधि समेत सभी प्रकार से पूर्ण यूजीसीडब्ल्यूटी पम्प चेम्बर और चारदिवारी के निर्माण सहित जलापूर्ति योजना का प्रावधान और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य + 1 कार्य।	बंद होने की तिथि 25.04.2025	4.38 करोड़	https://etenders.hry.nic.in	1842267454 [illegible]@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/60/34075/I/88/7 दि. 21.04.25

शब्द पहेली - 5844



बाएँ से दाए
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

ऊपर से नीचे
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

शब्द पहेली - 5843 का हल

अ	स	ह	नी	य			क	लि	का	
प	र		ला		सा	ग	र		बु	आ
ह			प	ह	रा		ण			खे
र	स	खा	न			म		क	प	ट
ण		लि		न	भ	च	र		रा	
	आ	स		सी		ल		ग	स्त	
	रा		प	ह	न	ना		रु		ड
शा	म	त		त			ता	र	ता	र
य			तै		जा	हि	र			ल
द	म		र	सी	ला		पी		ज	ग
	न	गी	ना			म	न	भ	र	ना



34 खिलाड़ियों को मिला बीसीसीआई का कॉन्ट्रैक्ट, अय्यर-किशन की वापसी, अश्विन बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सोमवार को 2024-25 सीजन के लिए टीम इंडिया के लिए वार्षिक खिलाड़ी अनुबंध की घोषणा की। बीसीसीआई की सालाना कॉन्ट्रैक्ट सूची में कुल 34 खिलाड़ी हैं। इन्हें 4 ग्रेड (ए+, ए, बी और सी ग्रेड) में रखा गया है।

बीसीसीआई ने चारों अनुबंध श्रेणियों के लिए अभी राशि का उल्लेख नहीं किया है, लेकिन पिछले साल को आधार माना जाए तो यह 7 करोड़ रुपए (ए+), 5 करोड़ रुपए (ए), 3 करोड़ रुपए (बी) और 1 करोड़ रुपए (सी) होने की संभावना है। पिछले सीजन बीसीसीआई की सालाना कॉन्ट्रैक्ट सूची में 30 खिलाड़ी ही शामिल थे। इस बार 8 खिलाड़ियों को जोड़ा गया है, जबकि पुराने 5 खिलाड़ियों को बाहर किया गया है।

बीसीसीआई कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट

ग्रेड	नंबर	खिलाड़ी
ए+	1	रोहित शर्मा
	2	विराट कोहली
	3	जसप्रीत बुमराह
	4	रविंद्र जडेजा
ए	5	मोहम्मद सिराज
	6	केएल राहुल
	7	शुभमन गिल
	8	हार्दिक पंड्या
	9	मोहम्मद शमी
	10	ऋषभ पंत
बी	11	सूर्यकुमार यादव
	12	कुलदीप यादव
	13	अक्षर पटेल
	14	यशस्वी जायसवाल
	15	श्रेयस अय्यर
सी	16	रिंकू सिंह
	17	तिलक वर्मा
	18	ऋतुराज गायकवाड़
	19	शिवम दुबे
	20	रवि बिश्नोई
	21	वाशिंगटन सुंदर
	22	मुकेश कुमार
	23	संजू सैमसन
	24	अर्शदीप सिंह
	25	प्रसिद्ध कृष्णा
	26	रजत पाटीदार
	27	ध्रुव जुरेल
	28	सरफराज खान
	29	नितीश कुमार रेड्डी
	30	इशान किशन
	31	अभिषेक शर्मा
	32	आकाश दीप
	33	वरुण चक्रवर्ती
	34	हर्षित राणा

सरफराज को मिला फायदा

सालाना कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में जोड़े गए नाम हैं- श्रेयस अय्यर, इशान किशन, वरुण चक्रवर्ती, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, अभिषेक शर्मा, आकाशदीप और हर्षित राणा हैं। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि रविचंद्रन अश्विन, शार्दुल ठाकुर, जितेश शर्मा, केएस भरत और आवेश खान को बाहर कर दिया गया है।

पंत ए ग्रेड में प्रमोट

पिछले साल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर किए गए श्रेयस अय्यर और इशान किशन की वापसी हुई है। इस सीजन श्रेयस अय्यर को बी ग्रेड, जबकि इशान किशन को सी ग्रेड में रखा गया है। ऋषभ पंत का भी प्रमोशन हुआ है। वह अब बी से ए ग्रेड में आ गए हैं।

खास खबर

खुद की क्षमता पर संदेह नहीं करता

मुंबई। स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा कि लंबे समय तक खराब दौर से गुजरने के बावजूद उन्होंने अपनी क्षमता पर कभी संदेह नहीं किया। इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लगाए गए अपने अर्धशतक को खुद के कौशल पर भरोसा दिखाने का परिणाम बताया। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए रोहित ने 45 गेंद पर नाबाद 76 रन बनाए। मुंबई इंडियंस ने उनकी इस शानदार पारी की मदद से यह मैच नौ विकेट से जीता। रोहित का आईपीएल के वर्तमान सत्र का यह पहला अर्धशतक है। इससे पहले वह पिछले मैचों में 0, 8, 13, 17, 18 और 26 रन ही बना पाए थे।

गिल के लिए दबाव में प्रदर्शन करने का मौका



नई दिल्ली। अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान का कहना है कि आईपीएल में प्रदर्शन का दबाव विश्व कप से अधिक है। गुजरात टाइटंस के कप्तान के रूप में शुभमन गिल के पास एक बेहतरीन कप्तान के रूप में अपनी साख साबित करने के लिए साहसिक निर्णय लेने का शानदार मौका है। गुजरात टाइटन्स में गिल की अगुआई में खेलने वाले राशिद ने अपने कप्तान की तारीफ में कहा, 'एक नेतृत्वकर्ता के रूप में शुभमन का भविष्य बहुत उज्जवल है। केवल एक बल्लेबाज के रूप में ही नहीं बल्कि जिस तरह से वह सोचता है और खेल को समझता है उसमें भी।'

भले ही हम क्वालिफाई न करें, अगले साल के लिए तैयार करेंगे 11 खिलाड़ी

मुंबई। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि उन्हें इस पर गौर करने की जरूरत है कि क्या वह सही तरह की क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्होंने अगले साल होने वाले आईपीएल के लिए 11 खिलाड़ी तैयार करने की योजना को ध्यान में रखते हुए अपने साथियों से थोड़ा आत्ममंथन करने का आग्रह किया। धोनी ने रविवार शाम यहां आईपीएल मैच में मुंबई इंडियंस के हाथों नौ विकेट से हार के बाद कहा, ''हमारे जितने भी मैच बचे हैं उनमें हमें जीत हासिल करनी होगी। हम एक समय में केवल एक मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अगर आगे हम कुछ मैच हारते हैं, तो हमारे लिए अगले साल के लिए सही संयोजन तैयार करना महत्वपूर्ण होगा। हम बहुत अधिक खिलाड़ियों को बदलने के पक्ष में नहीं हैं। हमारे लिए अभी प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करना महत्वपूर्ण है लेकिन अगर ऐसा नहीं होता तो हमारा ध्यान अगले साल के लिए 11 खिलाड़ी तैयार करना और फिर दमदार वापसी करने पर होगा।'

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
गुजरात	8	6	2	12
दिल्ली	7	5	2	10
बैंगलुरु	8	5	3	10
पंजाब	8	5	3	10
लखनऊ	8	5	3	10
मुंबई	8	4	4	8
कोलकाता	8	3	5	6
राजस्थान	8	2	6	4
हैदराबाद	7	2	5	4
चेन्नई	8	2	6	4

ऑरेंज कैप

निकोलस पूरन
368 रन
लखनऊ

पर्पल कैप

प्रसिद्ध कृष्णा
14 विकेट
गुजरात

खबर संक्षेप

भारतीय मुक्केबाजों का जीत का सिलसिला जारी

अम्मान। भारतीय मुक्केबाजों ने एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन जीत का सिलसिला जारी रखा। भारतीय स्कूल खेल महासंघ के स्वर्ण पदक विजेता टीकम सिंह (52 किग्रा) ने तीसरे दौर में रैफरी द्वारा मुकाबला रोकने के बाद यूएई के अली अल्मेस्मारी के खिलाफ जीत दर्ज की। उधम सिंह (54 किग्रा) ने ईरान के मोहम्मदपरसा मोटेवालियनस्तानहसारी को 5-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की जबकि राहुल गरिया (57 किग्रा) ने शुरुआती दौर में आरएससी के फैसले के साथ चीनी ताइपे के ली शू-जुन को हराया।

मुंबई ने किया रोहित को प्रोत्साहित : जयवर्धने

मुंबई। रोहित शर्मा की आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करने के कारण अपना विकेट गंवाने के लिए आलोचना होती रही है। रोहित ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 76 रन की मैच विजेता पारी खेलकर फॉर्म में वापसी की। जयवर्धने ने कहा, 'जब वह इस तरह से आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हैं तो हम सभी जानते हैं कि वह पल भर में मैच का पासा पलट सकते हैं। इससे लय बन जाती है जिसका असर बाद के बल्लेबाजों पर भी पड़ता है।

रोहित ने पुराने दोस्त नायर को दिया धन्यवाद

मुंबई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने सोमवार को अपने पुराने दोस्त अभिषेक नायर को धन्यवाद दिया जिन्हें कुछ दिन पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच पद से हटा दिया गया था। रोहित ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस के लिए नाबाद 76 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपना अर्धशतक पूरा करने का जश्न मनाते हुए अपनी एक तस्वीर साझा की और 'कैप्शन' में नायर को टैग किया। सैंतीस वर्षीय रोहित ने सोमवार को लिखा, 'धन्यवाद भाई अभिषेक नायर।' रोहित और नायर का बहुत पुराना रिश्ता है। दोनों घरेलू सर्किट में मुंबई के लिए साथ साथ खेले हैं।

आईपीएल: प्रसिद्ध और राशिद को 2-2 विकेट

गिल-सुदर्शन के अर्धशतक से टाइटंस ने नाइट राइडर्स को 39 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन के अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स को एकतरफा मुकाबले में 39 रन से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। इस जीत से टाइटंस के आठ मैच में 12 अंक हो गए हैं और उसने अंक तालिका के शीर्ष पर दो अंक की बढ़त बना ली है। नाइट राइडर्स की टीम छह अंक के साथ सातवें स्थान पर है। नाइट राइडर्स की टीम टाइटंस के 199 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान अजिंक्य रहाणे (50) के अर्धशतक के बावजूद आठ विकेट पर 159 रन ही बना सकी। अंगकृष रघुवंशी 13 गेंद में नाबाद 27 रन बनाकर रहाणे के बाद दूसरे सर्वोच्च स्कोरर रहे। राशिद खान (25 रन पर दो विकेट) और प्रसिद्ध कृष्णा (25 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने नाइट राइडर्स की टीम कभी लक्ष्य के करीब पहुंचने की स्थिति में भी नहीं दिखी। साई किशोर (19 रन पर एक विकेट), मोहम्मद सिराज (32 रन पर एक विकेट), वाशिंगटन सुंदर (36 रन पर एक विकेट) और इशांत शर्मा (18 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट चटकाया। गिल ने 55 गेंद में 10 चौकों और तीन छक्कों से 90 रन की पारी खेलने के अलावा सुदर्शन (52) के साथ पहले विकेट के लिए 114 और जोस बटलर (नाबाद 41) के साथ दूसरे विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी की जिससे टाइटंस ने तीन विकेट पर 198 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। सुदर्शन ने 36 गेंद की अपनी पारी में छह चौके और एक छक्का मारा जबकि बटलर ने 23 गेंद का सामना करते हुए आठ चौके मारे। लक्ष्य का पीछा करने उतरे नाइट राइडर्स ने पारी की पांचवीं गेंद पर ही रहमानुल्लाह गुरबाज (01) का विकेट गंवा दिया जिन्हें मोहम्मद सिराज ने पगबाधा किया। सलामी बल्लेबाज सुनील नारायाण (17) और कप्तान रहाणे ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। रहाणे ने सिराज और इशांत शर्मा पर चौका जड़ने के बाद प्रसिद्ध कृष्णा पर भी दो चौके मारे। नारायण ने सिराज की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा लेकिन राशिद खान की गेंद पर राहुल तेवतिया को कैच दे बैठे। नाइट राइडर्स ने पावर प्ले में दो विकेट पर 45 रन बनाए। राशिद की अगुआई में गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में रन गति पर अंकुश लगाया जिससे नाइट राइडर्स की टीम 10 ओवर में दो विकेट पर 68 रन ही बना सकी। रहाणे ने वाशिंगटन सुंदर पर चौका और छक्का जड़कर रन गति बढ़ाने की कोशिश की लेकिन साई किशोर ने वेंकटेश अय्यर (14) को पवेलियन भेज दिया।

दिल्ली और लखनऊ के बीच मुकाबला आज

लखनऊ। दिल्ली कैपिटल्स जब मंगलवार को यहां आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स का सामना करेगा तो उसकी उम्मीद रहेगी कि उसके सलामी बल्लेबाज फॉर्म में लौटकर टीम को अच्छी शुरुआत देंगे। दिल्ली के सलामी बल्लेबाज वर्तमान सत्र में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसने सलामी जोड़ी के रूप में अभी तक चार बल्लेबाजों के साथ तीन संयोजन आजमाए हैं लेकिन इसके बावजूद उसकी टीम पिछले पांच मैचों में पहले विकेट के लिए 23, 34, 00, 09 और 00 रन की साझेदारी ही निभा पाई है। दिल्ली ने अब तक फाफ डु प्लेसी, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल और करुण नायर को सलामी बल्लेबाज के रूप में आजमाया है लेकिन उसे अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं। इसका संबंध डु प्लेसी की चोट से भी है और इस मैच से पहले दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी की फिटनेस पर कड़ी नजर रहेगी।

संशय में दृष्टिकोण

मोसेस भारत की राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी में दिलचस्पी से हैरान

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

अमेरिकी एथलेटिक्स के दिग्गज एडविन मोसेस ने भारत की 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी में दिलचस्पी पर हैरानी व्यक्त करते हुए कहा कि यह तय करने की जरूरत है कि केवल आयोजन के लिए ऐसा किया जा रहा है या फिर इसका उद्देश्य खेलों का विकास करना है।

लगातार 107 फाइनल जीतने और 1977 से 1987 के बीच चार बार 400 मीटर बाधा दौड़ में विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले मोसेस ने कहा कि भारत को कोचिंग और बुनियादी ढांचे पर खर्च करने की जरूरत है। भारत ने 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए अपनी दिलचस्पी की अभिव्यक्ति जमा कर दी है। यही नहीं भारत अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को आशय पत्र सौंपने के बाद 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए बोली लगाने की दौड़ में भी शामिल है। भारत पुरुष फुटबॉल में 2031 एएफसी एशियाई कप की मेजबानी के लिए बोली लगाने वाले सात देशों में भी शामिल है। एक ऐसा खेल जो देश में प्रदर्शन और प्रशासन दोनों के मामले में खराब स्थिति में है।

इतने बड़े देश में सफल नहीं खिलाड़ी

मोसेस को यह समझ में नहीं आ रहा था कि एक अरब से अधिक जनसंख्या वाले देश भारत में अच्छे खिलाड़ी क्यों तैयार नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''यह उन लोगों पर निर्भर करता है जो खिलाड़ी रहे हैं और जो चीजों को करने में सक्षम हैं। यह भारत के लोगों को तय करना है। मैं नहीं जानता कि ऐसा क्या गलत हुआ जो एक अरब की जनसंख्या वाला देश खेलों के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है।'

आयोजन या खेलों का विकास

लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अकादमी के सदस्य मोसेस से जब पूछा गया कि क्या राष्ट्रमंडल खेलों जैसे बड़े आयोजनों की मेजबानी से बेहतर खिलाड़ी ढूंढने में मदद मिल सकती है, उन्होंने कहा, 'यह इस बात पर निर्भर करता है कि राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन के लिए क्या दृष्टिकोण है। क्या यह सिर्फ भारत में एक आयोजन करना है, या वास्तव में खेलों का विकास करना है? यह बड़ा सवाल होगा। आप राष्ट्रमंडल खेल या किसी अन्य बड़ी प्रतियोगिता का आयोजन कर सकते हैं। इसे बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जा सकता है और इसमें सरकार भी शामिल हो सकती है। ऐसे लोग जिनका खेलों से कोई लेना देना नहीं होता है लेकिन वह सबसे आगे की पंक्ति में बैठते हैं। आप इससे बचना चाहते हैं लेकिन आमतौर पर ऐसा ही होता है।'

भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया रवाना

बेंगलुरु। सलीमा टेटे की अगुवाई में भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से पर्थ में शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला में भाग लेने के लिए रविवार देर रात ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो गई। भारतीय टीम का यह दौरा जून में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण की तैयारी को देखते हुए महत्वपूर्ण है। श्रृंखला 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो मैचों के साथ शुरू होगी। इसके बाद 26 सदस्यीय भारतीय टीम एक, तीन और चार मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में दुनिया की पांचवें नंबर की ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैच खेलेगी। भारत प्रो लीग के यूरोपीय चरण में सात जून को नीदरलैंड के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा।

अब बेंगलुरु में होगी नीरज भाला फेंक प्रतियोगिता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता का पहला चरण पर्याप्त रोशनी की कमी के कारण 24 मई को पंचकुला के बजाय बेंगलुरु के कांतिरावा स्टेडियम में कराया जाएगा। इसमें कई स्टार एथलीट हिस्सा लेंगे क्योंकि एंडरसन पीटर्स और थॉमस रोहलर ने भागीदारी की पुष्टि कर दी है। ग्रेनेडा के पीटर्स दो बार के विश्व चैंपियन हैं और रोहलर 2016 ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता हैं। चोपड़ा ने कहा, 'मैंने पाकिस्तानी ओलंपिक चैंपियन अरशद को निमंत्रण भेजा है और उन्होंने कहा है कि वह अपने कोच से चर्चा करने के बाद मुझसे संपर्क करेंगे। अभी तक उन्होंने भागीदारी की पुष्टि नहीं की है।' विश्व एथलेटिक्स द्वारा इस प्रतियोगिता को श्रेणी ए का दर्जा दिया गया है जिसने भी अपने कैलेंडर में इस टूर्नामेंट के स्थल का नाम बदल दिया है। चोपड़ा ने कहा, 'मैं चाहता था कि यह प्रतियोगिता पंचकुला में आयोजित हो, लेकिन वहां स्टेडियम में रोशनी की व्यवस्था से संबंधित कुछ मुद्दे हैं। विश्व एथलेटिक्स अंतरराष्ट्रीय प्रसारण के लिए 600 'लक्स' (प्रकाश की तीव्रता का माप) की रोशनी चाहती थी लेकिन पंचकुला में इतनी रोशनी उपलब्ध नहीं थी और इसे तैयार करने में समय लगेगा। इसलिए इस साल हमने प्रतियोगिता को बेंगलुरु के कांतीरवा स्टेडियम में स्थानांतरित करने का फैसला किया है। मैंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री से बात की है। टूर्नामेंट के सफल आयोजन के हर पहलू का ध्यान रखने केलिए हमारे पास जेएसडब्ल्यू की टीम है।'



हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	लोनिवि भ व प गुरूग्राम	अग्रलिखित के लैंडस्केपिंग कार्य का वार्षिक रखरखाव, 1. सिरसा में लघु सचिवालय में इसके उपयुक्त संग्रहण के लिए ईवीएम / वीवीपैट्स वेयरहाउस (4000 यूनिट) के लिए, 2. सिरसा जिले में रानियां में ग्रामीण न्यायालय, और 3. वर्ष 2025-26 हेतु सिरसा जिले में ऐलनाबाद में एसडीओ सिविल कॉम्पलैक्स (12 माह के लिए एल/एस कार्य का रखरखाव, लेबर कार्य केवल)।	18.04.2025 24.04.2025	8 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9717214202 zilesinghhort@gmail.com
2	लोनिवि भ व प गुरूग्राम	हरियाणा रोडवेज दिल्ली में मौजूदा रूफ शीट्स को बदलना और शैड का प्रावधान।	बंद होने की तिथि 25.04.2025	15.40 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in
3	लोनिवि भ व प गुरूग्राम	गुरूग्राम जिले में जीवीडी सिलानी के नये भवन का निर्माण।	बंद होने की तिथि 26.04.2025	23.40 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in
4	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, सोनीपत	गांव भटगांव में भटगांव डोंगरान ड्रेन के 1500 फुट की लम्बाई में सेक्शन के माध्यम से आर.सी.सी. बनाने के लिए आकलन + 2 कार्य।	बंद होने की तिथि 24.04.2025	117.42 लाख	https://etenders.hry.nic.in	8571804626 xenwsdivnspt@rediffmail.com
5	पंचायती राज रोहतक	एचजीवीवाई - लाढौत (25284) में सैनी धर्मशाला में हॉल का निर्माण + 7 कार्य।	18.04.2025 24.04.2025	28.41 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in
6	पंचायती राज रोहतक	गांव भगवतीपुर ब्लॉक रोहतक में बीसी चौपाल (विश्वकर्मा भवन) का निर्माण (एमपीएलएडीएस आरएस)।	18.04.2025 24.04.2025	9.24 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9215555586 SDOPRROHTAK134@GMAIL.COM
7	पंचायती राज कैथल	गांव बाबा लदाना में ब्राह्मण चौपाल में आयरन / टिन शैड का निर्माण + 8 कार्य।	18.04.2025 25.04.2025	21.82 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9050228730 kaithalsdopr@gmail.com
8	पंचायती राज कुरूक्षेत्र	बेहोली : गांव बेहोली, ब्लॉक पिपली में पीएचसी का निर्माण।	18.04.2025 02.05.2025	341.24 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in
9	पंचायती राज करनाल	खुखनी : ब्लॉक इन्द्री जिला करनाल में भगवान परशुराम भवन का निर्माण।	18.04.2025 28.04.2025	79.83 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in
10	पंचायती राज कैथल	गांव नयना में रविदासीया चौपाल में शौचालय और स्नान गृह का निर्माण।	17.04.2025 24.04.2025	1.68 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9466159501 xenpwsdiv@yahoo.in
11	वन विभाग सिरसा	सार्वजनिक सूचना : नये पौधारोपण, रखरखाव और नर्सरी कार्य + 13 अन्य कार्य।	बंद होने की तिथि 28.04.2025	797.48 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416029545 forest_sirsa@yahoo.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/220/34081/I/88/7 दि. 21.04.25

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

ग्लोबल डिफेंस सप्लाई चेन को मजबूत कर रहा भारत

रक्षा उपकरण निर्यात को बढ़ावा, समझौते के तहत ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम की दूसरी खेप भेजी गई फिलीपींस, 290 किमी की है रेंज

ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की सप्लाई के लिए फिलीपींस के साथ सौदे की घोषणा जनवरी 2022 में की गई थी। फिलीपींस को मिसाइल सिस्टम के लिए तीन बैटरियां मिलेंगी, जिसकी रेंज 290 किलोमीटर है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल सिस्टम की बैटरियों का दूसरा बैच फिलीपींस भेजा गया है। पहली बैटरी अप्रैल 2024 में भारतीय वायुसेना के विमान में भेजी गई थी, जिसमें सिविल एयरक्राफ्ट एजेंसियों से सहायता मिली थी। ये खेप दोनों देशों के बीच हुए रक्षा समझौते के तहत भेजी गई है। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की सप्लाई के लिए फिलीपींस के साथ सौदे की घोषणा जनवरी 2022 में की गई थी।

मिसाइल की सप्लाई के लिए सौदा जनवरी 2022 में किया

मिसाइल सिस्टम की बैटरियों का पहला बैच अप्रैल 2024 में भेजा

बिना रुके 6 घंटे में पहुंचाए हेवी लोड मिसाइल उपकरण

रिपोर्ट्स के अनुसार, उपकरणों के फिलीपींस के पश्चिमी हिस्से में पहुंचने तक हेवी लोड के साथ लंबी दूरी की यह उड़ान, बिना रुके करीब 6 घंटे की थी। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की सप्लाई के लिए फिलीपींस के साथ सौदे की घोषणा जनवरी 2022 में की गई थी। फिलीपींस को मिसाइल सिस्टम के लिए तीन बैटरियां मिलेंगी, जिसकी रेंज 290 किलोमीटर है और इसकी गति 2.8 मैक (लगभग 3,400 किलोमीटर, ध्वनि की गति से तीन गुना) है। ब्रह्मोस मिसाइल को सबमरीन, जहाज, विमान या जमीन से लॉन्च किया जा सकता है।

रक्षा उत्पादन 1.27 लाख करोड़ से अधिक

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अनुसार भारत में रक्षा उत्पादन वर्ष 2014 में 40,000 करोड़ रुपए से बढ़कर वर्तमान में 1.27 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। इस वर्ष रक्षा उत्पादन के 1.60 लाख करोड़ रुपए को पार करने की उम्मीद है। भारत का लक्ष्य वर्ष 2029 तक 3 लाख करोड़ रुपए के रक्षा उपकरण बनाना है।

मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत हो रहा उत्पादन

रक्षा मंत्री ने कहा है कि देश आयात पर अपनी निर्भरता कम करेगा और एक डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स बनाएगा जो न केवल भारत की जरूरतों को पूरा करेगा बल्कि रक्षा निर्यात की क्षमता को भी मजबूत करेगा। 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम न केवल देश के रक्षा उत्पादन को मजबूत कर रहा है बल्कि ग्लोबल डिफेंस सप्लाई चेन को मजबूत और लचीला बनाने में भी मदद कर रहा है।

भारत विकसित देशों में शामिल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अनुसार भारत की रक्षा विनिर्माण क्षमताएं राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक स्वायत्तता के उद्देश्य से जुड़ी हैं, साथ ही यह क्षमताएं 'विनिर्माण' को ग्लोबल सप्लाई शॉक से भी बचा रही हैं। भारत आज मिसाइल टेक्नोलॉजी (अग्नि, ब्रह्मोस), सबमरीन (आईएनएस अरिहंत) और विमान वाहक जहाज (आईएनएस विक्रांत) जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विकसित देशों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

13 साल बाद भारत दौरे पर आए अमेरिका के उपराष्ट्रपति

वेंस ने परिवार संग दिल्ली का अक्षरधाम मंदिर देखा, विश्व शांति व एकता के संदेश को सराहा

वेंस का केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वागत किया

एयरपोर्ट पर ही उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' भी दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सोमवार को पत्नी उषा, अपने तीन बच्चों इवान, विवेक और मीराबेल के साथ सोमवार को भारत पहुंचे। उपराष्ट्रपति बनने के बाद यह जेडी वेंस का पहला आधिकारिक भारत दौरा है। वे 4 दिन भारत में रहेंगे। 13 साल में यह किसी अमेरिकी उपराष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा होगी। इससे पहले पिछली बार जो बाइडेन उपराष्ट्रपति के रूप में साल 2013 में भारत आए थे। वेंस का प्लेन सुबह 9:45 बजे दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उतरा। यहां केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन्हें रिसीव किया। एयरपोर्ट पर ही उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वेंस, उनकी पत्नी और बच्चों के सामने कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य पेश किया।

मंदिर की कलात्मक रचना से हुए प्रभावित

स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर प्रबंधन ने सभी को मालाएं पहनाईं। मंदिर भ्रमण के दौरान वेंस ने भारतीय कला, पारंपरिक हिंदू वास्तुकला और सांस्कृतिक विरासत को करीब से देखा। मंदिर के जटिल नक्काशीदार स्तंभों, भव्य गुंबदों और कलात्मक छतों ने उन्हें गहरे प्रभावित किया। उन्होंने मंदिर में समाहित विश्व शांति और एकता के संदेश को भी सराहा। अतिथि पुस्तिका में वेंस ने लिखा कि इस खूबसूरत जगह पर मेरे परिवार का स्वागत करने के लिए आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। भारत के लिए यह गर्व की बात है कि आपने इतनी सटीकता और देखभाल के साथ यह सुंदर मंदिर बनाया। हमारे बच्चों को यह विशेष रूप से बहुत पसंद आया। भगवान भला करे। वे मंदिर में करीब 1 घंटे रुके। इसके बाद जेडी वेंस अपने परिवार के साथ दिल्ली के जनपथ स्थित सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज एम्पोरियम देखने के लिए गए। यहां पर भारतीय हस्तशिल्प के उत्पाद मिलते हैं।

दौरे से दो देशों के बीच सम्मान बढ़ा

वेंस की यह यात्रा भारत और अमेरिका के बीच सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंधों को और मजबूत करने का प्रतीक बनी। मंदिर के अधिकारियों ने उनके दौरे को दोनों देशों के बीच आपसी सम्मान और साझा मूल्यों का उदाहरण बताया। बीएपीएस संस्था ने उपराष्ट्रपति और उनके परिवार के आतिथ्य को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यह दौरा न केवल मंदिर की वैश्विक पहचान को रेखांकित करता है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक समृद्धि और आतिथ्य को भी विश्व मंच पर प्रदर्शित करता है।

2167 सुरक्षा कर्मी तैनात मिलने और आसपास रहने वालों का कोरोना टेस्ट

जयपुर। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड (जेडी) वेंस सोमवार की रात जयपुर पहुंचे। वेंस 24 अप्रैल तक जयपुर में रहेंगे। 24 अप्रैल को सुबह करीब 6:30 बजे वे वॉशिंगटन के लिए रवाना होंगे। जयपुर में वेंस की सुरक्षा में 7 आईपीएस अधिकारी, 20 एडिशनल डीसीपी, 40 एसीपी, 300 एएसआई, एसआई और सीआई हैं। 2100 कॉन्स्टेबल को फील्ड में तैनात किया गया है। जयपुर के तीन हॉस्पिटल (सरकारी-प्राइवेट) को हर ब्लड ग्रुप की 5 यूनिट रिजर्व रखने के निर्देश दिए गए हैं। उपराष्ट्रपति से मिलने वाले या आसपास रहने वाले हर शख्स का कोरोना टेस्ट कराया जाएगा। सुरक्षा एजेंसियों की ओर से चिह्नित हॉस्पिटल में हर प्रकार की बीमारी के स्पेशलिस्ट (कार्डियक, ऑर्थो, एलर्जी, इनफेक्शन, चर्म रोग) डॉक्टर तैनात हैं। इसके अलावा दौरे के दौरान अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एंबुलेंस और डॉक्टरों की टीम साथ रहेगी। वेंस की टीम जहां भी रुकेगी, वहां फूड टेस्टिंग टीम रहेगी। खाने-पीने वाली हर चीज की पहले जांच होगी, फिर सर्व किया जाएगा। वीवीआईपी दौरे को देखते हुए संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन भी कराया गया है।

पोप फ्रांसिस से मिले थे वेंस, बोले- उन्हें देखकर खुशी हुई थी

कैथोलिक चर्च के शीर्ष धार्मिक नेता पोप फ्रांसिस का सोमवार को 88 साल की उम्र में निधन हो गया। भारत दौरे से एक दिन पहले उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईस्टर रविवार को पोप फ्रांसिस से इटली के वेटीकन सिटी में मुलाकात की थी। उपराष्ट्रपित जेडी वेंस ने पोप के निधन पर सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा कि मुझे अभी पोप फ्रांसिस के निधन के बारे में पता चला। मेरी संवेदनाएं दुनिया भर के उन लाखों ईसाइयों के साथ हैं जो उनसे प्यार करते थे। उन्होने आगे लिखा कि कल उन्हें देखकर मुझे खुशी हुई, हालांकि वे जाहिर तौर पर बहुत बीमार थे। लेकिन मैं उन्हें हमेशा कोविड के शुरुआती दिनों में दिए गए उनके प्रवचन के लिए याद रखूंगा। यह वाकई बहुत खूबसूरत था। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे।

केंद्रीय वित्त मंत्री अमेरिका में बोलीं

.... अब विश्व भारत की क्षमता और आर्थिक ताकत को स्वीकार कर रहा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि भारत पीएम नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और एक सतत सरकार द्वारा प्रदान की गई स्थिरता से प्रेरित होकर सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। मौजूदा परिस्थितियों में विश्व भारत की क्षमता को पहचाना जा रहा है और इसकी आर्थिक ताकत को स्वीकारा जा रहा है। अमेरिका में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि जब हम कहते हैं कि भारत एक तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है तो इस तथ्य को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक भी स्वीकार करते हैं। वे मानते हैं कि अपनी विकास क्षमता के कारण भारत विश्व व्यापार को बढ़ाने वाले एक इंजन है। के रूप में काम कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस क्षमता के विकास के साथ हम वैश्विक स्तर पर विभिन्न अनिश्चितताओं के कारण देखे जा रहे ट्रेंड को बदल सकते हैं।

'विकसित भारत' के लक्ष्य पर ध्यान

वित्त मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार का प्राथमिक ध्यान 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करना है। इसमें महिलाओं, गरीबों, युवाओं और किसानों को प्रभावित करने वाले क्षेत्रों में सुधार शामिल हैं। भारत 'सूर्योदय क्षेत्रों' को प्राथमिकता देता है और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना में अग्रणी के रूप में खड़ा है, जो नवाचार और विकास को बढ़ावा देता है। भारतीय प्रवासी दुनिया में योगदान देने और एक उदाहरण के रूप में खड़े होने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं।

HONDA
The Power of Dreams
How we move you.
CREATE ▸ TRANSCEND, AUGMENT

Terms and conditions apply. *The Instant Cashback offer of ₹5100 is available on purchase of Shine100. #The offer may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. ‡The scheme is offered by Authorized Main Dealers and Associate Dealers and can be availed on purchase of Shine100 from Authorized Main Dealers and Associate Dealers. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. Nil Extra charges (0/- processing fee, 0/- Documentation Charge & 0/- Advance EMI) are applicable on Shine 100 model only. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. Additional Cashback offer is available on selected Honda2wheelers models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. Customers can avail 5% cashback, up to a maximum of ₹5000/-. Valid on one transaction per card/order during the offer period. The scheme is available at selected outlets only. The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: SOUTH DELHI: Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-40446391, 011-40446392, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401, 9311227402; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; (Chattarpur) - 9821814222, 9821813222; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; (West Patel Nagar) - 9667530598; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; (Ranhola) - 9212385592; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667530598; (Amanpuri) - 9289739970; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; **CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999786767; (Naraina) - 9310059001; (Tri Nagar) - 9355719494; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (Ill Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810268204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; ; (Libaspur) - 8130093656; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9599396896; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **SEC - 82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621, 9220309622; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **NUH:** Sri Madhav Honda - 9050276139; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Shanti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 09568519999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751, 8433276224; KLA Honda (Khurja) - 7078677972, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721, 8273083331; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in